हनुमानगढ़ जंक्शन
शनिवार 22 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा सम्वत् 2081
वर्ष 54 |अंक 168| ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,209.90 | -269.03 |
| निफ्टी | 23,501.10 | -65.90 |
| डॉलर | 83.58 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 29° अधिकतम 38°

# राजस्थान में कर्मचारी के रिटायर होते ही निकाली जाएगी भर्ती

» **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया एलान, कहा-लेक्चरर के रिटायरमेंट की उम्र 65 साल करने पर चल रहा विचार**



**जयपुर.** राजस्थान में अब हर महीने वैकेंसी निकाली जाएगी। यह ऐलान सीएम भजनलाल शर्मा ने किया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही कोई कर्मचारी रिटायर होगा, उसके पद पर वैकेंसी निकाली जाएगी ताकि बैकलॉग जैसी समस्याओं से युवाओं को परेशान न होना पड़े। उन्होंने यह भी कहा-सरकार कॉलेज लेक्चरर के रिटायरमेंट की उम्र 65 साल करने पर मंथन कर रही है। सीएम आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रांतीय अधिवेशन में पहुंचे थे। अधिवेशन में उन्होंने कहा-सरकार के गठन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसलिए मैं युवाओं से कहना चाहता हूं, आप किसी भी तरह की चिंता न करें। हमारी सरकार में कोई भी पद खाली नहीं रहेगा। हम हर महीने वैकेंसी निकालेंगे। सीएम ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा-राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने बिना शिक्षकों के ही बड़ी संख्या में कॉलेज खोल दिए थे। उनमें न कोई स्थाई शिक्षक है और न ही प्राचार्य हैं। इसलिए हमारी सरकार ने इन सभी कॉलेज के रिव्यू के लिए हाई पावर कमेटी का गठन किया है, जो इन कॉलेज का निरीक्षण करेगी। वहां की कमियों को कैसे दूर किया जा सकता है, इस पर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार कॉलेज में शिक्षकों के रिटायरमेंट की आयु सीमा को बढ़ाकर 65 वर्ष करने पर भी मंथन कर रही है। इसके साथ ही प्रत्येक विभाग में हर साल कर्मचारियों का प्रमोशन हो, उन्हें मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। इसको लेकर हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। सीएम ने कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा-कांग्रेस ने जहां टीचर नहीं थे, वहां स्कूल खोल दिए। जहां प्रोफेसर नहीं थे, वहां कॉलेज खोल दिए। प्रदेश के कॉलेजों में आज स्टूडेंट्स की संख्या 11, 15 और 20 है। जो कांग्रेस सरकार के कारनामों की पोल खोलती है।

### 'जल जीवन मिशन में कांग्रेस ने किए कारनामे'

सीएम ने कहाकि जल जीवन मिशन में भी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने काले कारनामे कर दिए, जिसका नुकसान अब जनता उठा रही है। उन्होंने कहा कि पानी की योजना के लिए सबसे पहले सोर्स जरूरी है, लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार ने बिना पानी के सोर्स के ही टंकियां बना दीं। सड़कों को खोदकर पाइपलाइन बिछा दी। उन्होंने सिर्फ... शेष पेज 9 पर

## जहरीली शराब से 47 की मौत, 30 की हालत गंभीर

**तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में हादसा**

**नई दिल्ली.** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 47 हो गया है। इनमें से 24 तो एक ही गांव करुणापुरम के थे। 20 जून को सभी मृतकों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। चिकित्सा शिक्षा निदेशक जे. संगुमनी के मुताबिक अभी भी 30 की हालत गंभीर बताई गई है। उधर, शराब कांड के तीन आरोपियों को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन्हें कड्डलोर जेल में रखा गया है। तीनों आरोपी 5 जुलाई तक हिरासत में रहेंगे। जहरीली शराब के कारण अपने बेटे को खोने वाली एक महिला ने रोते हुए बताया कि बेटे को पेट में बहुत दर्द था। वो ठीक से अपनी आंखें भी नहीं खोल पा रहा था। जब हम उसे अस्पताल... शेष पेज 9 पर

# कश्मीर में पीएम मोदी ने किया योग

**डल झील के किनारे होना था आयोजन, बारिश के कारण हॉल में करना पड़ा**



**नई दिल्ली.** योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में योग किया। पहले यह कार्यक्रम डल झील के किनारे 6.30 बजे होना था, लेकिन बारिश की वजह से इसे हॉल में शिफ्ट कर दिया गया। यह सुबह करीब 8 बजे शुरू हो पाया। हॉल में करीब 50 लोग और हॉल के बाहर करीब 7 हजार लोगों ने पीएम मोदी के साथ-साथ योग के मुश्किल आसन किए। इसके अलावा आईएनएस विक्रमादित्य पर नौसैनिकों ने सुबह करीब 7 बजे योग किया। लद्दाख में चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब पैंगॉन्ग झील के किनारे आईटीबीपी के जवानों ने अलग-अलग आसन कर 10वां योग दिवस मनाया। 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है। पीएम मोदी दो दिन के दौरे पर जम्मू-कश्मीर में हैं। 2013 के बाद से यह उनकी जम्मू-कश्मीर की 25वीं यात्रा है। वहीं 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 7वीं यात्रा है। चुनाव आयोग सितंबर में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव करवाने की तैयारियां कर रहा है। ऐसे में पीएम मोदी का यहां जाना और योग दिवस जैसे इंटरनेशनल इवेंट में शामिल होना पॉजिटिव मैसेज माना जा रहा है।

# राजस्थान में 25 लाख लोगों ने किया योगाभ्यास





### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य भर में आयोजन

**जयपुर.** आयुष विभाग द्वारा दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 'योग स्वयं एवं समाज के लिए' थीम पर पूरे प्रदेश में उत्साह एवं संकल्प के साथ शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार 25 लाख प्रतिभागीयों द्वारा पूरे राज्य में योगाभ्यास किया। योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री एवम आयुष मंत्री प्रेमचन्द बैरवा के गरिमामय सानिध्य में सपंन्न हुआ। आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 06.30 बजे योग प्रोटोकॉल के अनुसार श्री बालकृष्ण बैराठी एवं मेघ सिंह चौहान के निर्देशन में एक साथ 9220 प्रतिभागीयों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। राज्यपाल द्वारा संकल्प पत्र का वाचन किया गया। शांति पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के कई मंत्रीगण, सासंद, विधायक, जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित अनेक प्रशासनिक, पुलिस एवम वन सेवा के ... शेष पेज 9 पर

# हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना सरकार की मंशा: गणेशराज

**कैनाल कॉलोनी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर मंजूर, भादरा व पीलीबंगा सहित टिब्बी में भी मिलेगी सुविधा**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिले में चार शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मंजूरी मिली है। इनमें जिला मुख्यालय स्थित कैनाल कॉलोनी, भादरा और पीलीबंगा और टिब्बी शामिल है। हनुमानगढ़ विधायक गणेशराज बंसल ने कहाकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इसलिए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू किया जा रहा है। विधायक ने बताया कि कैनाल कॉलोनी में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल रखने के लिए यह सुविधा जरूरी थी क्योंकि इस साल कैनाल कॉलोनी स्थित डिस्पेंशरी अब दूरदर्शन रेले केंद्र के पीछे स्थित नवनिर्मित अस्पताल में शिफ्ट हो जाएगी। इसके बाद कैनाल कॉलोनी स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर शहरी आयुष्माण आरोग्य मंदिर का संचालन होगा। इससे कैनाल कॉलोनी, गांधीनगर, सेक्टर 6, सुरेशिया व भट्टा कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।

# राजस्थान में किसान सम्मान निधि के दुरुपयोग की आशंका

» **सरकार ने लिया बड़ा फैसला, हर जिले में होगी पात्रता की जांच**

**सीकर।** किसानों के सम्मान के रूप में दी जाने वाली निधि में फर्जीवाड़े की आशंका को लेकर केन्द्र सरकार सजग हो गई है। सम्मान निधि के पात्र किसानों का सरकार की ओर से हर जिले में भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरीफिकेशन) करवाया जाएगा। वेरीफिकेशन के लिए स्टेट नोडल अधिकारी ने सभी राज्यों के कलक्टर को केंद्र सरकार से आई सूची भेजी है।

इसको रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से संबंधित जिले में पात्र व अपात्र किसानों की सूची तहसील स्तर पर भेजा जाएगा। फिजिकल वेरीफिकेशन तहसील कर्मचारियों को तीन दिन में करना होगा। वेरीफिकेशन के बाद सूची को अपडेट करके स्टेट नोडल अधिकारी के जरिए किसान कल्याण बोर्ड के पास भेजा जाएगा। वेरीफिकेशन के बाद ही पात्र किसानों को सम्मान निधि की आगामी किस्त जारी की जाएगी। प्रदेश में छह लाख 41 हजार से ज्यादा और सीकर जिले में करीब 21 हजार किसानों की पात्रता के फिजिकल वेरीफिकेशन होना है।

### परेशानी: गलत राशि उठाई तो होगी वसूली

सीकर में किसान सम्मान निधि की जांच के दौरान कई लोग ऐसे मिल चुके हैं जो आर्थिक रूप से सम्पन्न हैं और आयकर देते हैं। इसके अलावा कई सरकारी कर्मचारी पात्रता सूची से खुद का नाम हटावा चुके हैं। विभाग का मानना है कि योजना से जुड़े कई लोग अभी भी ऐसे हैं जिनकी बैंक में आधार कार्ड से सीडिंग हो चुकी है लेकिन खुद के नाम भूमि नहीं होने से लैंड सीडिंग नहीं करवा रहे हैं। नए निर्देशों के ... शेष पेज 9 पर

# डॉ. ओशन सेतिया ने हासिल की एमसीएच की डिग्री, अमेरिका में मिली नौकरी

**बॉम्बे हॉस्पीटल के संचालक डॉ. रेणु-अमर सेतिया की बिटिया हैं डॉ. ओशन**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिला मुख्यालय स्थित बॉम्बे हॉस्पीटल परिसर में गर्व मिश्रित खुशियां बिखरी हुई नजर आ रहीं। वरिष्ठ शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमर सेतिया और वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेणु सेतिया की बेटी ओशन सेतिया ने नामचीन याले यूनिवर्सिटी यूएसए से एमसीएच की डिग्री हासिल की है। दरअसल, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने के बाद ओशन सेतिया ने विश्वस्तरीय यूएसएमएलई एग्जाम में हिस्सा लिया और सफलता हासिल की। इसके बाद ओशन का यूएसए के नामचीन याले यूनिवर्सिटी में सलेक्शन हुआ। डॉ. ओशन सेतिया ने छह वर्षीय पाठ्यक्रम पूरा कर एमएस और एमसीएच की जॉइंट डिग्री हासिल की। खबर मिलते ही डॉ. सेतिया दंपती को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। डॉ. अमर सेतिया ने बताया कि बिटिया में शुरू से पढ़ने की ललक थी और हमने उसे पूरी आजादी दी। अपनी मेहनत और लगन से उसने यह मुकाम हासिल की है। अच्छी बात है कि डिग्री मिलने के साथ ही उसे प्लेसमेंट भी मिल गया है। डॉ. ओशन सेतिया को अमेरिका में ही 3.5 करोड़ का सालाना पैकेज मिला है। यह अपने आपमें गर्व की बात है। डॉ. रेणु सेतिया ने बताया कि बेटी की सफलता से अभिभूत हूं। यह न सिर्फडॉ. सेतिया फैमिली बल्कि पूरे हनुमानगढ़ जिले के लिए गर्व की बात है। मां होने के नाते बेहद भावुक हूं। परमात्मा बिटिया को यशस्वी बनाए, यही प्रार्थना है। काबिलेगौर है, डॉ. रेणु-अमर सेतिया हनुमानगढ़ जिले के विख्यात डॉक्टर दंपती हैं।

# बरसे बदरा, गर्मी-हीटवेव से राहत

**धूलभरी तूफानी हवाओं में उड़े टीन शेड-छप्पर, घंटों गुल रही बिजली**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



झुलसाती गर्मी में कई दिनों से परेशान लोगों को प्री-मानसून की झमाझम बारिश ने बड़ी राहत पहुंचाई है। गुरुवार दोपहर बाद से बदले मौसम के मिजाज से मानव ही नहीं पशु-पक्षी भी राहत महसूस कर रहे हैं। गुरुवार रात्रि को धूलभरी तूफानी हवाओं के साथ शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार सुबह तक जारी रहा। देर रात तक जिले में रूक-रूक कर तेज बारिश हुई। शुक्रवार सुबह भी बादलवाही के बीच हल्की बारिश से मौसम सुहाना... शेष पेज 9 पर

# वार्डवासी बोले, घरों में नहीं पहुंच रहा स्वच्छ जल



**सभापति के वार्ड 56 में निरीक्षण के दौरान सामने आई समस्या**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नगर परिषद आपके द्वार अभियान के द्वितीय चरण के तहत नगर परिषद सभापति सुमित रणवां ने शुक्रवार को जंक्शन के वार्ड 56 का निरीक्षण किया। हल्की बारिश के बीच सभापति व वार्ड पार्षदों ने वार्ड की प्रत्येक गली में पहुंचकर वार्डवासियों से वार्ड की समस्याएं जानी। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने स्वच्छ पेयजल की सप्लाई न होने की समस्या बताई। सभापति ने आश्वस्त किया कि पीएचईडी अधिकारियों से वार्ता कर ट्यूबवैल लगवाया जाएगा ताकि वार्डवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि अमृत योजना के तहत जेएलआर का निर्माण करवाया जा रहा है। अक्टूबर माह में बड़ी पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू होगा। इसके बाद सभी वार्डों में स्वच्छ पेजयल उपलब्ध होगा। सभापति रणवां ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व ... शेष पेज 9 पर

# भाजपा को पटखनी देने के लिए तैयार रहेगी विपक्ष की टीम

**उप चुनाव में बीजेपी की राह आसान नहीं, लोकसभा चुनाव की तर्ज पर विपक्षी एकता की सुगबुगाहट**

**जयपुर.** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का 10 साल बाद अकाल मिटाने वाली टीम फिर सक्रिय हो रही है। कांग्रेस अलायंस को 11 लोकसभा सीटें जिताने वाली टीम ही आने वाले 5 लोकसभा सीटों के उपचुनाव में आगे रहेगी। पूर्व सीएम अशोक गहलोत का स्वास्थ्य खराब रहने से पूर्वी राजस्थान में सचिन पायलट, टीकाराम जूली, नागौर में हनुमान बेनीवाल और शेखावाटी में गोविंद सिंह डोटासरा लीड करेंगे। हालांकि, ये पांचों सीटें पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस या इसके अलायंस के पास ही थी। जूली ने तो प्रतिदिन की चर्चा, तैयारी शुरू कर दी है। झुंझुनूं, देवली-उनियारा, दौसा, खींवसर और चौरासी विधानसभा सीटों पर बीजेपी को कम बैक करना आसान नहीं होगा। पांच विधानसभा सीटों में से तीन सीटों पर कांग्रेस ने पिछली बार जीत हासिल की थी। चौरासी और खींवसर उनके अलायंस के पास थी। कांग्रेस के लिए सबसे आसान देवली-उनियारा और दौसा विधानसभा सीट मानी जा रही है। इसकी वजह सचिन पायलट मुरारी मीणा की जुगलबंदी में कांग्रेस के दिग्गज गुर्जर और मीणा नेताओं की जुगलबंदी है। दौसा और देवली उनियारा विधानसभा सीट पर सचिन पायलट का बड़ा दबदबा है। वहीं देवली में सांसद हरीश मीणा, तो दौसा में मुरारीलाल की अच्छी पकड़ हैं। देवली-उनियारा में सचिन पायलट के करीबी हरीश मीणा इस लोकसभा चुनाव में टोंक से चुनाव जीतकर सांसद बन चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि देवली उनियारा सीट पर सचिन पायलट और हरीश मीणा की पसंद से ही कांग्रेस उम्मीदवार उतारेगी। इस सीट पर 50 हजार मतदाता मीणा समाज के हैं, जबकि गुर्जर 45000 हैं।

### दौसा में फिर दिखेगा जोड़ी का दम

दौसा में मुरारी लाल मीणा ने लोकसभा चुनाव जीता। उपचुनाव में पायलट और मुरारी लाल की पसंद से ही उम्मीदवार उतारा जाएगा। देवली उनियारा विधानसभा की तरह दौसा भी गुर्जर मीणा बाहुल्य सीट हैं। ऐसे में कांग्रेस को फिर से दौसा सीट पर पायलट और मुरारी लाल मीणा का मजबूत सहारा मिलेगा। मुरारी ... शेष पेज 9 पर

न्यू नेशनल ड्राईक्लीनर्स
106, भगतसिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 90905-03210
यहां पर साड़ी चरक की जाती है।

दीपक सैनी मो. 82339-47047
श्रीगंगानगर वाले
रेवाड़ी बर्फी स्वीट्स
रेवाड़ी वालों की सुप्रसिद्ध बर्फी
दुकान नं. 05, शॉपिंग सैंटर
बस स्टैण्ड से भगत सिंह चौक रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन




Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303

# रात को आंधी-तूफान में भी सैकड़ो लोगों का धरना,दूसरी तरफ हिरणों का शिकार भी जारी

## शिकारियों को पकड़ने की मांग को लेकर दूसरे दिन भी वाहनों का चक्का जाम, मृत चिंकारों के शव डीप फ्रीजर में रखे

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी






अनूपगढ़ जिले के जैतसर इलाके में वन्यजीवों का शिकार करने वाले शिकारियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सैकड़ो लोग जहां बीती रात आंधी- तूफान में भी सड़क पर धरना देकर बैठे रहे,वहीं दूसरी तरफ हिरणों का शिकार भी जारी रहा। कल देर रात को इसी इलाके के चक 15 एनपी में अज्ञात शिकारियों ने कुडका (ट्रैप) लगाकर हिरणों का शिकार करने की कोशिश की। इस दौरान एक हिरण ट्रैप में फंस गया, जिससे उसकी टांग टूट गई।आज सुबह हिरण के घायल अवस्था में मिलने पर वन्य जीव प्रेमियों ने उसे नजदीक ही डाबला के रेस्क्यू सेंटर में पहुंचाया गया। घायल हिरण का इलाज जारी है। इस घटना का जैसे ही जैतसर-श्रीगंगानगर मार्ग पर चक 2-एलसी के पास कल गुरुवार से धरना दिए बैठे सैकड़ो लोगों को पता चला तो उनमें और भी आक्रोश फैल गया। चक 2-एलसी के नजदीक सरकारी नर्सरी में बुधवार-गुरुवार की रात को शिकारियों द्वारा गोली मारकर हिरणों और चिंकारों का शिकार करने का पता चलने पर इलाके के लोग, विशेष कर वन्य जीव प्रेमी बिश्नोई समुदाय के लोग इकट्ठा हो गए। मगर शिकारी भाग निकले। धरने पर बैठे लोगों का आरोप है कि बुधवार-गुरुवार की रात को शिकारियों ने अनेक हिरणों तथा चिंकारों का शिकार किया है।दो चिंकारे गोली लगने से मृत पाए गए हैं जबकि गोलियां लगने से मारे गए आधा दर्जन हिरणों अथवा चिंकारों को शिकारी उठा ले गए। शिकारियों को पकड़ने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोग चक 2-एलसी के समीप में रोड पर धरना देकर बैठे हैं। कल दिन में आंधी और तूफान के दौरान भी धरना जारी रहा। पुलिस और वन विभाग की पकड़ में शिकारियों के नहीं आने पर गुरुवार- शुक्रवार की रात को भी धरना जारी रहा।इस दौरान दो मृत चिंकारों के शव डीप फ्रीज मंगवाकर उनमें सुरक्षित रखवा दिए। आज सुबह जब चक 15 एनपी के पास भी रात को हिरण का शिकार किए जाने का पता चला तो लोगों में और भी आक्रोश फैल गया। लोगों ने जैतसर-श्रीगंगानगर मार्ग के अलावा जैतसर से निकलने वाले आसपास के संपर्क मार्गो पर भी धरने लगा दिए, जिससे वाहनों के चक्के जाम हो गए।प्रशासन और पुलिस द्वारा वाहनों को दूसरे रास्तों से निकालने के प्रयास किया जा रहे हैं। कल देर रात आंधी तथा तूफान आने के बावजूद करने पर बैठे लोगों ने हिम्मत नहीं हारी।उन्होंने सड़क पर ही तंबू लगा लिया। वन विभाग के रायसिंहनगर रेंजर भागीरथ गोदारा और विक्रमसिंह तथा जैतसर थाना के प्रभारी एसआई इमरान खान आज काफी संख्या में पुलिस कर्मियों के साथ धरना स्थल पर मौजूद रहे।पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारी ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी धरनार्थियों पर नजर रखे हुए हैं। दिन भर धरना स्थल पर वन्य जीव प्रेमियों की सभा चलती रही। वन्य जीव रक्षक बिश्नोई समाज के रामस्वरूप पूनिया, नरेश पूनिया, रामानंद डाबला, इंद्राज पूनिया, मुकेश सुथार, सीताराम मांजू,भूपराम डारा, देवीलाल सीगड, इंद्राज पूनिया, रमेश गिला,राजेश चाहर, रामकुमार रॉयल, दिलीप सीगड, बनवारीलाल सियाग, गौशाला विकास रॉयल,विष्णु बोला, सतपाल बोला, रामस्वरूप तरड, विनोद कुमार, अनिल बिश्नोई ,अमित बिश्नोई और अमित कड़वासरा समेत काफी संख्या में बिश्नोई समाज तथा अन्य समाजों के लोग धरने पर बैठे हैं।मांग की जा रही है कि सभी शिकारियों को गिरफ्तार किया जाए। उसके बाद ही में रोड से मृत चिंकारों के शव हटाए जाएंगे। धरने के कारण रावला- खाजूवाला और घडसाना से चलकर वाया जैतसर पदमपुर जाने आने वाले बसों के रास्ते बदल दिए गए हैं। वन्य जीवों के शिकार लगातार घटनाएं होने के कारण लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# घरों में नहीं पहुंच रहा पर्याप्त पानी

## » ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़



पर्याप्त पेयजल की सप्लाई करवाने की मांग के संबंध में गांव मालारामपुरा के ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि मालारामपुरा के घरों में पानी की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में नहीं हो रही। वाटर वर्क्स कर्मचारी की ओर से एक साथ पूरे गांव में पानी छोड़ा जाता है। इससे घरों में पूरा पानी नहीं पहुंचता है। गांव में बिछाई गई नई पाइप लाइन कई जगह से लीकेज है। लीकेज पाइप से गंदा पानी घरों में पहुंच रहा है। पाइप लाइन को दुरुस्त नहीं किया जा रहा। इससे कई घरों में बिल्कुल भी पानी नहीं पहुंच पाता। पानी सप्लाई के लिए बिछाई गई पाइपें और अन्य सामग्री घटिया गुणवत्ता की है। इस संबंध में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। वाटर वर्क्स कर्मचारी को पूरा पानी छोड़ने को कहा जाता है तो वे जेईएन से बात करने को कहते हैं। जेईएन उनकी बात नहीं सुन रहे। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को सौंपे ज्ञापन के जरिए मांग की कि पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ व शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए पीएचईडी अधिकारियों को आदेशित किया जाए। अन्यथा ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर विष्णु, मेजर सिंह, हरनेल सिंह, विजयपाल बिश्नोई, तेजसिंह, बुधराम राहड़, अजायब सिंह, छोटूराम करीर, शिवशंकर लूणा आदि मौजूद थे।

# भूमि की कुर्की-नीलामी रोकने तथा सम्पूर्ण कर्जा माफ करने की मांग

## » अखिल भारतीय किसान सभा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़



अखिल भारतीय किसान सभा ने प्रदेश सरकार से किसानों की भूमि की कुर्की व नीलामी रोकने तथा सम्पूर्ण कर्जा माफ करने की मांग की है। इस मांग के संबंध में किसान सभा के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसान सभा के रघुवीर वर्मा ने कहा कि बैंकों की ओर से किसानों को भूमि नीलामी व कुर्की के नोटिस भेजे जा रहे हैं। इनमें डीआरटी कोर्ट जयपुर के नोटिस भी शामिल हैं। हालात ये हैं कि मूल ऋण से चार गुणा ब्याज जोड़ दिया गया है। ऐसे मामलों को बैंकों की ओर से डीआरटी कोर्ट में भेजा जा रहा है। ऐसी स्थिति में किसानों को पता तक नहीं चलता कि उनका मुकदमा जयपुर की डीआरटी कोर्ट में लगा दिया गया है। न ही आर्थिक रूप से कमजोर किसान जयपुर जाकर अपने मामलों की पैरवी कर सकते हैं। इस कारण किसान उचित न्याय से वंचित रह जाते हैं। यह सब किसानों की भूमि छीनने की साजिश है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि राजस्थान सरकार सजगता दिखाए और स्थानीय स्तर पर ही सहायक कलक्टर एवं बैंक कर्मचारियों की कमेटी बनाकर किसानों के ऋण मामलों को मूल राशि की हद तक ही सुलझाए जाने की कोशिश करे। किसान सभा के तहसील संयोजक सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जब सरकारों की ओर से बड़ी-बड़ी कम्पनियों व कॉरपोरेट घरानों का हजारों करोड़ रुपए का ऋण माफ किया जा सकता है तो किसानों का ऋण क्यों नहीं माफ किया जा सकता। किसान पूरे देश का पेट भरता है, किसान देश की रीढ़ की हड्डी कहलाता है। बावजूद इसके अन्नदाता के साथ ऐसी नाइंसाफी हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से लगातार फसलों की कम पैदावार का होना या उनके उचित दाम नहीं मिलने से किसान पूरी तरह से टूट चुका है, ऐसी स्थिति में खेती घाटे का सौदा हो चुकी है। फिर भी किसान अपना व देश का पेट पालने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाकर कड़ी मशकत कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से गुलाबी सुण्डी के प्रकोप से नरमा की पूरी की पूरी फसल चौपट हो रही है। किसान इस सदमे से ही उभर नहीं पा रहा होता कि उधर बैंक की ओर से कुर्की नोटिस देकर उसके जले पर नमक छिड़कने का काम किया जा रहा है। इसलिए पिछले कुछ वर्षों से देश में किसानों की ओर से आत्महत्या करने के मामलों में बढ़ोतरी हुई है जो किसी भी प्रकार से सहनीय नहीं है। इसलिए राज्य सरकार अति शीघ्र किसानों की कर्ज माफी को लेकर कोई अहम कदम उठाए ताकि किसानों को राहत मिल सके। किसान सभा प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी कि किसानों की जमीन की कुर्की व नीलामी नहीं रूकी और किसानों का सम्पूर्ण कर्जा माफ नहीं किया जाता है तो संगठन आंदोलन की राह चुनेगा। इस मौके पर रामेश्वर वर्मा, रायसिंह, अंग्रेजसिंह, प्रहलाद कुमार, धर्मचन्द, वेद मक्कासर, राजेन्द्र, कृपाराम, चेतराम, विनोद, रतीराम, इकबाल सिंह, महावीर आदि मौजूद थे।

# सादुलशहर जलदाय विभाग के पेयजल भंडारण डिग्गी में मछलियां मरी



तेज. रिपोर्टर | सादुलशहर

शहरी क्षेत्र के जलदाय विभाग की पेयजल भंडारण डिग्गी में शुक्रवार सुबह हजारों की तादाद में मछलियां मरी हुई मिली। एसडीएम श्रीमती शिवा चौधरी ने बताया कि सुबह सूचना मिलते ही तहसीलदार मुकुल टाक को मौके पर भेजा। पानी की जांच करवाई जा रही है। तहसीलदार श्री टाक ने बताया कि जलदाय विभाग की एक नंबर डिग्गी में मछलियां मरी हुई मिली जिन्हें निकलवाया गया है। पानी का सैंपल लेकर उसे लैब में भेज दिया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि पानी अगर सही हुआ तो मछलियां ऑक्सीजन की कमी से मरी होगी। डिग्गी में और पानी डाला जाएगा जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति हो जाएगी। पानी अगर केमिकलयुक्त हुआ तो उस पानी को बेस्ट स्टोरेज डिग्गी में खाली करवाया जाएगा। उधर, आसपास के वार्डवासियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह मछलियां मरी हुई मिली। उसके बाद भी दोपहर तक मछलियों का मरना जारी था। वार्डवासियों ने यह भी बताया कि मछलियां लाखों की संख्या में मरी है क्योंकि डिग्गी में अब कोई मछली जीवित नहीं रही।

## फोरलेन मार्ग के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

**पीलीबंगा।** हनुमानगढ़ सूरतगढ़ फोरलेन मार्ग पर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।हनुमान गोस्वामी,श्रवण गिरी, यूनुस खान,महेंद्र शेखावत आदि के नेतृत्व में एसडीएम अमिता बिश्नोई को दिए आग्रह पत्र में बताया कि कस्बे के पुराने बस स्टैंड, खरलिया, तह बाजारी रोड,नए बस स्टैंड सहित ऐसे आधा दर्जन भीड़ भाड़ वाले स्थान पर वाहनों की अत्यधिक आवाजाही रहने से पैदल चलने वाली यात्रियों की संख्या भी इस जगह अधिक रहती है व बायपास रोड नहीं होने के कारण भारी वाहनों का भी प्रवेश/आवागमन भी इसी मुख्य मार्ग से होता है ,जिससे दुर्घटनाएं होने का खतरा/अंदेशा प्राय ~ बना रहता है।पूर्व में भी इन स्थानो पर कई एक्सीडेंट हो चुके हैं जिससे कई लोग अकाल मृत्यु के ग्रास बन चुके है। प्रतिनिधि मंडल ने विभाग एवं स्थानीय प्रशासन से फोर लाइन रोड पर ऐसे स्थानों को चिन्हित करते हुए शीघ्र ही स्पीड ब्रेकर बनाने का आग्रह किया है।

# भादरा में राहुल कस्वां का अभिनन्दन किया गया

तेज. रिपोर्टर | भादरा



स्थानीय किसान भवन में भादरा के पूर्व विधायक कामरेड बलवान पूनिया के नेतृत्व में लोकसभा क्षेत्र चूरू के सांसद राहुल कस्वा का स्वागत किया गया। इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ सांसद राहुल कस्वा का धन्यवाद कार्यक्रम किसान भवन में हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भादरा के पूर्व विधायक का. बलवान पूनिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं की लगन और मेहनत से हमने भादरा में 87,000 वोट इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में डलवाने का काम किया है और पूनिया ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सांसद राहुल कस्वा विद्यार्थी नौजवान किसान मजदूर दबे कुचले सभी वर्गो के मुद्दों को को लोकसभा में मजबूती से उठाएंगे। सभा को संबोधित करते हुए सांसद राहुल कस्वा ने लोकसभा चुनाव में साथ देने वाले एक-एक वोटर और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि जब भी इस लोकसभा क्षेत्र के नौजवान विद्यार्थी किसान मजदूर को हमारी जरूरत महसूस होगी तो हम आपके साथ खड़े मिलेंगे और कहा कि नौजवान विद्यार्थी किसान मजदूर के हक और अधिकार के लिए लोकसभा में मजबूती से पैरवी करेंगे। इस मौके पर पंचायत समिति उप प्रधान बलवान फगेडिया, माकपा तहसील सचिव जयप्रकाश ढाका, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि रफीक दाऊद कुरैशी, एसएफआई के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरजीत बिजारणिया, एडवोकेट इदरीश खान, संदीप धीरनवास ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आने को जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वार्ड नं 32 में दो नामांकन वापस

**भादरा** । भादरा नगरपालिका के वार्ड नं 32 के उपचुनाव को लेकर नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन शशी गोयल पत्नी मांगी लाल गोयल व आशा शर्मा पत्नी दिनेश शर्मा ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। वार्ड नं 32 में अब कांग्रेस प्रत्याशी मुस्कान बानो व भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रवीण गोयल में मुकाबला होगा। ज्ञातव्य रहे शशी गोयल भादरा नगरपालिका के अध्यक्ष पद का तीन बार चुनाव लड़ चुके भाजपा नेता मांगीलाल गोयल की पत्नी है। वही प्रवीण गोयल मांगी लाल गोयल का भतीजा है। वार्ड नं 32 से पार्षद व नगरपालिका के अध्यक्षा हाजन बेतुल बानो के इन्तकाल के बाद इस वार्ड में उपचुनाव हो रहा है तथा इसके पश्चात 8 जुलाई को भादरा नगरपालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव होना है। मुस्कान बानो मरहूम बेतुल बानो की पोत्री है तथा नगरपालिका की भावी अध्यक्षा है। फिलहाल वार्ड नं 32 में अब चुनाव एक तरफा माना जा रहा है।

## ई ग्राम प्रभारियों का प्रशिक्षण आयोजित

**टिब्बी।** पंचायत समिति के सभागार में सांख्यिकी विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ई ग्राम परियोजना की कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें ग्राम विकास अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक, व कनिष्ठ सहायक द्वारा भाग लिया गया । मास्टर ट्रेनर व सांख्यिकी निरीक्षक श्री सुरेंद्र कुमार ढिल्ल ने मुख्यमंत्री ग्राम योजना के बारे में ग्राम प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया । ई ग्राम परियोजना के तहत गांव-गांव तक राजकीय सुविधाओं की स्थिति और जनता के द्वारा उनके उपयोग को मॉनिटर करने के लिए ई ग्राम प्रणाली लागू की गई है। इस परियोजना के द्वारा आमजन द्वारा अपने गांव की मूलभूत सुविधाएं की स्थिति के बारे में जानकारी ली जा सकती हैं।इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रभारियों को निर्देश देते हुए सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रपत्र साफ, त्रुटिरहित व समय पर भर कर कार्यालय में जमा करवाये ताकि ताकि आमजन को सुविधा का लाभ मिल सके। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक श्री अजित सिंह चौधरी उपस्थित रहे ।

# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शुरू



**हनुमानगढ़।** स्वामी महादेव महाराज की दसवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में अबोहर रोड स्थित श्री गोविन्द धाम गोशाला में 14 जून से 28 जून तक श्री अखण्ड रामायण पाठ व 701 गीता पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई जो 28 जून तक चलेगी। शुक्रवार को गोशाला प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता में पन्द्रह दिवसीय कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए श्री गोशाला सेवा समिति अध्यक्ष इन्द्र हिसारिया ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक, संत प्रवचन एवं श्री भक्तमाल कथा शाम 7.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगी। 28 जून को तड़के 5.30 बजे पंचकुंडीय महायज्ञ, 8 बजे हवन पूर्णाहुति, 8.30 बजे संत प्रवचन व श्रद्धांजलि एवं 11 बजे भण्डारा लगाया जाएगा। अध्यक्ष इन्द्र हिसारिया ने गोशाला के विस्तार सहित भविष्य की योजनाओं की भी जानकारी दी। प्रेस वार्ता में मनीष बत्रा, रामकुमार गोदारा, वीरेंद्र गोयल, महावीर बंसल, शिव ढुढाणी, लवली चावला भी मौजूद थे।

## डीआईजी स्टाम्प का किया अभिनंदन



**हनुमानगढ़।** सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधि मंडल की ओर से शुक्रवार को जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में डीआईजी स्टाम्प संजू पारीक का माल्यार्पण कर पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत और अभिनंदन किया गया। दुर्गा प्रसाद शर्मा ने संजू पारीक को महासभा की ओर से समाज की गतिविधियों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। प्रतिनिधि मण्डल में उपाध्यक्ष एडवोकेट रामानंद बोहरा, संगठन सचिव चन्द्रभान तिवाड़ी, रिषी भारद्वाज, भीम पारीक, श्याम जोशी व सुभाष चन्द्र आदि शामिल थे। डीआईजी स्टाम्प संजू पारीक ने महासभा पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# विद्युत तार टूटी, अंधेरे में गुजारी पूरी रात

## » विद्युत सप्लाई बहाल न होने से नाराज वार्डवासियों ने एईएन ऑफिस पर की तालाबंदी

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़




टाउन के वार्ड 46 में रामदेव मंदिर के नजदीक गुरुवार रात्रि को आंधी से विद्युत तार टूट गई। इससे वार्ड में विद्युत सप्लाई ठप हो गई। विद्युत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को अवगत करवाने के बावजूद तार नहीं जोड़ी गई। इसके परिणामस्वरूप वार्डवासियों ने अंधेरे में पूरी रात गुजारी। शुक्रवार सुबह तक भी विद्युत सप्लाई बहाल न होने से नाराज वार्डवासियों ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता कार्यालय पर तालाबंदी कर दी और धरना देकर बैठ गए। वार्डवासी रोहित जावा ने बताया कि गुरुवार रात्रि को करीब साढ़े नौ बजे वार्ड 46 में रामदेव मंदिर के पास विद्युत तार टूटकर बीच रास्ते में लहराने लगी। विद्युत विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद पूरी रात से शुक्रवार तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हुई। वार्डवासियों को पूरी रात गर्मी में परेशान होकर निकालनी पड़ी। विद्युत सप्लाई बंद होने के कारण पानी की किल्लत भी पैदा हो रही है। जिम्मेदार सोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक नई विद्युत तार डालकर विद्युत सप्लाई शुरू की जाती है तब तक वे धरने से नहीं उठेंगे। वार्ड पार्षद प्रदीप मित्तल ने आरोप लगाया कि विद्युत तार टूटने की सूचना देने के बावजूद कोई कर्मचारी तार जोड़ने के लिए मौके पर नहीं पहुंचा। इससे कोई बड़ा हादसा हो सकता था। विद्युत आपूर्ति बहाल न होने से मजबूर होकर वार्डवासियों को एईएन कार्यालय पर तालाबंदी कर धरने पर बैठना पड़ा। उन्होंने कहा कि विभाग का कोई भी अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझता। इनका काम सिर्फ बिजली के बिल जारी करना है। विभाग के पास न तो नए विद्युत मीटर हैं और न ही तारें। एईएन भी तालाबंदी करते समय उनके सामने कुर्सी से उठकर कार्यालय से चले गए। उन्होंने कहा कि समस्या हल होने तक कार्यालय में कामकाज नहीं होने दिया जाएगा। करीब दो घंटे तालाबंदी करने के बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि शाम तक विद्युत सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी। इस पर वार्डवासी शांत हुए। उधर, विभाग के एईएन ने बताया कि वार्डवासियों की शिकायत है कि उनके वार्ड में सिंगल फेस सप्लाई है। साथ ही पुरानी केबल खराब हो चुकी है। वोल्टेज कम रहती है। विभाग के पास संसाधनों की कमी की वजह से समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता था लेकिन अब केबल सहित अन्य संसाधन उपलब्ध हो गए हैं। केबल बदलवाकर एक-दो दिन में समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के चलते लोड बढ़ने से तारें जलने की शिकायतें मिल रही हैं। बारिश के मौसम में गर्मी कम होने पर सप्लाई में सुधार होने की उम्मीद है। इस मौके पर इमरान खान, राकेश शर्मा, शिवा, पंकज घावरी, संतरोदेवी, कमला देवी, विमला, संतोष सहित कई अन्य वार्डवासी मौजूद थे।

# खेल स्टेडियम में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

तेज. रिपोर्टर | भादरा




दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भादरा में ब्लाक स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भादरा के खेल स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य रूप से उपखडाधिकारी ओमप्रकाश चन्देलिया, तहसीलदार मोनिका बंसल, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी, ब्लाक नोडल अधिकारी डाक्टर पवन कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार नेकीराम प्रजापत, मुख्य सहयोगी बलवान सिंह ढाका, बलवंत चौहान, ओमप्रकाश सुडा, बन्सीलाल, जगदीश गर्ग भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष, कृष्ण बिजारणियां, अब्दुल, चम्पा लाल बायवाला, नवीन, शिक्षक वर्ग अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। योग प्रशिक्षक प्रदीप गोयल द्वारा योग व सुक्ष्म प्राणायाम करवाया गया। ब्लाक स्तरीय प्रोग्राम में कुल 830 लोगों ने योगाभ्यास किया। नगर पालिका पार्षद हरिप्रकाश शर्मा ने मंच संचालन करते हुए योग का महत्व बताते हुए स्वस्थ जीवन शैली पर प्रकाश डाला डा.पवन कुमार शर्मा, ओमप्रकाश सुडा ने योग स्वयं व समाज के लिए थीम सम्बंधी जानकारी दी। उपखडाधिकारी, तहसीलदार व ब्लाक नोडल अधिकारी ने दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने पर बलवान सिंह ढाका, प्रदीप गोयल, सुरेन्द्र शास्त्री, राजपाल गोस्वामी, बन्सीलाल युजनिया , कृष्ण बिजारणियां, अब्दुल शकूर, तपन सिंह, मांगीलाल, मुरारी लाल, राकेश कुमार, पूष्पा देवी, लक्ष्मी देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# सुहाने मौसम के बीच हजारों लोगों ने किया योगासन

## » राजीव गांधी खेल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ जिला स्तरीय समारोह
## » जिला कलक्टर-एसपी, सभापति सहित जिला स्तरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि हुए शामिल

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़






दसवें विश्व योग दिवस के मौके पर शुक्रवार को जिले में आयोजित हुए कार्यक्रमों में शामिल लोगों ने योग के माध्यम से फिट रहने का संदेश दिया। योग कार्यक्रमों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक अलग-अलग योग क्रियाएं करते नजर आए। जिला मुख्यालय पर अंतराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह राजीव गांधी स्टेडियम में मनाया गया। खुशनुमा मौसम के बीच उमंग और उत्साह के साथ हजारों लोगों ने एक साथ विभिन्न योगासन किए। इसमें हर उम्र के योगसाधक शामिल हुए। स्टेडियम में सबसे ज्यादा संख्या युवाओं की रही। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों सहित जिले का उत्साहित युवा वर्ग योगासन करता दिखाई दिया। इस वर्ष स्वयं और समाज के लिए योग थीम रखी गई। समारोह में मंच पर युवा योगसाधकों ने संगीतमय योगासन करते हुए तालियां बटोरी। इस दौरान योग साधकों ने बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीनगर से योग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखकर उनका संदेश सुना। इस मौके पर जिला कलक्टर कानाराम ने नशा मुक्त भारत अभियान में सभी को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ जिले की संकल्पना साकार हो सकती है। नियमित योग से भी नशा छोड़ा जा सकता है। इसलिए योग को दैनिक जीवन क्रियाओं में अनिवार्य रूप से अपनाएं। योगसाधकों ने भी योग अपनाने का संकल्प लिया। समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर उम्मेदी लाल मीना, उप वन संरक्षक सुरेश कुमार आबुसरिया, एसडीएम डॉ. दिव्या चौधरी, नगर परिषद सभापति सुमित रणवां, आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, सीएमएचओ डॉ नवनीत शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. गजानंद पंडा, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश व कार्यालय के कर्मचारियों, विभिन्न योग संगठनों से योग साधकों, छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों ने योग किया। यह समारोह आयुर्वेद विभाग कार्यालय हनुमानगढ़ की ओर से आयोजित कराया गया। जिला स्तरीय समारोह के अलावा सभी उपखंड अधिकारी कार्यालयों, स्कूल, कॉलेज, चिकित्सा केन्द्रों और विभिन्न संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास हुआ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गांव सतीपुरा स्थित बालाजी नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में नशे के इलाज के लिए आवासित व्यक्तियों को योग करवाया गया। योगाचार्य मुकेश पचार ने योग से होने वाले मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य लाभ के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि योग हमारे दैनिक जीवन में बाकी कार्य के अनुसार ही बहुत महत्वपूर्ण है। संस्था संचालक अनिल पूनिया के अनुसार केन्द्र में आवासित प्रत्येक व्यक्ति को निरंतर योगासन करवाया जाता है। नशा छुड़वाने में योग बहुत अहम भूमिका अदा करता है। इस दौरान संस्था स्टाफ डॉ. नितिन सिंह, गगन गिल, अजय कुमार, सन्तोष, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

## टांटिया यूनिवर्सिटी में योग शक्ति को अपनाने का आह्वान



**तेज. रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार टांटिया यूनिवर्सिटी परिसर में शुक्रवार को सुबह सात से आठ बजे तक योगाभ्यास करवाया गया। इसमें शारीरिक कल्याण, मानसिक शांति और आध्यात्मिक विकास के लिए योग की शक्ति को अपनाने का आह्वान किया गया। यूनिवर्सिटी के श्रीगंगानगर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस एंड हॉस्पिटल में स्वस्थवृत्त विभाग की ओर से चरक ऑडिटोरियम में योग का यह कार्यक्रम किया गया था। इसमें स्वस्थवृत्त विभाग की डॉ. अर्चना, डॉ. खुशबू बिश्नोई, डॉ. रियंका और डॉ. करण की देखरेख में 'स्वस्थ आकार और योग, पूरी दुनिया स्वयं और समाज के लिए योग तथा महिला सशक्तिकरण' विषय के साथ दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन सम्पन्न हुआ। आयुर्वेद संकाय ने समाज की शांति, स्वास्थ्य सद्भाव के लिए आसन, ध्यान और योग की तकनीकों को शामिल करते हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला को सम्पन्न करवाया। योग कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुभाष उपाध्याय, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. रिशु शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. सुरेश, डॉ. शिखा, डॉ. सुनीता, डॉ. सोहनलाल, डॉ. पूनम, एनएसएस प्रभारी डॉ. दीपक शर्मा और आयुर्वेद के अन्य सभी संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।

## स्वस्थ रहने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करना जरूरी



जंक्शन में अबोहर मार्ग स्थित श्रीदेवी महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में योग दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। योग शिक्षिक नितिन जांगिड़ और हेमलता जैन ने सही तरीकों से आसन और प्राणायाम करना सिखाया। इस आयोजन को अणुव्रत समिति के सहयोग से आयोजित किया गया। अणुव्रत समिति के सदस्यों, संस्था के अध्यापकों और छात्राओं ने 45 मिनट तक योग, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। अणुव्रत समिति अध्यक्ष हरीश जैन ने वताया कि व्यक्ति के मानसिक बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए योग बहुत आवश्यक है। आनन्द जैन ने कहा कि आज का दिन अंतराष्ट्रीय योग दिवस लोगों को स्वस्थ बने रहने के लिए जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। प्राचार्य दिव्या शर्मा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है। इस आयोजन मे अजीत गर्ग, मधु दफ्तरी, आशु नारंग शामिल थे। इससे पहले पॉलिटेक्निक स्टाफ और अणुव्रत समिति सदस्यों ने राजीव गांधी स्टेडियम में योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी भागीदारी की।

## योग चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केन्द्र में मनाया योग दिवस



जंक्शन के योग चिकित्सा एवं प्रशिक्षण केन्द्र में शुक्रवार को विश्व योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में करीब 70 योग साधकों ने हिस्सा लिया। योगाचार्य राजेश कुमार ने योगाभ्यास करवाया। उन्होंने सभी रोगों की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य लाभ के बारे में योग का महत्व बताया। संस्था अध्यक्ष गौरव जैन व केन्द्र व्यवस्थापक रमेश दरगन के अनुसार योग केन्द्र में सुबह 6 बजे एवं शाम 5 बजे संचालित होने वाली योग कक्षाओं में आसन, प्राणायाम एवं नैतिक क्रिया का अभ्यास नियमित करवाया जाता है। यहां प्रतिदिन 70 से 80 व्यक्ति योगासन करने के लिए पहुंच रहे हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया योगासन



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा नगर मण्डल टाउन, भाजयुमो एवं ओबीसी मोर्चा की ओर से टाउन स्थित मां करणी नगर के सार्वजनिक पार्क में योग दिवस मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने भुवनेश ग्रोवर के मार्गदर्शन में योगासन किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक ने कहा कि योग हमारी परम्परा है। वर्तमान पीढ़ी इस पम्परा को भूलती जा रही है। इसलिए प्रधानमंत्री ने हमारी परम्परा को बचाए रखने के लिए योग दिवस की शुरुआत की। महामंत्री राम कुक्कड़ ने योग के फायदे बताते हुए नियमित रूप से योग करने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सुथार, कोषाध्यक्ष ओम आसोपा, नगर मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष संदीप छाबड़ा, इन्द्र निनानिया, गजेंद्र राठौड़, कोषाध्यक्ष सोहन डाल, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शुभेंद्र सिंह, ओबीसी मोर्चा महामंत्री कलवंत वर्मा, मंत्री महेश वर्मा आदि मौजूद थे। भाजपा नगर मण्डल जंक्शन के कार्यकर्ताओं ने दुर्गा मन्दिर धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न योग क्रियाओं के माध्यम से निरोगी रहने का संदेश दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पारीक, नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश तंवर, महामंत्री राजन अरोड़ा, प्रवीण परमार, उपाध्यक्ष नरेश पुरोहित, सौरभ अरोड़ा, केशव पाल, मण्डल मंत्री अशोक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अश्वनी नारंग, आनंद राठौड़, अपरजोत बराड़, भरत चावला, विशु वर्मा, पार्षद स्वर्ण सिंह, सुनील अमलानी, नितिन तिवाड़ी, करनैल सिंह, दुर्गादत्त सैनी, हनुमान प्रसाद आदि ने योगासन किया।

## योगासन के बाद किया पौधारोपण



विश्व योग दिवस के मौके पर टाउन के सूर्यनगर, वार्ड 32 स्थित सामुदायिक केन्द्र में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में योगाचार्य निर्मला शर्मा, विजय कौशिक, नवदीप शर्मा ने योग की क्रियाएं करवाते हुए योग के लाभ बताए। इसके बाद वार्डवासियों की ओर से सामुदायिक केन्द्र में योग दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर पृथ्वीराज गोदारा, लक्ष्मण राम, हुणताराम, लालचंद, प्रदीप ऐरी, दिनेश शर्मा, दीपेश वाट्स, लीलाधर सैनी, भानीराम सहू, भगवान राम, नरेश सिहाग, बाबूलाल पारीक, योगेश, कृष्णकांत पारीक, अनिल, राजेन्द्र स्वामी, शिमला मेहंदीरत्ता आदि मौजूद रहे।

## न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया योग

**हनुमानगढ़।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की ओर से प्रेषित स्टेट एक्शन की पालना में हार्टफुल संस्थान की ओर से शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जिला न्यायालय परिसर में विशेष योग सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) शिवचरण मीना सहित न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। योग शिविर में एसटीएससी प्रकरण विशिष्ट न्यायाधीश सरिता स्वामी ने योग के अष्टागीण मार्ग का महत्व बताया। विभिन्न योग आसनों का महत्व बताते हुए आसन मुद्राएं करवाईं। उनसे मानव शरीर को होने वाले लाभों के बारे में बताया। हार्टफुल संस्थान प्रतिनिधियों की ओर से ध्यान योग का महत्व बताया गया। इसके अलावा प्राधिकरण सचिव शिवचरण मीना ने जिला कारागृह में निरूद्ध बंदियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का महत्व बताते हुए उन्हें प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। सचिव ने बताया कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। इसके पश्चात सचिव शिवचरण मीना ने जिला कारागृह का निरीक्षण किया।

## योग दिवस पर किया योगाभ्यास



**तेज. रिपोर्टर. रावतसर।** दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर रावतसर के उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयुर्वेद विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर आनंद कुमार बंसल द्वारा योग दिवस हर्षोलास के साथ बनाया गया। योग प्रशिक्षक योगाचार्य मुकेश द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी को योगाभ्यास करवाया गया। प्रांगण में मंच पर आसीन विधायक धर्मेंद्र मोची, एसडीएम, वीडियो, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी, सीबीओ, एसीबीओ, सीडीपीओ, अधिशासी अधिकारी, कैलाश मेघवाल, लाफ्टर चैंपियन ख्याली सहारण, सुशील खदरिया, दिनेश सुरेंद्र सोमानी, राधेश्याम प्रधानाचार्य, सत्यदेव इंद्रपाल व काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति महिलाओं व बच्चों ने योग में अपनी भागीदारी निभाई। कुछ महिला व बच्चों ने मंच पर आकर अपनी योग कला का प्रदर्शन किया। उन प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। लाफ्टर चैंपियन ख्याली सहारण द्वारा सभी को हास्य योग करवाया गया। लगभग 400 से अधिक लोगों ने योग का लाभ उठाया। अंत में डॉक्टर आनंद कुमार बंसल ने आए हुए सभी अतिथियों व आमजन का इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आभार व्यक्त किया।

किसी भी कंपनी का
✦ जीवन ✦ स्वास्थ्य
✦ गाड़ी ✦ प्रोपर्टी
बीमा कम से कम रेट
पर करवाने के लिए सम्पर्क करें
विकास शर्मा
99585-95529
श्वेता शर्मा
97839-11999

## सीए मेंबर्स व सीए छात्रों ने किया योगाभ्यास



**हनुमानगढ़।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया हनुमानगढ़ शाखा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को व्यापर मंडल गर्ल्स पीजी कॉलेज के ग्राउंड में सुबह 6 से 7 बजे तक योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दयाल योग आश्रम से योगाचार्या इन्द्रपाल के निर्देशन में सामूहिक योग किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सीए मेंबर्स व सीए छात्रों ने योगाभ्यास करते हुए आरोग्यता का लाभ लिया। हनुमानगढ़ शाखा के अध्यक्ष सीए प्रफुल कुमार कोचर ने सभी उपस्थित सीए सदस्यों एवं छात्रों को योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को कैसे सुधारा जा सकता है के बारे में बताया,यह भी बतया की योग-ध्यान और प्राणायाम की मदद से तनाव को कम करने, मन को शांत करने और अच्छी स्वस्थता को प्राप्त करने में भी सहायता करता है। सचिव सीए राजेश गोयल ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद किया तथा आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी कि पूरे भारत वर्ष में दी इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टेड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया द्वारा विकसित भारत की मैराथन दौड़ कार्यक्रम के तहत आईसीएआई की हनुमानगढ़ शाखा द्वारा दिनांक 30 जून 2024 को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा तथा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 जुलाई 2024 को सीए दिवस पर आईसीएआई की हनुमानगढ़ शाखा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आज योग दिवस पर जिनेन्द्र कोचर, रोहित मुंदडा, अंकित गिल्होत्रा, अंकित गोयल, अंकुश सिंगला, गौरव बाघला, हर्ष जिंदल, निशांत चुघ, संजय सिहाग, शशांक सिंगला, सुशिल मित्तल, तुषार गोयल, वैभव जैन, वासुदेव पारीक, विनय जिंदल, यश मित्तल, यशवर्धन गोयल आदि मौजूद रहे।

## जागरूकता पैदा करने के लिए कर रहे पौधारोपण



**हनुमानगढ़।** गांव सतीपुरा में शुक्रवार को विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से 30 पौधे मय ट्री गार्ड लगाए गए। पौधारोपण की शुरुआत बरगद, पीपल, बेलपत्र, नीम प्रजाति के पौधों का रोपण कर की गई। ग्रामीण गुरदेव सिंह ने कहा कि मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से निःस्वार्थ भाव से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। समिति की टीम की ओर से ग्रामीणों में पौधारोपण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए पौधारोपण अभियान की शुरुआत की गई है। इन पौधों की देखरेख समिति के साथ-साथ ग्रामीण भी अपने स्तर पर करेंगे। इस मौके पर समिति अध्यक्ष लाधुसिंह भाटी, लोकराज शर्मा, राजाराम बिश्नोई, गोविन्द सिंह रामगढ़िया, परमजीत सिंह, रमेश शाक्य, विपिन शर्मा, राकेश बलिहारा, जसमीत सिंह, मनप्रीत सिंह, नवनीत सिंह, रघुवीर घोयल, राकेश जिनागल, मुकेश रांगेरा, रवि रांगेरा आदि मौजूद थे।

## योग दिवस पर लगाई छबील



**हनुमानगढ़।** 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस राजीव गांधी स्टेडियम हनुमानगढ़ व अंबेडकर चौक में जल जीरा छबील राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ हनुमानगढ़ जंक्शन स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा लगाई गई।





# मैं सिर्फ नेगेटिव किरदार नहीं निभाना चाहता थी जया भट्टाचार्य

बीते सात सालों तक इंडस्ट्री से दूर रहने को लेकर टीवी की मशहूर एक्ट्रेस जया भटटा चार्य ने कहा, ऐसा लगता है जैसे मेरे माथे पर नेगेटिव शब्द लिख दिया गया है। मुझे अपने करियर में अब तक ज्यादातर नेगेटिव रोल ऑफर किए गए हैं।

पहला नेगेटिव किरदार जो मैंने निभाया और वह मशहूर हुआ, वो क्योंकि सास भी कभी बहू थी की पायल का था। लोगों को लगता था कि मैं कोई और रोल नहीं कर सकती। जया ने कहा, इस वजह से मैंने सात साल तक काम नहीं किया। मुझे अपने टैलेंट पर शक होने लगा। मैंने खुद से सवाल किया कि मैं एक्टर हूं या नहीं। क्या लोगों को नहीं लगता कि मैं दूसरे किरदार भी निभा सकती हूं? इसलिए मैंने सात साल तक काम नहीं करने का फैसला किया। मैं सिर्फ नेगेटिव किरदार नहीं निभाना चाहता थी, मैं अलग-अलग तरह के किरदार निभाना चाहती थी जो एक कलाकार को संतुष्ट महसूस करे। जया ने आगे कहा कि अगर एक जैसे किरदार बार-बार दिए जाते हैं, तो कलाकार ऊब जाता है। इसमें नया करने के लिए कुछ नहीं होता।

उन्होंने कहा, अगर पूरी तरह से अलग किरदार नहीं तो कलाकार को नेगेटिव रोल्स में ही एक्सपेरिमेंट करने की छूट मिलनी चाहिए। जब वैरायटी पेश की जाती है, तभी किरदार जाना जाता है और दर्शकों के बीच अपनी जगह बना पाता है। छठी मैया की बिटिया शो एक दिल को छू लेने वाला फैमिली सीरियल है। इसमें वैष्णवी (एक्ट्रेस वृंदा दहल) एक अनाथ लड़की है और वह छठी मैय्या (एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी) को अपनी मां के रूप में मानती है। इस शो में सारा खान भी हैं। बता दें कि जया असम की रहने वाली हैं। उन्हें पिछली बार टीवी शो थपकी प्यार की में देखा गया था। वह क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कसम से, पलछिन, अंबर धारा, केसर, हातिम और कोशिश एक आशा, विरासत, वो रहने वाली महलों की, झांसी की रानी, एक थी नायका, देवों के देव महादेव, मधुबाला जैसे शोज की हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने 40 से भी ज्यादा सीरियल्स में काम किया है। इसके अलावा वे सिर्फ तुम, फिजा, क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता, देवदास, लज्जा, हो सकता है, जिज्ञासा, एक विवाह ऐसा भी, अंतरवाद, मिमी समेत कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।

बता दें कि जया भट्टाचार्य टीवी इंडस्ट्री का मशहूर चेहरा हैं। उन्होंने कई नेगेटिव रोल्स निभाए हैं। वह अब तक कई बड़े सीरियल में नजर आ चुकी हैं। इतना नाम-शोहरत हासिल करने के बाद भी वह 7 साल तक बेरोजगार रहीं। वह अब हाल ही में लॉन्च हुए शो छठी मैया की बिटिया में नजर आ रही हैं। वह कार्तिक (एक्टर आशीष दीक्षित) की सौतेली मां उर्मिला का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने देवदास से लेकर मिमी जैसी फिल्मों और क्योंकि सास भी कभी बहू थी और थपकी प्यार की जैसे टीवी शोज में काम किया है।



# एटली अब सलमान के साथ काम करने की तैयारी में

दक्षिण फिल्म इंडस्ट्री के ख्यातनाम निर्देशक एटली की अगली फिल्म दक्षिण के ख्यातनाम अभिनेता अल्लू अर्जुन के साथ नहीं बन रही है अपितु अब एटली सलमान खान के साथ काम करने की तैयारी कर रहे हैं। पहले यह कहा जा रहा था कि अल्लू अर्जुन के साथ वे अपनी अगली पैन इंडिया फिल्म बनाने की तैयारी में हैं लेकिन अन्तिम समय पर निर्माताओं का अल्लू अर्जुन के साथ मेहनताने को लेकर बात नहीं बनी, इसी के कारण यह फिल्म रद्द हो गई। अब एटली ने सलमान खान ने हाथ मिला लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान और एटली के बीच बात हो चुकी है और अब किसी भी दिन इस प्रोजेक्ट का अनाउंसमेंट किया जा सकता है। सलमान खान ने इस प्रोजेक्ट पर हामी भर दी है और एटली फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। संभावना है कि इस फिल्म का प्रोडक्शन सन पिक्चर्स के हाथों में रहेगा और सलमान खान को इस फिल्म के लिए भारी-भरकम रकम ऑफर की गई है।

हालांकि इन बातों का मेकर्स की तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया जाना अभी बाकी है। बता दें कि अल्लू अर्जुन के बारे में खबर आई थी कि मेकर्स की उनके साथ बातचीत हो गई थी लेकिन फाइनल पे चेक मिलने से पहले ही चीजें गड़बड़ा गईं और प्रोजेक्ट उनके हाथ से निकल गया। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान की पिछली फिल्म टाइगर-3 ब्लॉकबस्टर हिट रही थी और अब फैंस को उनके अगले प्रोजेक्ट का इंतजार है। भाईजान के खाते में अभी कई फिल्में हैं जिनमें से सभी एक से बढ़कर एक हैं। देखना होगा कि दर्शकों को पहले उनकी कौन सी फिल्म देखने मिलती है। इस लिस्ट में पहले नंबर पर है उनकी फिल्म सिकंदर जिसमें फिर एक बार भाईजान एक्शन की लहर लाते दिखेंगे। इसके अलावा सलमान खान और शाहरुख खान को एक दूसरे के अपोजिट लाकर मेकर्स सबसे बड़ा धमाका करने के मूड में हैं। सलमान खान का टाइगर यूनिवर्स और पठान यूनिवर्स एक दूसरे के साथ कंपाइल पहले ही किया जा चुका है और अब बीच में वॉर फिल्म के सेकेंड पार्ट के बाद मेकर्स टाइगर वर्सेज पठान का अनाउंसमेंट कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह बहुत बड़ी फिल्म होगी। बता दें कि शाहरुख खान को लेकरएटली ने हिन्दी सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान दी। इस फिल्म के बाद एटली के साथ काम करने के लिए कई अन्य सितारे भी तैयार नजर आ रहे हैं। एटली ने जवान के बाद वरुण धवन को लेकर बेबी जॉन की घोषणा की, हालांकि इस फिल्म का निर्देशन वे स्वयं नहीं कर रहे हैं। वरुण धवन की बेबी जॉन एटली की थलापति विजय के साथ ब्लॉकबस्टर रही फिल्म थेरी का रीमेक है। लेकिन अब जो समाचार एटली को लेकर आ रहे हैं उन्हें जानने के बाद हिन्दी सिनेमा के दर्शक एक और ब्लॉकबस्टर की आशा कर सकते हैं।

# फिल्म अरनमनई 4 ने जमकर धमाल मचाया

फिल्म अरनमनई 4 ने सिनेमाघरों में जमकर धमाल मचाया है। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की है। इस फिल्म को आप तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में देख सकते हैं। फिल्म का पहली तीनों किश्तें सुपरहिट रही थीं, जिसके बाद मेकर्स चौथी किश्त लेकर आए थे। सिनेमाघरों के बाद अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार है। तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की तमिल हॉरर-कॉमेडी हिट कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। पॉपुलर फेंचाइजी की यह चौथी किश्त 21 जून को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। अरनमनई 4 में पैन-इंडिया स्टार तमन्ना के साथ-साथ वर्सेटाइल पावरहाउस एक्ट्रेस राशि खन्ना भी लीड रोल में हैं। अरनमनई 4 ऐसी फिल्म है जिसने तमिल बॉक्स ऑफिस पर ड्राई पैच को तोड़ा और इंडस्ट्री की साल की पहली बड़ी हिट बनकर उभरी। तमिल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता के बाद अरनमनई 4 फिल्म हिंदी भाषी दर्शकों के लिए भी रिलीज कर दी गई है। अब दुनिया भर के फैंस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसका लुफ्त उठा सकते हैं। स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म में संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला, योगी बाबू, केएस रविकुमार, जयप्रकाश, वीटीवी गणेश, दिल्ली गणेश, राजेंद्रन और सिंगमपुली मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की सफलता ने तमन्ना को बॉक्स ऑफिस क्वीन साबित कर दिया है, जबकि इस फिल्म के जरिए राशि खन्ना तमिल सिनेमा की गोल्डन गर्ल के रूप में उभरी हैं, क्योंकि यह फिल्म थिरुचित्रमबलम और सरदार के बाद राशि की लगातार तीसरी बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर साबित हुई है।



# आयशा ने यूजर के गंदे मैसेज के स्क्रीनशॉट किए शेयर



सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस 17' फेम आयशा खान ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सख्स की फोटो शेयर कर उनकी जमकर खिंचाई कीं। इसके साथ ही ऐसे को लोग को दुनिया का सबसे बेहुदा इंसान कहा है। उन्होंने ये भी कहा कि ऐसी घटनाओं के खिलाफ बोले बिना समाज बदलाव और प्रगति की ओर नहीं बढ़ सकेगा। आयशा खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक यूजर से मिले टेक्स्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। यूजर के मैसेज में बिग बॉस 17 फेम से जुड़ी कुछ गंदे और बेहद अश्लील स्थिति का जिक्र किया था। उसके मैसेज को पढ़ कर मानों आयशा के परों तले जमीन ही खिसक गई हो। उन्होंने उस यूजर को सोशल मीडिया पर लताड़ लगाना शुरू कर दिया। आयशा खान स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'अब समय आ गया है कि हम इन लोगों के नाम को शर्मसार होने से बचाएं!! वे हमारे आस-पास ही हैं, बस हमें नहीं पता कि जब कोई उन्हें नहीं देख रहा होता है, तो वे महिलाओं के बारे में क्या सोचते हैं। आश्चर्य है कि उनके परिवार की महिलाएं उनके आस-पास कैसे सुरक्षित हैं।' सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने आगे कहा, 'ऐसे कैसे चलेगा। आप जो मन में आएगा कह देंगे, सिर्फ इसलिए कि आप जानते हैं, कोई इस ओर इशारा नहीं करने वाला है, कोई नहीं जानने वाला है कि आपने किसे क्या मैसेज किया? मुझे पता है कि कब मेरे चाहने वाले मुझसे कहेंगे कि इन जैसे खौफनाक लोगों पर ध्यान न दें? लेकिन हम बोलेंगे नहीं तो बदलाव कैसे आएगा?' इसके अलावा, आयशा खान ने नेटिजन से अपने विचारों से बेहतर सपने देखने के लिए कहा और कहा कि यह बहाना न बनाएं कि अकाउंट हैक हो गया था।

# निखिल ने दलजीत के साथ किया है कुछ गलत: करिश्मा तन्ना

अपने पति निखिल पटेल के साथ चल रहे विवाद में टीवी एक्ट्रेस दलजीत की दोस्त करिश्मा तन्ना उनके सपोर्ट में उत्तरी हैं। करिश्मा ने निखिल पटेल पर काफी गुस्सा जाहिर किया है। जानकारी के अनुसार करिश्मा तन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर दलजीत कौर द्वारा लगाए गए धोखाधड़ी के आरोप को दोबारा पोस्ट किया और लिखा, जो कुछ भी हुआ वह नहीं होना चाहिए था!!!! मेरा पूरा सपोर्ट मेरी सबसे प्यारी दोस्त दलजीत कौर के साथ है। इस आदमी ने उसके साथ गलत किया है और मैं आखिर तक उसके साथ खड़ी रहूंगी। मजबूत महिलाएं बदला नहीं लेतीं, वे आगे बढ़ती हैं और कर्म को काम करने देती हैं। बता दें कि दलजीत कौर ने निखिल पटेल के साथ दूसरी बार शादी की थी। अगर बात उनकी शादी की करें तो बता दें कि निखिल ने अपनी शादी को लेकर ये तक कह दिया था कि उनकी शादी हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी और लीगली रजिस्टर्ड नहीं है। निखिल पटेल ने कुछ समय पहले दलजीत कौर को नोटिस भेजते हुए अपना सारा सामान केन्या से लेकर जाने के लिए भी कहा था। उन्होंने कहा था कि दलजीत अपना सारा सामान ले जाएं वरना वो दान कर देंगे। निखिल ने कहा कि, 'दुनिया के एक सामान्य नागरिक के रूप में, मुझे ये बात परेशान कर रही है कि भारत और विश्व स्तर पर ऑनलाइन सुरक्षा कानूनों में इतनी सारी कमियां हैं। अक्सर लोग इसी बात का फायदा उठाते हैं और फेम हासिल करने के लिए कुछ भी पोस्ट करते रहते हैं। लोगों की सहमति के बिना उनकी तस्वीरें और वीडियो फुटेज शेयर करना, खासकर बच्चों के, जो समाज में हमेशा एक कमजोर पक्ष होते हैं और जिन्हें हमेशा कानून की सुरक्षा की जरूरत होती है, लापरवाही का मामला है।' बता दें कि दलजीत कौर ने पति निखिल पटेल पर उन्हें धोखा देने और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया है। वहीं निखिल पटेल ने इन तमाम आरोपों को गलत बताया है। निखिल ने ये तक कह दिया है कि उनकी और दलजीत की शादी हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी और लीगली रजिस्टर्ड नहीं है। इसके अलावा उन्होंने अपने और दलजीत के सेपरेशन की वजह कल्चर क्लैश को बताया था। बता दें कि दलजीत इन दिनों अपनी दूसरी शादी को लेकर काफी चर्चे में हैं। आपको जानकारी के लिए बता दें कि एक्ट्रेस ने अपनी पति पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर जैसे आरोप भी लगाएं हैं।



# हिरानी शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इन्वाइट

बालीवुड के फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी को शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में डंकी फिल्म स्क्रीन करने के लिए इन्वाइट किया गया है। राजकुमार हिरानी को शंघाई इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में फिल्म रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर इन्वाइट किया गया है।

बता दें कि डंकी को 14 से 23 जून तक होने वाले शंघाई इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल 2024 के इंटरनेशनल पैनोरमा सेक्शन के लिए चुना गया है। शंघाई इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में 18 और 20 जून को डंकी की स्क्रीनिंग होगी। राजकुमार हिरानी के साथ ही फिल्मी इंडस्ट्री के लिए भी ये गर्व करने का मौका है। फिल्म को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की स्थापना 1993 में हुई थी और इसे इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म फेस्टिवल द्वारा मान्यता प्राप्त नॉन-स्पेशलाइज्ड कॉम्पिटेटिव फिल्म फेस्टिवल में से एक माना जाता है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और विश्व बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ की कमाई की। यह शाहरुख खान की 2023 की तीसरी फिल्म थी। उन्होंने 4 साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी की। हालांकि, शाहरुख की इस साल कोई रिलीज नहीं हो रही है। अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्मों की भी घोषणा नहीं की है, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि वह केजीएफ फेम अभिनेता यश की अगली फिल्म टॉक्सिक में कैमियो कर सकते हैं। गौरतलब है कि डंकी शब्द एक पंजाबी मुहावरा है, जिसका मतलब है एक जगह से दूसरी जगह जाना। जब लोगों को अलग-अलग देशों में रोककर अवैध तरीके से दूसरे देश भेजा जाता है तो इसे डंकी मार्ग कहा जाता है। अमेरिका, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों तक पहुंचने के लिए इस मार्ग या रास्ते को अवैध तरीके से प्रयोग किया जाता है। फिल्म की कहानी से कई लोग रिलेट कर सके और यही वजह रही कि इसे काफी दर्शक मिले। बता दें कि गत वर्ष प्रदर्शित हुई राजकुमार हिरानी की फिल्म डंकी ने न सिर्फ भारत में अपितु विश्व भर में सराहना प्राप्त की थी। वैसे भी राजकुमार हिरानी अपनी फिल्मों की खूबसूरत कहानी और इमोशन को गहराई से छूने के लिए जाने जाते हैं। दर्शकों को शाहरुख खान के साथ-साथ फिल्म के अन्य अभिनेताओं का अभिनय भी पसन्द आया था।



# सच्ची कहानी ना होती तो शायद कोई यकीन नहीं करता: जावेद अख्तर



शुरुआती तीन दिनों में फिल्म चंदू चैंपियन के कलेक्शन में जबरदस्त उछाल आया। दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 47 प्रतिशत बढ़ा और तीसरे दिन की कमाई 40 प्रतिशत तक बढ़ गई। फिल्म को आईएमडीबी पर 10 में से 8.9 की रेटिंग मिली है और अब जावेद अख्तर ने भी यह फिल्म देखने के बाद इस बारे में अपना रिएक्शन दिया है। दिग्गज स्क्रिप्ट और लिरिक्स राइटर जावेद अख्तर ने फिल्म देखने के बाद एक्स पर लिखा, चंदू चैंपियन देखी। अगर यह 100 प्रतिशत सच्ची कहानी ना होती तो शायद कोई इस पर यकीन नहीं करता। खासतौर पर मैंने सेकेंड हाफ बहुत एन्जॉय किया। कबीर खान के ताज में एक और नगीना। कार्तिक आर्यन इस नाटकीय भूमिका में कमाल का सरप्राइज देते हैं। विजय राज ने कमाल का काम किया है। सिनेमैटोग्राफर संदीप चटर्जी का काम गजब का है। एडिटर को मेरा सलाम है। जावेद अख्तर के इस ट्वीट को ढेरों लोगों ने लाइक और रीट्वीट किया है। बता दें कि कबीर खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म मुरलीकांत पेटकर की जिंदगी पर आधारित है। भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मैडलिस्ट मुरलीकांत की कहानी काफी सरप्राइजिंग है।

फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले एक्टर कार्तिक आर्यन ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब डायरेक्टर कबीर खान ने पहली बार उन्हें फिल्म की स्क्रिप्ट सुनाई थी तो उनका रिएक्शन यही था कि क्या वाकई ऐसा सच में हुआ था? कार्तिक आर्यन ने फिल्म के लिए कई हफ्तों तक चीनी छोड़ दी थी। फिल्म का ट्रेलर रिलीज के साथ ही वायरल हो गया था और अब फिल्म को भी काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। निर्देशक कबीर खान दर्शकों को अभी तक 83, बजरंगी भाईजान, एक था टाइगर, ट्यूबलाइट और फैंटम जैसी फिल्में दे चुके हैं। बता दें कि कार्तिक आर्यन और विजय राज स्टारर फिल्म चंदू चैंपियन बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है। फिल्म का ओपनिंग डे कलेक्शन कुछ खास नहीं था, लेकिन फिर बाक्स ऑफिस कलेक्शन में जबर्दस्त उछाल देखने को मिला।

# जोधपुर में युवती की गर्दन और हाथ काटे, लाश बीकानेर में कचरा डंप यार्ड में फैंकी- लिव इन पार्टनर युगल गिरफ्तार

## हनुमानगढ़ जिले की युवती ने प्रेमी के साथ मिलकर लोन हर्ष हत्याकांड को दिया अंजाम, मांस काटने वाले कटर से शरीर के टुकड़े किए, कटी गर्दन और पैर गंदे पानी के नाले में बरामद हुए

तेज | रिपोर्टर बीकानेर





बीकानेर की पुलिस ने हनुमानगढ़ जिले की मूल निवासी एक युवती और झुंझुनू जिले के एक युवक को एक युवती की लोमहर्षक हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बीकानेर की पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने आज बीकानेर में प्रेस वार्ता कर बताया कि संगीता राजपूत (35) पत्नी स्व. गोपाल सिंह निवासी चक 26 एसटीजी थाना पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ और विकास मान (37) पुत्र स्व. लीलाधर जाट निवासी भीर तहसील बुहाना जिला झुंझुनू को मुस्कान (34) पत्नी मोहम्मद रफीक निवासी शंकरनगर वार्ड नंबर 9 पाली की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विगत 15 जून को बीकानेर में जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में कोटड़ी-घडसीसर अंडरब्रिज के पास कोटडि रोड पर कचरा डंपिंग यार्ड में एक महिला की लाश मिली थी, जिसकी गर्दन और दोनों हाथ कटे हुए थे। यह लाश पड़े होने की सूचना पर थाना प्रभारी सीआई सुरेंद्र पचार दलबल सहित मौके पर पहुंचे। बाद में खुद पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा समेत अधिकारी भी घटनास्थल पर जांच पड़ताल करने के लिए आए। मृतक युवती की पहचान और हत्यारों का पता लगाने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक महिला की बहुत ही निर्मम तरीके से हत्या किए जाने का यह मामला बहुत ही संगीन था। तब तक ना तो मृतक युवती के बारे में पता था कि वह कौन है और ना ही किन लोगों ने किस वजह से हत्या की है, इसका भी कोई अंदाजा था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआउटी में अनेक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को शामिल कर अलग-अलग टास्क दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गठित की गई अलग-अलग टीमों ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया, वहीं मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय कर जानकारियां जुटाई। घटनास्थल के पास लगातार 24 घंटे 5 दिनों तक उस रूट पर आने-जाने वाले लोगों के बारे में भी जानकारियां जुटा गईं। बीकानेर शहर में रहने वाले संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की गई। आदान बदमाशों के बारे में भी पता लगाया गया। तकनीकी तरीके से भी साक्ष्य जुटाए गए। उन्होंने बताया कि मृतक युवती के बारे में पता लगाने तथा उसकी हत्या करने वालों का सुराग लगाने में गंगाशहर थाना में नियुक्त हवलदार हेतराम तथा कोतवाली थाना के एक सिपाही शिवराज की अहम भूमिका रही। उनके द्वारा दी गई महत्वपूर्ण सूचनाओं के आधार पर संगीता तथा विकास को गिरफ्तार कर लिया गया।

### वैश्यावृत्ति और ब्लैकमेलिंग!

जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना के प्रभारी सीआई सुरेंद्र पचार ने बताया कि यह हत्याकांड वेश्यावृत्ति तथा ब्लैकमेलिंग से जुड़ा हुआ है। मुख्य आरोपी संगीता मूल रूप से हनुमानगढ़ जिले में पीलीबंगा थाना क्षेत्र के चक 26 एसटीजी की निवासी है, जो फिलहाल जोधपुर जिले के मंडोर थाना अंतर्गत नरसिंह विहार लालसागर में एक फ्लैट में किराए पर रह रही थी। उसके साथ गिरफ्तार किया गया विकास मान भी जोधपुर में एयरपोर्ट पुलिस थाना अंतर्गत कन्हैयानगर शिकारगढ़ में रह रहा था, जबकि वह मूल रूप से झुंझुनू जिले में बुहाना तहसील क्षेत्र के गांव भीर का निवासी है। उन्होंने बताया कि संगीता के पति गोपालसिंह की मृत्यु हो चुकी है। वह जोधपुर में रहकर वैश्यावृत्ति का धंधा करने लगी। शादीशुदा विकास मान पत्नी और बच्चों को छोड़कर संगीता के साथ ही रहने लगा। वह संगीता के वेश्यावृत्ति के धंधे में दलाल का काम करता था। मृतक का मुस्कान 5-6 वर्ष पहले संगीता के पास आई थी। वह भी वेश्यावृत्ति करती थी। संगीता ने उससे जोधपुर में वेश्यावृत्ति करवानी शुरू कर दी। थानाधिकारी के अनुसार मुस्कान ने जोधपुर में रहते हुए कभी किसी को नहीं बताया कि वह कहां की रहने वाली है। पिछले हफ्ते उसकी हत्या होने और हत्याकांड की जांच के दौरान पता चला कि वह पाली शहर के वार्ड नंबर 9 में शंकरनगर निवासी मोहम्मद रफीक की पत्नी थी। थानाधिकारी ने बताया कि कुछ अर्सा पहले संगीता और मुस्कान में किसी बात को लेकर अनबन हो गई। मुस्कान बार-बार संगीता को धमकी देने लगी कि वह उसके खिलाफ उससे जबरदस्ती वेश्यावृत्ति करवाने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाएगी।यह धमकी देकर वह संगीता और विकास मान से रुपए ऐंठने लगी थी। उसकी ब्लैकमेलिंग से यह दोनों तंग आ गए।

### गंदे नाले में मिले सिर और हाथ

थाना अधिकारी सुरेंद्र पचार ने बताया कि मृतक युवती की पहचान होने और उसकी हत्या करने वालों को पकड़ने के बाद खुलासा हुआ कि इस हत्या को जोधपुर में अंजाम दिया गया था। संगीता और विकास ने 14 -15 जून की रात को जोधपुर में ही मुस्कान की हत्या कर दी थी। उसकी लाश को मांस काटने वाले कटर से काटा गया। उसकी गर्दन और दोनों हाथ काट दिए गए। गर्दन और दोनों हाथों को जोधपुर में पांच बत्ती चौराहा के समीप एक गंदे पानी के नाले में फेंक दिए गए। दोनों आरोपी कार में मुस्कान की सिर कटी लाश लेकर बीकानेर आए और कोटडी रोड पर कचरा डंपिंग यार्ड में फेंक कर चले गए। लाश के टुकड़ों को अलग-अलग स्थानों पर इसलिए फेंका गया कि मुस्कान की पहचान नहीं हो पाए। दोनों आरोपियों को आज अदालत में पेश करने पर पुलिस को इस सनसनीखेज हत्याकांड की समस्त कड़ियों को जोड़ने के लिए रिमांड मिला है।

### एसआइटी में शामिल अधिकारी और कर्मी

इस ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम द्वारा गठित किए गए विशेष जांच दल (एसआईटी) में वृताअधिकारी सदर रमेश आईपीएस, वृताधिकारी नगर आरपीएस श्रवणदास संत,वृताधिकारी गंगाशहर आरपीएस शालिनी बजाज, जय नारायण व्यास थाना प्रभारी सीआई सुरेंद्र पचार, कोटगेट थाना प्रभारी सीआई मनोज शर्मा,बीछ्वाल थाना प्रभारी सीआई नरेश निर्वाण, सदर थाना प्रभारी सीआई सत्यनारायण गोदारा,जिला विशेष दल (डीएसटी) के प्रभारी सीआई कुलदीप चारण, कोतवाली थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर परमेश्वर सुथार, मुक्ताप्रसादनगर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रेणु बाला, व्यास कॉलोनी थाना में सब इंस्पेक्टर नरेंद्र और साइबर सेल के प्रभारी एएसआई दीपक यादव शामिल रहे। दोनों आरोपियों को साइबर थाना प्रभारी सीआई गोविंद व्यास, व्यास कॉलोनी थाना में सब इंस्पेक्टर नरेंद्र, एएसआई दिलीपसिंह, हवलदार हेतराम और मुकेश, सिपाही शिवराज, कपिल, अमित, ईमीचंद तथा धर्मेंद्र की टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। वारदात का खुलासा करने में हवलदार हेतराम तथा सिपाही शिवराज का विशेष योगदान रहा।

# जिला परिषद कर्मचारी और अधिवक्ताओं में कार पार्किंग को लेकर उठे विवाद का प्रशासन के हस्तक्षेप से पटाक्षेप



तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर

जिला परिषद परिसर में एक अधिवक्ता द्वारा पार्क की गई कार को नगर परिषद के स्टोर में पहुंचा देने से उठा विवाद का आज शाम जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से समाप्त हो गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) की उपस्थिति में दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों में वार्ता करवाई गई। अधिवक्ता संघर्ष समिति व जिला परिषद कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक जिला कलेक्टर के मीटिंग हॉल में संपन्न हुई।जिसमें बार एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन व कर्मचारी संगठनों द्वारा संचालित धरना प्रदर्शन को लेकर बातचीत हुई। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दोनों पक्षों से सोहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत करते हुए बिना किसी शर्त के अपने-अपने आंदोलन वापस लेने हेतु प्रस्ताव रखा,जिसे दोनों पक्षों ने स्वीकार करते हुए सर्व समिति से तय किया कि दोनों पक्ष अपना आंदोलन आज ही तुरंत प्रभाव से वापस लेते हुए समाप्त करेंगे।भविष्य में एक-दूसरे के साथ कोई मतभेद या मनभेद नहीं रखेंगे। यह समझौता होने पर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सोमवार से सुचारू रूप से अपना कार्य करेंगे। विगत बुधवार की दोपहर को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुलसिंह ने जिला परिषद परिसर में खड़ी एक कार को नगर परिषद के स्टोर में पहुंचा दिया गया था। यह कार एक वरिष्ठ अधिवक्ता कुलदीप बिश्नोई की थी। कुलदीप बिश्नोई किसी काम से जिला परिषद में आए थे। काम करने के बाद वे जिला परिषद से बाहर आए तो उन्हें अपनी कार नहीं मिली। बाद में उनको पता चला की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने नगर परिषद के अमले को बुलवाकर कार को नगर परिषद के स्टोर में भिजवा दिया था। इस पर अधिवक्ता भड़क गए।दूसरी तरफ जिला परिषद के कर्मचारी भी अधिवक्ताओं द्वारा अनेक आरोप लगाए जाने पर आक्रोश जताने लगे।दोनों पक्षों में काफी तनातनी हुई। कल गुरुवार को भी न केवल तनातनी बरकरार रही बल्कि दोनों पक्षों के लोगों ने धरने-प्रदर्शन शुरू कर दिए। इस दौरान काफी संख्या में अधिवक्ता प्रदर्शन करते हुए पुलिस बल को धकेल कर जिला परिषद परिसर में आ गए,जहां पंचायती राज संस्थाओं के कर्मचारी, सरपंच और प्रधान आदि धरना दिए हुए थे। दोनों पक्षों के आमने-सामने हो जाने से टकराव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई थी। इस मामले को लेकर जहां जिला परिषद और पंचायत समिति के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए,वहीं अधिवक्ताओं ने भी अदालतों के कामकाज का बहिष्कार कर दिया। यह हड़ताल आज भी जारी रही। दोनों तरफ से धरने प्रदर्शन किए गए। दोपहर बाद एडीएम (प्रशासन) की मध्यस्थता में दोनों पक्षों में समझौता हो जाने से मामले का पटाक्षेप होगया।

# जैन कॉलेज के पास दो पक्षों में झगड़ा, पिता-पुत्र समेत अनेक घायल

## » दोनों पक्षों की तरफ से एक दूसरे के खिलाफ मुकदमे

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर



स्थानीय हनुमानगढ़ मार्ग पर मार्ग पर जैन गर्ल्स कॉलेज के समीप दो पक्षों में जमकर झगड़ा फसाद हो गया,जिसमें पिता पुत्र समेत अनेक लोग घायल हो गए। झगड़े के दौरान एक मोटर गैरेज वर्कशॉप में खडी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा।सदर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों द्वारा दी गई रिपोर्ट तथा बयानों के आधार पर परस्पर मुकदमे दर्ज किए हैं। झगड़ा-फसाद कर दोनों पक्षों के सदर थाना में आए तो भाजपा नेता अशोक चांडक भी थाने में पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों की बात सुनी तथा पुलिस को दोनों तरफ से मुकदमे दर्ज कर निष्पक्ष जांच करने के लिए कहा। पुलिस के अनुसार इस झगड़े में निकटवर्ती चक 18-एमएल हिरणावाली निवासी हर्ष (17) और उसका पिता सुरेश घायल हो गए जबकि दूसरे पक्ष के भी एक दो व्यक्तियों के चोटे लगी हैं।इनमें हर्ष के काफी गंभीर चोटे आई हैं।हर्ष के भाई दीपक खत्री (22) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर जैन कॉलेज के पास एक गैराज में हर्ष तथा उसके पिता से मारपीट करने के आरोप में 5-7 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दीपक ने बताया कि वह रीको में एक ऑयल मिल में काम करता है। उसका छोटा भाई हर्ष जैन गर्ल्स कॉलेज के समय एक लकड़ी मिस्त्री के यहां काम करता है। कल गुरुवार 10-11 बजे हर्ष ने फोन कर बताया कि मिस्त्री उसे गालियां दे रहा है। मारपीट कर उसे बाहर निकाल दिया है। मिस्त्री ने फोन करके कुछ लड़कों को बुला रखा है,जो उसे मारने के लिए खड़े हैं।दीपक के मुताबिक वह और उसका पिता जब जैन कॉलेज के पास पहुंचे तो हर्ष को एक गैराज में पांच-सात युवक बुरी तरह से पीट रहे थे। इसी दौरान उसका चाचा टोनी खत्री भी वहां आ गया। उन्होंने गैराज की गेट को धक्का मारा और हर्ष को छुड़वाने की कोशिश की उक्त युवकों ने उसके पिता के सिर पर चोट मारी।खुद उसके भी कान पर चोट लगी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों ने आकर बीच बचाव किया। उधर, नीरज पटेल निवासी सुदामानगर में पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह वरुण मिड्ढा के मोटर गैराज में मैकेनिक का काम करता है।कल गुरुवार सुबह 10:20 से 10:50 के बीच वह हैप्पी वर्मा, विष्णु तथा मनजीत पेंटर के साथ गैराज में साफ सफाई का काम कर रहा था। तभी सुरेश नायक निवासी सद्भावनानगर मोटरसाइकिल पर आया। उसके 5 मिनट बाद सुरेश और उसके साथ आए अन्य लोग दुकान के अंदर आ गए।उनके पीछे एक ऑल्टो कार में सवार होकर पांच व्यक्ति आये। उन्होंने कार गैराज के आगे रोक दी।सुरेश और उसके साथ आए लोगों ने ईंटें फैंकनी शुरू कर दी,जिससे गेराज में खड़ी गाड़ियों में से एक रिट्ज गाड़ी का रियर ग्लास टूट गया। अन्य कारों के डैंट पड़ गए।उक्त लोग गैरेज के अंदर आ गए। उसी समय उसका भाई ओमप्रकाश भी वहां आ गया जो किसी गैराज में काम करता है।वह गैराज के बाहर रुका तो ऑल्टो कार में सवार होकर आने वाले लोगों ने लोहे की रोड से उसे पर हमला कर दिया।ओमप्रकाश के सिर में चोट लगी। वह भी अस्पताल में भर्ती है। इस झगड़े का पता चलने पर गैरेज का मालिक वरुण मिड्ढा निवासी सद्भावनानगर भी वहां आ गया।उसने बीच बचाव किया तो उक्त हमलावर वहां से भाग गए। इस बीच वहां पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि दोनों तरफ से मामले दर्ज कर लिए गए हैं। झगड़ा का कोई कारण अभी सामने नहीं आया।

# प्रगतिशील कुम्हार सभा के जिलाध्यक्ष महेंद्र बागड़ी पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा

## श्रीकरनपुर रोड जीएसएस में जाकर कर्मचारी से मारपीट और गाली-गलौज,सरकारी कागजात फाड़े

**श्रीगंगानगर. संजय सेठी।** जिला प्रगतिशील कुम्हार सभा के जिला अध्यक्ष महेंद्र बागड़ी पर सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पुरानी आबादी थाना में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक श्रीकरनपुर रोड पर स्थित जेसीटी मिल ग्रिड सब स्टेशन (जीएसएस) में तैनात विद्युत निगम के एक कर्मचारी आनंद कुमार वाल्मीकि निवासी वृंदावन एंक्लेव द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर महेंद्र बागड़ी पर शराब के नशे में जीएसएस में आकर गाली-गलौज करने, सरकारी कागजात फाड़ने और सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। आनंद वाल्मीकि ने बताया कि वह 19 जून को दोपहर 2 से रात 10 बजे की शिफ्ट की ड्यूटी पर था। रात्रि 9:30 बजे महेंद्र बागड़ी जीएसएस में आया और जाति सूचक गालियां निकालते हुए मारपीट करने लगा।उसने सरकारी दस्तावेज को फाड़ दिया। महेंद्र बागड़ी ने बिजली की सप्लाई फोन-ऑफ करने से भी उसे रोका। आनंद वाल्मीकि ने आरोप लगाया है कि उस समय महेंद्र बागड़ी शराब के नशे में था। पुलिस ने बताया की धारा 332, 353 और अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसकी जांच डीएसपी (अजा/जजा) विष्णु खत्री कर रहे हैं।

## बेहोश मिले युवक की इलाज के दौरान मौत

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में सदर थाना अंतर्गत हनुमानगढ़ मार्ग पर रीको उद्योग विहार एरिया में तीन दिन पूर्व बेहोशी की हालत में मिले एक युवक की आज सुबह एक प्राइवेट हॉस्पिटल में मृत्यु हो गई। रीको पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई हेतराम ने बताया कि लगभग 30 वर्षीय यह युवक 18 जून को रीको उद्योग विहार में ही एक फैक्ट्री के सामने रोड पर बेहोश पड़े मिला था। आपातकाल सेवा 108 की एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बाद में युवक की पहचान मनोज ओड राजपूत (30) निवासी चक 3-जेजे, थाना पदमपुर के रूप में हुई। सूचना दिए जाने पर परिवार वालों ने मनोज को रीको के ही एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवा दिया। उसने आज सुबह लगभग 3 बजे दम तोड़ दिया। मनोज रीको उद्योग विहार में रहकर ही फैक्ट्री में मजदूरी करता था। प्रारंभिक तौर पर पता चला है कि वह अत्यधिक नशा करने का आदी था। संभवतः उसकी मौत नशे की ओवरडोज के कारण हुई है। उसके पिता अमरचंद द्वारा दी गई रिपोर्ट पर आज मर्ग दर्ज की गई। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को दे दी गई। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर मृत्यु के सही कारण का पता चलने की संभावना है।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ जिले में नई मंडी घडसाना थाना क्षेत्र में सतराना के पास ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी पत्नी और पुत्र घायल हो गए।पुलिस के अनुसार बुधवार रात लगभग 8 बजे यह हादसा हुआ ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार नत्थूराम ओड (40) निवासी चक 3- एसएडी मसानीवाला जैतसर,उसकी पत्नी लाली देवी (40) और पुत्र सुनील (14) को लोगों ने घड़साना की सरकारी अस्पताल में पहुंचाया।वहां डॉक्टरों ने नाथूराम को मृत घोषित कर दिया। लालीदेवी और सुनील के काफी चोटे लगीं।दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। मृतक नत्थूराम के भाई नैनूराम द्वारा दी गई रिपोर्ट पर ट्रैक्टर ट्राली के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को नैनूराम ने बताया कि उसका भाई नत्थूराम पत्नी और पुत्र के साथ बुधवार शाम को मोटरसाइकिल पर रावला जा रहा था। रात 8:30 बजे उसे फोन पर पता चला कि नत्थूराम का सतराना के पास एक्सीडेंट हो गया है। वहां जाने पर लोगों ने बताया कि मोटरसाइकिल में एक ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से यह हादसा हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद नत्थूराम की लाश परिवार वालों को दे दी।

# पेट्रोल-डीजल के दाम पड़ोसी राज्यों के समान तथा राजस्थान को सरसों प्रदेश घोषित करने का सुझाव

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर



मस्टर्ड ऑयल एंड प्रोड्यूसर एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा दी सेंट्रल ऑर्गेनाइजेशन फॉर ऑल इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड के महासचिव दीपक कांडा ने बजट के मद्देनजर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सुझाव दिया है कि प्रदेश में पड़ोसी राज्यों के समान डीजल- पेट्रोल के दाम किए जाएं, वहीं राजस्थान को सरसों प्रदेश घोषित भी किया जाए। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में दीपक कांडा ने कहा है कि राजस्थान देश में 40 से 50 प्रतिशत सरसों की पैदावार होती है। इसलिए राजस्थान को सरसों प्रदेश घोषित किया जाए।पूरे देश में सबसे ज्यादा सरसों, सरसों तेल और सरसों खल की सप्लाई राजस्थान द्वारा की जाती है। उन्होंने राजस्थान को सरसों प्रदेश घोषित किए जाने के साथ ही किसानों और औद्योगिक इकाइयों को राहत देने के अन्य सुझाव भी दिए हैं। कांडा ने कहा है कि इसके साथ ही किसानों और औद्योगिक इकाइयों को जीएसटी में छूट और बिजली के बिलों में भी छूट दी जाए। औद्योगिक इकाइयों के लिए रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध करवाने का भी सरकार प्रावधान करें। किसानों को अनुदान देने के साथ ही कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)की दरों को भी ठीक किया जाना चाहिए। द गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन केअध्यक्ष रहे दीपक कांडा में कहा है कि इन छूटों से किसानों और औद्योगिक इकाइयों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। सरसों उत्पादक प्रदेश घोषित होने पर हर प्रकार के करों और सरकारी शुल्कों में भी छूट दी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी संकल्प है कि देश हर मामले में आत्मनिर्भर बने। आत्मनिर्भर भारतीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार जितनी रियायत दे सकती है,देनी चाहिए। इससे प्रदेश का विकास और किसानों को लाभ मिलेगा।देश में सरसों के उत्पादन में वृद्धि भी होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री को अलग से प्रेषित पत्र में कहा है कि राजस्थान में पड़ोसी राज्यों की तुलना में डीजल और पेट्रोल के दाम ज्यादा हैं।इसका सबसे अधिक भार किसानों और आम वर्ग पर पड़ रहा है। इस कारण कृषि लागत भी अधिक हो जाती है।किसानों को कृषि जिंसों का उचित लाभ तथा भाव नहीं मिल पाता। उन्होंने विशेष रूप से जिक्र किया है कि श्रीगंगानगर जिला पंजाब एवं हरियाणा के साथ सटे होने के कारण पेट्रोल डीजल के भाव में काफी अंतर होने से यहां कारोबार तथा आम लोग प्रभावित हो रहे हैं।इसलिए राजस्थान में भी पेट्रोल और डीजल के मूल्य पंजाब व हरियाणा के बराबर करने का प्रावधान बजट में किया जाए।

# तूफान से खाजूवाला में भारी नुकसान कहीं टीन शेड उड़े तो कहीं पेड़ गिरे

तेज | रिपोर्टर बीकानेर

बीकानेर के खाजूवाला में बीती रात तूफान की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए, वहीं काफी नुकसान भी हुआ है। एक घायल को पीबीएम अस्पताल के लिए रैफर करना पड़ा है। दरअस, बीती रात खाजूवाला सहित बीकानेर जिले के कई हिस्सों में तूफान आया। तेज हवाओं के कारण कहीं विद्युत पोल गिर गए तो कहीं पेड़ गिर गए। बीकानेर रेलवे स्टेशन पर भी एक पेड़ गिरने से रास्ता जाम हो गया। खाजूवाला के 25 केवाईडी के पास मोटरसाइकिल सवार पर पेड़ गिर गया। बाइक सवार 24 केवाईडी निवासी राजेश बिश्नोई घायल हो गया। उसके हाथ में फैक्चर हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बीकानेर रैफर करना पड़ा। वहीं 3 एसएसएम के नूर मोहम्मद, 1 पीएचएम निवासी धनी देवी, 6 एसएसएम निवासी नूरा व 32 हेड निवासी माया देवी भी चोटिल हो गए। ये सभी अपने अपने चक में सो रहे थे। तूफान के कारण अलग-अलग कारणों से घायल हो गए। किसी के यहां पशुओं के टीन शेड उड़ गए तो किसी के यहां पोल ही धराशायी हो गए। बिजली विभाग के पोल और ट्रांसफार्मर का भी काफी नुकसान हुआ है। कालुवाला के पास ग्वार के नीरे के स्टॉक में लगी भी रात को आग लग गई। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सियासर माइनर के पास भी काफी पेड़ गिर गए। इंदिरा गांधी नहर के 32 हेड के पास तूफान के कारण टीन शेड पड़ोस के घर में आकर गिरे, जिससे माया देवी घायल हो गई। दोनों हाथों में गंभीर चोट लगी है। करीब आधे घंटे तक तूफान चला। हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटा के आसपास रही। टीन शेड सहित कई सामान उड़ गए। बीकानेर में भी देर रात तूफान से काफी नुकसान हुआ है। रेलवे स्टेशन के डाक बंगले के पास स्थित गेट पर काफी पुराना पेड़ टूट गया। पेड़ के चारों तरफ टाइल्स लगा दी गई थी। ऐसे में पेड़ जड़ के बजाय ऊपर से टूटकर सड़क पर आ गया।

## सादुलशहर के वार्ड नम्बर 1 में नियमित जलापूर्ति

**श्रीगंगानगर।** सादुलशहर के वार्ड नम्बर 1 में पाईपलाईन में आये व्यवधान को दूर करते हुए उच्च जलाशय से सभी जल सप्लाई नियमित रूप से सुचारू कर दी गई है। सहायक अभियंता पेयजल ने बताया कि सादुलशहर के वार्ड नम्बर 1 में बने उच्च जलाशय की मोटर, पम्प व पहली लाईन में तत्कालीन मौजूदा राईजिंग पाईपलाईन में गत दिनों से लगातार समस्याएं आ रही थी, पेयजल व्यवस्था प्रभावित न हो, इस कारण पम्प हाउस पर लगी नवीन मोटर पम्प को उच्च जलाशय के लिये प्रयोग में लिये जाने का निर्णय लिया गया। नई पाईपलाईन व नई मोटर पम्प के कमिशनिंग में ओन साईट त्रुटि होने के कारण पुनः पुरानी पाईपलाईन व मोटर पम्प को जुड़वाकर संबंधित जोन में सप्लाई सुचारू करवा दी गई है।

# संदीप कासनिया ने अपने जन्मदिन पर सीएचसी में मरीजों को किए फल वितरित

तेज | कैलाश सोनी. सूरतगढ़



पूर्व विधायक रामप्रताप कासनिया के पुत्र संदीप कासनिया ने अपने जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ में मरीजों को फल वितरित करते हुए उनकी कुशलक्षेम पूछी। इसके पश्चात कासनिया ने चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉक्टर नीरज सुखीजा के द्वारा सीएचसी में करवाए गए विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि चिकित्सालय के विकास के लिए कासनिया परिवार द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉक्टर नीरज सुखीजा ने संदीप कासनिया को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर भारत भूषण, डॉक्टर लोकेश अनुपानी, डॉक्टर हनुमान प्रसाद, नर्सिंग सुपरीटेंडेंट सुरेंद्र पारीक, राजस्थान राज्य नर्सिंग एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष शीशपाल बिजारणिया, नर्सिंग ऑफिसर मुन्नी चौधरी, नर्सिंग ऑफिसर राकेश बिश्नोई, नर्सिंग ऑफिसर राकेश नायक, नर्सिंग ऑफिसर उषा बार्बर, राधा, कृष्ण व सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## राजस्थान ब्लाइंड जूडो संघ द्वारा योगाभ्यास

**श्रीगंगानगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजस्थान ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं श्री जगदम्बा अंध विद्यालय के संयुक्त नेतृत्व में राजस्थान ब्लाइंड जूडो संघ के मुख्य संरक्षक परमहंस स्वामी ब्रह्मदेव के सानिध्य में एवं स्वामी निजानंद के निर्देशन में आज योगाभ्यास किया गया।राजस्थान ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के महासचिव मालचंद योगी, उपाध्यक्ष विजयसिंह नेगी, सदस्य राजाराम ढाका और लीगल एडवाइजर एडवोकेट पूर्णराम घोड़ेला के मार्गदर्शन में जगदंबा अंध विद्यालय के सभागार में सभी जूडोकाओं ने योग अभ्यास किया।

# सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे विश्व में फैलना आज विश्व शांति के लिए आवश्यक है



प्रहलाद सबनानी

आज एक बार पुनः भारत के भीतर जहां-जहां इस्लाम को मानने वाले लोगों की संख्या बहुलता को प्राप्त हो गई है, वहां वहां पर अनेक प्रकार की सामाजिक विसंगतियां, दमन और शोषण के नए-नए स्वरूप देखे जा रहे हैं। केरल, कश्मीर, पूर्वोत्तर भारत, बंगाल जहां जहां उनकी संख्या बहुलता में है, वहां -वहां दूसरे धर्म और जाति के लोग परेशान हैं। उपस्थित तथ्यों से सत्य को समझना चाहिए। इन आंकड़ों के आलोक में हमें समझना चाहिए कि हमारी बहू, बेटियां, महिलाओं की इज्जत कब तक सुरक्षित रह सकती है?

यूरोप में हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में दक्षिणपंथी कहे जाने वाले दलों की राजनैतिक ताकत बढ़ी है। हालांकि सत्ता अभी भी वामपंथी एवं मध्यमार्गीय नीतियों का पालन करने वाले दलों की ही बने रहने की सम्भावना है परंतु विशेष रूप से फ्रान्स एवं जर्मनी में इन दलों को भारी नुक्सान हुआ है। इटली की देशप्रेम से ओतप्रोत दल की मुखिया जोरजीया मेलोनी को अच्छी सफलता हासिल हुई है। कुल मिलाकर यूरोपीय देशों के नागरिकों में देशप्रेम का भाव धीमे धीमे लौट रहा है एवं वे अब अपने अपने देश में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों का विरोध करने लगे हैं। विशेष रूप से यूरोप के आस पास के मुस्लिम बहुल देशों से भारी संख्या में मुस्लिम नागरिक अवैध रूप से इन देशों में शरण लिए हुए हैं एवं अब वे इन देशों की कानून व्यवस्थ के लिए एक बहुत बड़ी समस्या बन गए हैं। जर्मनी एवं फ्रान्स ने मुस्लिम नागरिकों को मानवीय आधार पर अपने देश में बसाने में शिथिल नीतियों का पालन किया था और अब ये दोनों देश इस संदर्भ में विभिन्न समस्याओं का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं।

आज जब कई मुस्लिम देश शिया एवं सुन्नी सम्प्रदाय के नाम पर आपस में ही लड़ रहे हैं तो उनका ईसाई पंथ को मानने वाले नागरिकों के साथ सामंजस्य किस प्रकार रह सकता है, अतः यूरोपीयन देशों के नागरिकों को अब अपने किए पर पश्तावा होने लगा है। ब्रिटेन में भी आज मुस्लिम समाज की आबादी बहुत बढ़ गई है एवं यहां का ईसाई समाज अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगा है क्योंकि मुस्लिम समाज द्वारा ईसाई समाज पर कई प्रकार के आक्रमण किया जाना आम बात हो गई है। ब्रिटेन के कई शहरों में तो मेयर आदि जैसे उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के पदों पर भी मुस्लिम समाज के नागरिक ही चुने गए है अतः इन नगरों में सत्ता की चाबी ही अब मुस्लिम समाज के नागरिकों के हाथों में है, जिसे ईसाई समाज के नागरिक बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसी प्रकार, इजराईल (यहूदी समुदाय) एवं हम्मास (मुस्लिम समुदाय) के बीच युद्ध लम्बे समय से चल रहा है। ईरान (शिया समुदाय) - सऊदी अरब (सुन्नी समुदाय) के आपस में रिश्ते अच्छे नहीं है। पाकिस्तान में तो अहमदिया समुदाय एवं बोहरा समुदाय को मुस्लिम ही नहीं माना जाता है एवं इनको गैर मुस्लिम मानकर इन पर सुन्नी समुदाय द्वारा खुलकर अत्याचार किए जाते हैं। कुल मिलाकर, मुस्लिम समाज न केवल अन्य समाज के नागरिकों (यहूदी, ईसाई, हिंदू आदि) के साथ लड़ता आया है बल्कि इस्लाम के विभिन्न फिर्कों के बीच भी इनकी आपसी लड़ाई होती रही है।

इसके ठीक विपरीत, सनातन हिंदू संस्कृति का अनुपालन करते हुए कई भारतीय मूल के नागरिक भी अन्य देशों में रह रहे हैं एवं लम्बे समय से स्थानीय स्तर पर ईसाई समाज एवं अन्य धर्मों के अनुयायियों के साथ मिल जुलकर रहते आए हैं। इन देशों में भारतीय मूल के नागरिकों एवं स्थानीय स्तर पर अन्य धर्मों के अनुयायियों के बीच कभी भी बड़े स्तर पर आक्रोश उत्पन्न होता दिखाई नहीं दिया है, क्योंकि सनातन हिंदू संस्कृति में ह्ववसुधैव कुटुम्बकमह्व एवं ह्वसर्वे भवंतु सुखिनःह्व का भाव हिंदू नागरिकों में बचपन से ही भरा जाता है।



इसी प्रकार के भाव का संचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पिछले 99 वर्षों से अपने स्वयंसेवकों में जगाता आया है। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। 27 सितम्बर 1933 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक पूजनीय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार, शस्त्र पूजा समारोह में अपने उदबोधन में कहते हैं कि संघ एक हिंदू संगठन है। संसार के सभी धर्मों में हिंदू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है, जिसका मुख्य गुण सद्गुण है और जो आत्मवत भूतेषु (सभी प्राणियों में अपने को देखना) की भावना से सभी जीवों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना सिखाता है। यह धर्म संसार में व्याप्त हिंसा और अन्याय को स्वीकार नहीं करता। इसलिए स्वाभाविक है कि प्रत्येक हिंदू ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाना चाहता है। लेकिन केवल उपदेश देने से संसार का स्वभाव नहीं बदलेगा। जब संसार को लगेगा कि हिंदू समाज सुसंगठित और सशक्त हो गया है, तो हमारे प्रति जो अनादर का भाव सर्वत्र दिखाई देता है, वह समाप्त हो जाएगा और संसार हमारी बात सुनेगा। हिंदू धर्म अनादि काल से यही करता आ रहा है और ऐसे पवित्र धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए ही संघ की शुरूआत हुई है ह्व आजकल हिंदू समाज बहुत अव्यवस्थित हो गया है। संघ का एकमात्र उद्देश्य हिंदू समाज को इस तरह संगठित करना है कि हिंदू, हिंदुस्तान में गर्वित हिंदू के रूप में खड़े हो सकें और दुनिया को यह विश्वास दिला सकें कि हिंदू कोई ऐसी जाति नहीं है जो मरणासन्न अवस्था में हो। संघ चाहता है कि संसार में सद्गुणों का बोलबाला हो। संघ का लक्ष्य मानव जाति में व्याप्त राक्षसी प्रवृत्ति को दूर करना और उसे मानवता सिखाना है। संघ का गठन किसी से घृणा करने या उसे नष्ट करने के लिए नहीं हुआ है ह्व

हाल ही में जारी की गई प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में ह्वधार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी का देशभर में विश्लेषणह्व नामक विषय के माध्यम से बताया गया है कि बहुसंख्यक हिंदुओं की आबादी 1950 और 2015 के बीच 7.82% घट गई है। जबकि मुस्लिमों की आबादी में 43.15% की वृद्धि हुई है। मुस्लिमों की 1950 में 9.84% रही आबादी 14.09% पर पहुंच गई है। ईसाई धर्म के लोगों की आबादी की हिस्सेदारी 2.24% से बढ़कर 2.36% हुई है। ठीक ऐसे ही सिख समुदाय की आबादी 1.24% से बढ़कर 1.85% हो गई है। भारत में सद्गुणों से ओतप्रोत हिंदू नागरिकों की जनसंख्या यदि इस प्रकार घटती रही तो यह भारत के साथ पूरे विश्व के लिए भी अच्छा संकेत नहीं है क्योंकि अल्पसंख्यक के नाम पर मुस्लिम आबादी (जो कि अपने धर्म के प्रति एक कट्टर कौम मानी जाती है तथा अन्य धर्मों के लोगों के प्रति बिलकुल सहशुण नहीं है और वक्त आने पर अन्य समाज के नागरिकों का कत्लेआम करने में भी हिचकिचाते नहीं है) में बेतहाशा वृद्धि होना, पूरे विश्व के लिए एक अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता है।

यह बात ध्यान रखने वाली है कि ईरान कभी आर्यों का अर्थात पारसियों का देश था। इराक, सऊदी अरब ,पश्चिम एशिया के समस्त मुस्लिम देश 1400 वर्ष पूर्व भारतीय संस्कृति और सभ्यता को मानने वाले देश थे। तलवार के बल पर 57 देश इस्लाम को स्वीकार कर चुके हैं इनमें से कोई भी ऐसा देश नहीं है जो 1400 वर्ष पहले से अर्थात सनातन की भांति सृष्टि के प्रारंभ से मुस्लिम देश था। 1398 ईसवी में ईरान भारत से अलग हुआ, 1739 में नादिरशाह ने अफगानिस्तान को अपने लिए एक अलग रियासत के रूप में प्राप्त कर लिया, बाद में 1876 में यह एक स्वतंत्र देश के रूप में अस्तित्व में आ गया,1937 में म्यांमार बर्मा अलग हुआ, 1911 में श्रीलंका अलग हुआ और 1904 में नेपाल अलग हुआ। सांप्रदायिक आधार पर देश विभाजन का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका इसके पश्चात 1947 में पश्चिमी एवं पूर्वी पाकिस्तान देश बना। पूर्वी पाकिस्तान आज बांग्लादेश के रूप में मानचित्र पर उपलब्ध है।

आज एक बार पुनः भारत के भीतर जहां-जहां इस्लाम को मानने वाले लोगों की संख्या बहुलता को प्राप्त हो गई है, वहां वहां पर अनेक प्रकार की सामाजिक विसंगतियां, दमन और शोषण के नए-नए स्वरूप देखे जा रहे हैं। केरल, कश्मीर, पूर्वोत्तर भारत, बंगाल जहां जहां उनकी संख्या बहुलता में है, वहां -वहां दूसरे धर्म और जाति के लोग परेशान हैं। उपस्थित तथ्यों से सत्य को समझना चाहिए। इन आंकड़ों के आलोक में हमें समझना चाहिए कि हमारी बहू, बेटियां, महिलाओं की इज्जत कब तक सुरक्षित रह सकती है? निश्चित रूप से तब तक जब तक कि भारतवर्ष सनातनी हिंदुओं के हाथ में है। हमें इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए कि अब हम सांप्रदायिक आधार पर देश का पुनः विभाजन नहीं होने दें। नोवाखाली जैसे नरसंहारों की पुनरावृत्ति अब हमारे देश में नहीं होनी चाहिए। भारत-पाकिस्तान के विभाजन के समय जिस प्रकार लाखों करोड़ों लोगों को घर से बेघर होना पड़ा था, उस इतिहास को अब दोहराया नहीं जाना चाहिए। भारत में आंतरिक स्थिति ठीक नजर नहीं आती है परंतु विश्व के कई अन्य देशों में सनातन संस्कृति को तेजी से अपनाया जा रहा है, तभी तो कहा जा रहा है कि विश्व में आज कई समस्याओं का हल केवल हिंदू सनातन संस्कृति को अपना कर ही निकाला जा सकता है।

## संपादकीय

### बढ़ती गर्मी, घटता पानी

गर्मी के कारण हाल बेहाल है। समूचा उत्तर भारत तप रहा है। बुजुर्गों की स्मृति में भी नहीं है कि उन्होंने पहले कभी इतनी प्रचंड गर्मी की लगातार मार सही हो। दिल्ली और एनसीआर जैसे क्षेत्रों से लू के कारण मरने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। और दूसरी तरफ जब देश की राजधानी दिल्ली में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है तो देश के जलाभाव वाले क्षेत्रों में क्या स्थिति होगी, उसकी कल्पना करना कठिन नहीं है। जो हो रहा है, वह अनायास या अचानक नहीं हो रहा है। दुनिया भर के पर्यावरणविद् और जलवेत्ता वर्षों से इस स्थिति की आशंका के प्रति चेतावनी जारी करते रहे हैं। भारत में भी बदलते



तापमान और तद्जन्य समस्याओं को लेकर लगातार अपनी बातें सामने रखते रहे हैं। पानी के संकट को लेकर और देश भर में भूजल स्तर की डरावनी गिरावट को लेकर भी चेतावनियां जारी होती रही हैं। इसका कारण खोजने के लिए अतिरिक्त अन्वेषण की जरूरत नहीं है। असंतुलित विकास की भेंट चढ़े देश के वन जंगल, निर्ममता से नष्ट किए गए स्थानिक जल स्रेत और जल संसाधनों पर तीव्र गति से बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण यह स्थिति पेश हुई है। देश भर में गांव-देहातों तक जिन छोटी-छोटी नदियों का जाल बिछा हुआ था और जो पोखर तालाब जल के संरक्षण के मुख्य वाहक होते थे, वे अब कहीं दिखाई नहीं देते। मनुष्य के अनियंत्रित लालच और हर स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार ने स्थितियों को कई गुना जटिल किया है तिस पर राजनीतिक दलों की बेहयाई समस्या की आग में घी डालती रहती है। सबसे ज्यादा मौजूदा उदाहरण इस समय दिल्ली का है। दिल्ली में दिल्लीवासियों की कथित सेवा को समर्पित आम आदमी पार्टी की सरकार है, और केंद्र में देश हित के लिए जीने-मरने का दावा करने वाली भाजपा सरकार है और तमाशा यह है कि दोनों ही पार्टियों के प्रतिनिधि दिल्ली के जल संकट के लिए एक दूसरे पर पूरी बेशर्मी से हल्ला बोल रहे हैं। जब दिल्ली के लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं उस समय दो जिम्मेदार पार्टियों और उनकी सरकारों के इस रवैये को शर्मनाक ही कहा जा सकता है। कहने में कोई संकोच नहीं कि अगर वास्तविक समस्याओं के प्रति जिम्मेदारी राजनीतिक दलों को रुख इतना गैर-जिम्मेदार है, तो देश और इसकी राजधानी को आने वाले भयानक संकटों से कोई नहीं बचा पाएगा।

## चिंतन-मनन

### कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे।

वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

# पुराने कानूनों पर पुनर्विचार करेगी नई संसद



सनत जैन

सन् 2024 में नई संसद का गठन होने जा रहा है। इस बार संसद में भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। सही मायनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो तीसरी सरकार बनी है वही वास्तविक एनडीए की सरकार है। एनडीए की वर्तमान सरकार में पिछले 10 वर्षों में संसद द्वारा जो कानून पास किए गए हैं उन पर पुनर्विचार किए जाने की संभावनाएं बलवती हो गई हैं।

पिछले 10 सालों में संसद में विपक्ष बहुत कमजोर था। निश्चित संख्या में विपक्षी राजनीतिक पार्टी का बहुमत नहीं होने से विपक्षी दल के नेता का पद भी विपक्ष के पास नहीं था। बहुमत के आधार पर संसद में बिना चर्चा के बिल पास कराने के दर्जनों उदाहरण हैं। संसद में बिल पेस करने के पहले निर्धारित प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया गया। आनन-फानन में बहुमत के आधार पर लोकसभा से बिल पारित कर दिए गए, जिसके कारण संविधान में प्रदत्त नागरिकों की समानता और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों का ध्यान भी नहीं रखा गया। कानून बनाते समय सरकार के पास असीमित अधिकार हों इसको ध्यान में रखते हुए कानून बनाए गए। अब नई संसद गठित होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी के पास सदन में स्पष्ट बहुमत नहीं है। सहयोगी दलों के साथ मिलकर सरकार चलाना पड़ेगी। वहीं इस बार संसद में विपक्ष पहले की तुलना में बहुत मजबूत है और एकजुट है। ऐसी स्थिति में संभावना व्यक्त की जा रही है कि जो भी कानून पिछले 10 वर्षों में पारित किए गए हैं उन पर हर हालत में पुनर्विचार करना इस सरकार की मजबूरी होगी। सभी नागरिकों के लिए न्याय, समानता और स्वतंत्रता संविधान के मौलिक अधिकारों के तहत हो। इसके लिए नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर भारी विवाद है।

भारतीय दंड संहिता (अपराधिक कानून विधेयक) के कई प्रावधान इस तरह से किए गए हैं जिसका देश में भारी विरोध हो रहा है। मैरिटल रेप राज ध्रुव के नए प्रावधान पुलिस को असीमित अधिकार न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती, मोटर व्हीकल एक्ट इत्यादि के कई ऐसे प्रावधान हैं जिनके परिणाम पर चिंता किए बिना इसे लागू किया जाना है। भारतीय दंड संहिता के जो तीन नए कानून हैं यह 1 जुलाई 2024 से लागू होने हैं, जिसके कारण स्पष्ट है कि यह मामला संसद के पहले सत्र में ही पुनर्विचार की मांग को लेकर विपक्ष अपना दबाव बनाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम 2023 में हंगामे के बीच पारित किया गया। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने जो दिशा निर्देश दिए थे, उनका पालन नहीं किया गया। जिसका असर 2024 के लोकसभा चुनाव में स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। ऐसी स्थिति में इस कानून में भी संशोधन को लेकर विपक्ष दबाव बनाएगा। केंद्र सरकार और राज्यों के बीच खदान एवं खनिज अधिनियम को लेकर भी पिछले कई वर्षों से विवाद चल रहा है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में संवैधानिक पीठ कर रही है। इस नवीन कानून के द्वारा केंद्र ने अपनी शक्तियों को काफी बढ़ा लिया है और राज्यों की शक्तियों को कम कर दिया है। ऐसी स्थिति में इस पर भी भारी दबाव सरकार पर पड़ना तय माना जा रहा है। इसी तरह ट्रासजेंडर व्यक्ति अधिनियम 2019 के प्रावधान भी भेदभाव पूर्ण होने के कारण इस पर भी विपक्ष द्वारा पुनर्विचार करने की और संशोधन करने की मांग इसी संसद सत्र में की जा सकती है। अपने तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को कई मामलों में अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ेगा वहीं पिछले 10 सालों में ईडी, सीबीआई और आयकर एवं अन्य जांच एजेंसी के माध्यम से विपक्ष को समाप्त करने की कोशिश की गई है, उसको लेकर भी विपक्ष एकजुट हुआ है। एकजुट विपक्ष से लड़ना सरकार के लिए आसान नहीं होगा। पिछले 10 सालों में सरकार ने विपक्ष के लिए जो गड्ढे खोदे थे विशेष रूप से भ्रष्टाचार के मामलों में विपक्ष को जेल के सीखचों तक पहुंचाया गया था। विपक्ष को चुनाव लड़ने से रोकने की कोशिश की गई थी। आर्थिक एवं आपराधिक मामलों में दोषी बनाकर विपक्ष को खत्म करने के लिए जो हथकंडे अपनाए गए थे, विपक्ष अब उन्हीं हथकंडों को सरकार के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए एकजुट हुआ है। निश्चित रूप से नई संसद में पुराने कानून पर विचार होगा। उसमें सरकार को संशोधन भी करने होंगे। कई याचिकाएं इन सारे मामलों की सुप्रीम कोर्ट में लगी हुई हैं। निश्चित रूप से जब संसद में दबाव बढ़ेगा तो सुप्रीम कोर्ट में लंबित याचिकाओं पर सुनवाई होगी और फैसला आएगा। इन सारी स्थितियों को देखते हुए नई संसद का पहला सत्र काफी महत्वपूर्ण होने जा रहा है।

इसमें सरकार को बजट भी पेश करना है। जुलाई के पहले बजट को पास कराना है। सरकार ने मनी बिल के रूप में बहुत सारे बिल पास कराकर सांसदों और संसद के अधिकार भी सरकार के नियंत्रण में आ जाने से सांसदों और संसद के अधिकार पहले की तुलना में बहुत कम हो गए हैं। अब विपक्ष के मजबूत हो जाने के कारण निश्चित रूप से आशा की जा सकती है कि बहुमत के आधार पर जो बिल और कानून पास कराए जा रहे थे उनके स्थान पर अब विवेक पूर्वक पक्ष और विपक्ष विभिन्न मसलों पर चर्चा करने के बाद ही आम सहमति से कानूनो के संशोधन पर पुनर्विचार करेगी। विपक्ष जिस तरह से एकजुट है, जिस आक्रामक ढंग से वह अपनी बात सदन के बाहर रख पा रहा है, उससे ज्यादा प्रभावी और आक्रामक ढंग से संसद के अंदर वह अपनी बात रखेगा। इस तरह की आशा की जा रही है।

# ग्रीष्म लहरों से मौत को रोकने के लिये कार्ययोजना

भारत लगातार जारी ग्रीष्म लहरों के चपेट में है। मई- जून 2024 में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में तापमान पिछले 124 वर्षों में सर्वाधिक उच्च स्तर लगभग 50 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया। ग्रीष्म लहर भारत के लिये कोई नई परिघटना नहीं है, लेकिन इस वर्ष उल्लेखनीय यह है कि उसका समयपूर्व आगमन हुआ है और देश के उत्तर-पश्चिमी सेदक्षिण-पूर्वी हिस्सों तक उसका व्यापक स्थानिक प्रसार रहा है। यह उपयुक्त समय है कि देश को ग्रीष्म लहरों और संबद्ध चरम मौसमी घटनाओं से निपटने के लिये ठोस योजनाओं का निर्माण करना चाहिये। ग्रीष्म लहरों के जानलेवा प्रभावों को कम करने के लिये पूर्व-चेतावनी प्रणाली, हीट-प्रूफ शेल्टर और व्यापक रूप से वृक्षारोपण महत्त्वपूर्ण है। ग्रीष्म लहर असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि है जो भारत के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिण-मध्य भागों में ग्रीष्मकाल के दौरान उत्पन्न होती है। यह वायु के तापमान की वह स्थिति है जिसके संपर्क में आना मानव शरीर के लिये घातक हो जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग उस स्थिति को ग्रीष्म लहर के रूप में वर्गीकृत करता है जब मैदानी इलाकों में तापमान कम से कम 40.सी (और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30.सी) तक पहुँच जाए और यह सामान्य तापमान से कम से कम 5-6.सी की वृद्धि को इंगित करता हो। भीषण गर्मी का आसन्न कारण वर्षा-युक्त पश्चिमी विक्षोभ या उष्णकटिबंधीय तूफान की अनुपस्थिति है जो उत्तर भारत में भूमध्यसागर से वर्षा लाते हैं।भारत में पहले से ही गर्म शहरों में ग्लोबल वार्मिंग और जनसंख्या वृद्धि का संयोजन बढ़ते हुए 'हीट एक्सपोजर' का प्राथमिक चालक है। 'अर्बन हीट आइलैंड' शहरों के भीतर भी तापमान की वृद्धि करता है,जिसकी त्वरा ग्रीष्म लहरों के दौरान और बढ़ जाती है। यह स्थिति तब बनती है जब जब शहर प्राकृतिक भूमि आवरण को फुटपाथ, इमारतों और अन्य ठोस सतहों के घने सांद्रता से प्रतिस्थापित कर देते हैं जो गर्मी को अवशोषित करते हैं और देर तक बनाए रखते हैं। मई-जून के माह में भारत में ग्रीष्म लहरों की उपस्थिति एक सामान्य घटना है, लेकिन देश के कई हिस्सों में धीरे-धीरे बढ़ते अधिकतम तापमान के कारण वर्ष 2024 में ग्रीष्म लहरों की समय-पूर्व उत्पत्ति की स्थिति बनी। भारत मौसम विज्ञान विभागके अनुसार भारत में ग्रीष्म लहर दिवसों की संख्या वर्ष 1981-1990 के 413 से बढ़कर वर्ष 2011-2020 में 600 हो गई है। ग्रीष्म लहर दिवसों की संख्या में यह तेज वृद्धि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव के कारण घटित हुई है। ग्रीष्म लहरों के कारण जान गँवाने वाले लोगों की संख्या भी वर्ष 1981-1990 में 5,457 से बढ़कर वर्ष 2011-2020 में 11,555 हो गई है। वर्ष 1967 से अब तक पूरे भारत में ग्रीष्म लहरों के कारण 39,815 लोगों की मौत हो चुकी है। भू-जलवायु और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के कारण सबसे अधिक मौतें उत्तर प्रदेश (6,745) में हुई हैं; इसके बाद आंध्र प्रदेश (5,088), बिहार (3,364), महाराष्ट्र (2,974), पंजाब (2,720), मध्य प्रदेश (2,607), पश्चिम बंगाल (2,570), ओडिशा (2,406), गुजरात (2,049), राजस्थान (1,951), तमिलनाडु (1,443), हरियाणा (1,116), तेलंगाना (1,067), दिल्ली (996), झारखंड ( 855), कर्नाटक (560), असम (348) आदि राज्यों का स्थान है, जबकि शेष 12 राज्यों में 954 लोग मौत के शिकार हुए।महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस साल भीषण गर्मी ने राज्य में 25 लोगों की जान ले ली है। ये ग्रीष्म लहरें बहुत अधिक हानिकारक हैं। इसके मुख्य प्रभाव निम्नलिखित हैं -1.मानव मृत्यु दरः बढ़ते तापमान, जन जागरूकता कार्यक्रमों की कमी और अपर्याप्त दीर्घकालिक शमन उपायों के कारण ग्रीष्म लहरों से मृत्यु की स्थिति बनती है।टाटा सेंटर फॉर डेवलपमेंट और शिकागो विश्वविद्यालय की वर्ष 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2100 तक जलवायु परिवर्तन से प्रेरित अत्यधिक ताप के कारण सालाना5 मिलियन से अधिक लोगों के मरने की संभावना होगी।बढ़ी हुई गर्मी से मधुमेह और परिसंचरण एवं श्वसन संबंधी रोगों के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि होगी। 2.अर्थव्यवस्था पर प्रभावः ग्रीष्म लहरों की लगातार घटनाएँ अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। उदाहरण के लिये, कार्य दिवसों के नुकसान के कारण गरीब और सीमांत किसानों की आजीविका नकारात्मक रूप से प्रभावित होती है। ग्रीष्म लहरों का इन श्रमिकों की उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है।वर्ष 2019 की ILO रिपोर्ट के अनुसार भारत ने वर्ष 1995 में 'हीट स्ट्रेस' के कारण लगभग3% कार्य घंटे गंवाए थे और वर्ष 2030 में इससे 5.8% कार्य घंटे गंवा देने की संभावना है।रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2030 में हीट स्ट्रेस के कारण कृषि और निर्माण क्षेत्र दोनों में से प्रत्येक में 4% कार्य घंटों का नुकसान हो सकता है। 3.फसल की क्षति और खाद्य असुरक्षाः अत्यधिक गर्मी और सूखे की घटनाओं से फसल उत्पादन का नुकसान हो रहा है और वृक्ष सूख रहे हैं।चरम गर्मी से प्रेरित श्रम उत्पादकता हानि से खाद्य उत्पादन को अचानक लगने वाले झटके से स्वास्थ्य एवं खाद्य उत्पादन के लिये जोखिम और अधिक गंभीर हो जाएँगे।ये परस्पर प्रभाव खाद्य कीमतों में वृद्धि करेंगे, घरेलू आय को कम कर देंगे और विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कुपोषण और जलवायु संबंधी मौतों को बढ़ावा देंगे। 4.श्रमिकों पर प्रभावः वर्ष 2030 में कृषि और निर्माण जैसे क्षेत्रों से संलग्न श्रमिक गंभीर रूप से प्रभावित होंगे क्योंकि भारत की एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिये इन क्षेत्रों पर निर्भर है।भारत के लिये इस पर विचार करना भी उचित होगा कि अनिश्चित श्रम बाजार स्थिति वाले देशों और क्षेत्रों को इस तरह की चरम गर्मी के साथ उच्च उत्पादकता हानियों का सामना करना पड़ सकता है।समग्र रूप से भारत में हीट स्ट्रेस के कारण वर्ष 2030 में लगभग 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियों का नुकसान हो सकता है। 5.कमजोर वर्गों पर विशेष प्रभावः जलवायु विज्ञान समुदाय ने वृहत साक्ष्यों के साथ दावा किया है कि ग्रीनहाउस गैसों और एरोसोल के उत्सर्जन में वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय कटौती नहीं की जाएगी तो ग्रीष्म लहर जैसी चरम घटनाओं के भविष्य में और अधिक तीव्र, आवर्ती और दीर्घावधिक होने की ही संभावना है।यह याद रखना महत्त्वपूर्ण है कि भारत में ग्रीष्म लहर की घटनाओं में हजारों कमजोर और गरीब लोगों को प्रभावित करने की क्षमता है, जबकि जलवायु संकट में उन्होंने सबसे कम योगदान किया है।ग्रीष्म लहर प्रभाव शमन रणनीति के मामले में भारत की स्थितिऐसी आपदाओं से निपटने के लिये वर्ष 2015 से पहले कोई राष्ट्रस्तरीय 'हीटवेव एक्शन प्लान'' मौजूद नहीं था।क्षेत्रीय स्तर पर अहमदाबाद नगर निगम ने वर्ष 2010 में विनाशकारी ग्रीष्म लहरों से हुई मौतों के बाद वर्ष 2013 में पहला हीट एक्शन प्लान तैयार किया था।वर्ष 2016 में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने ग्रीष्म लहरों के प्रभाव को कम करने हेतु राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख रणनीति तैयार करने के लिये व्यापक दिशानिर्देश जारी किये थे। हालाँकि चरम मौसम संबंधी आघातों के शमन और उनके प्रति अनुकूलन के लिये कुछ निवारक उपाय किये गए हैं, लेकिन इस तरह की पहलें ग्रीष्म लहरों से लोगों की मौतों को रोकने के लिये अपर्याप्त ही साबित हुई हैं क्योंकि निवारक उपायों, शमन और तैयारी कार्यों को लागू करना जटिल बना हुआ है।

\- संजय गोस्वामी

# अमेरिका ने रूसी कंपनी के सॉफ्टवेयर को बैन करने की घोषणा की




वाशिंगटन। अमेरिका ने साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की द्वारा बनाए गए एंटीवायरस सॉफ्टवेयर की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने कहा कि रूसी सरकार की आक्रामक साइबर क्षमताओं और कैस्परस्की के संचालन को प्रभावित करने या निर्देशित करने की क्षमता के कारण अमेरिका में कंपनी के संचालन से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। कैस्परस्की अब आम तौर पर अन्य गतिविधियों के अलावा अमेरिका में अपने सॉफ़्टवेयर नहीं बेच सकेगी और न ही पहले से उपयोग किये जा रहे सॉफ़्टवेयर के अपडेट प्रदान करने में सक्षम होगी। वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो ने कहा, रूस ने बार-बार दिखाया है कि उनके पास कैस्परस्की लैब जैसी रूसी कंपनियों का शोषण करने की क्षमता और इरादा है, ताकि वे संवेदनशील अमेरिकी जानकारी एकत्र कर सकें और हथियार बना सकें। हम अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और अमेरिकी लोगों की सुरक्षा के लिए अपने पास मौजूद हर उपकरण का उपयोग करना जारी रखने वाले हैं। अमेरिका में कैस्परस्की सॉफ्टवेयर की बिक्री पर 20 जुलाई से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। रूसी बहुराष्ट्रीय कंपनी 29 सितंबर तक मौजूदा यूजरों को सॉफ्टवेयर अपडेट प्रदान करने में सक्षम होगी। कैस्परस्की का सॉफ्टवेयर यूजरों को ट्रोजन, स्पाइवेयर और अन्य साइबर खतरों से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# खालिस्तानी आतंकवादियों ने लगाई नागरिक अदालत, भारत ने जताई आपत्ति

टोरंटो। भारत ने वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा नागरिक अदालत लगाने और भारत के प्रधानमंत्री का पुतला जलाने पर कनाडा सरकार के सामने कड़ा विरोध जताया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारत ने कनाडा के उच्चायोग को राजनयिक नोट जारी कर खालिस्तानी आतंकवादियों की हालिया कार्रवाइयों और नागरिक अदालत आयोजित करने पर गंभीर आपत्ति जताई है। नोट में भारत ने कनाडाई उच्चायोग को जस्टिन ट्रूडो सरकार द्वारा कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों को दी जा रही शह की कड़ी निंदा की है। कनाडा की संसद ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की याद में मौन रखा गया था, जिसके एक दिन बाद भारत ने यह आपत्ति जताई है। निज्जर की पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या दी गई थी।

# तलाक के लिए आईफोन को बताया दोषी, ठोका मुकदमा, पत्नी ने पकड़ लिया था रंगे-हाथों

लंदन। इंग्लैड के अज्ञात व्यक्ति ने पत्नी से तलाक के लिए आईफोन को जिम्मेदार ठहराते हुए एप्पल कंपनी पर मुकदमा ठोक दिया है। युवक का दावा है कि उसकी पत्नी को सेक्स वर्कर्स के साथ उसकी संबंधों का पता उनके साझा आईमेक के जरिए चला, जहां उसके आईमैसेज उसके आईफोन से डिलीट होने के बावजूद बने रहे। यही वजह है कि शख्स ने 6.3 मिलियन डॉलर का मुकदमा किया है। शख्स को इस बात की जानकारी नहीं थी कि ऐपल का सिंक फीचर एक ही ऐपल आईडी वाले डिवाइसों पर मैसेज को सुरक्षित रखता है। ऐसे जब उनकी पत्नी को यह सबूत मिला और उन्होंने तलाक के लिए अर्जी दायर कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस अनजान शख्स ने लंदन बेस्ड लीगल फर्म रोसेनब्लाट के जरिए आईफोन मेकर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। मुकदमा इस तर्क पर केंद्रित है कि आईमैसेज के फंक्शन में अलग-अलग डिवाइस पर मैसेज को हटाने के संबंध में स्पष्टता का अभाव है। शख्स का मानना है कि अगर यह खुलासा इस तरह से नहीं होता, तो शायद शादी को बचाने का एक मौका होता। शख्स का तर्क है कि उनकी पत्नी को इस बारे में काफी गलत तरीके से पता चला। उनके मुताबिक अगर वे अपनी पत्नी से तर्कसंगत तरीके से बात कर पाते और तो उन्हें इस बात का शायद इतना गलत अहसास नहीं होता और वे शायद शादीशुदा होते। शख्स ने कहा कि यदि आपको बताया जाता है कि कोई मैसेज हटा दिया गया है तो आपको ये मानने का अधिकार है कि वह हटा दिया गया है। शख्स ने कहा कि अगर मैसेज में ये लिखा होता कि इन मैसेज को केवल इस डिवाइस से डिलीट कर दिया गया है। तब भी आपके पास समझने को एक हिंट होता। उन्होंने आगे कहा कि मैसेज केवल इस डिवाइस में डिलीट किए गए हैं। ऐसा कहना ज्यादा साफ तौर पर इंडिकेट करता। अब वह ऐपल को जवाबदेह ठहराने के लिए कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और ऐसे अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए सामूहिक मुकदमा दायर करने पर विचार कर रहे हैं, जिन्होंने तकनीकी गलतफहमी के कारण इसी तरह की स्थितियों का सामना किया हो। वह अन्य पुरुषों के लिए सामूहिक मुकदमा दायर करना चाहते हैं, जो अपने फोन का इस्तेमाल करना नहीं जानते।

# पुतिन ने तानाशाह को तोहफे में दी कार...

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जब उत्तर कोरिया के दौरे पर पहुंचे तब अपने मित्र और तानाशाह किम जोंग उन को ऐसा तोहफा दिया, जिसकी चमक पूरी दुनिया में फैल गई। पुतिन ने लिमोजिन कार तानाशाह किम जोंग को तोहफे में दी है। इस कार को रॉल्स रॉयल्स की कॉपी कहा जा रहा है, लेकिन कार की खासियत दुनियाभर की गाड़ियां इसके आगे पानी भरती हैं। न सिर्फ कीमत बल्कि फीचर्स भी कार को पूरा बंकर बना देते हैं।

दरअसल, ऑरस लिमोजिन कार को खासतौर पर पुतिन के लिए ही बनाया गया है। जाहिर है कि इसकी खूबियां भी जबरदस्त होंगी। इस कार को पुतिन के खास निर्देश पर बनाया गया है और पहली बार साल 2018 में उतारी गई। इसका डिजाइन रूस की कंपनी नामी ने तैयार किया है, जबकि मॉडल को रूस की सेंट्रल साइंटिफिक रिसर्च ऑटोमोबाइल और ऑटोमोटिव इंजन इंस्टीट्यूट ने मिलकर विकसित किया है। ऑरस कंपनी की इस सीनेट ब्रांड के 3 मॉडल आते हैं। इसमें स्टैंडर्ड सीनेट, सीनेट लांग और सीनेट लिमोजिन शामिल है। रूसी कंपनियों का कहना है कि यह 1940 में सोवियत काल के समय बनी जेडआईएस 110 सोवियत लिमोजिन से प्रेरित है। किम जोंग उन के पास पहले से ही मर्सिडीज के चार मॉडल और एक लेक्सस कार है। अब उनके बेड़े में रूस की यह सुपर कार भी शामिल हो गई है।

यह कार 6,700 मिमी (6.70 मीटर) लंबी है और इसका वजन 2,700 किलोग्राम है। कार को पूरी तरह बुलेट प्रूफ बनाया गया है और इस पर गोलियों या बम का जरा भी असर नहीं होता। चाहे गाड़ी पर बम फेका जाएं या जमीन में रखकर विस्फोट किया जाए, यह कार नीचे से ऊपर तक पूरी तरह सुरक्षित है। कार में सेल्फ कंटेन ऑक्सीजन सप्लाई सिस्टम है, जबकि टायर फ्लैट रबर से बने हैं। कार के अंदर ही सिक्योर लाइन कम्युनिकेशन सिस्टम है, जो दुनिया में कहीं भी बात करने की सुविधा देता है। इतना ही नहीं यह कार खुद भी कई तरह के घातक हथियारों से लैस है। ये फीचर कार को एक बंकर में तब्?दील कर देते हैं।

ऑरस लिमोजिन में 6.6 लीटर वी12 इंजन लगा है। यह 850 बीएचपी की पावर जेनरेट करता है। इसका इंजन बनाने में पोर्शे ने भी मदद की है। भारत में बिकने वाली लग्जरी एसयूवी फॉर्च्यूनर के मुकाबले इसमें 4 गुना से भी ज?यादा ताकत है। फॉर्च्यूनर 201 बीएचपी की पावर जेनरेट करता है। जाहिर है कि यह ऐसी 4-4 कारों को एकसाथ खींच सकता है। सबसे पहले इसे साल 2018 में उतारा गया था, तब इसकी कीमत 1.6 लाख डॉलर (1.32 करोड़ रुपये) थी। साल 2021 में इसकी कीमत रिवाइज करके 3 लाख डॉलर (2.40 करोड़ रुपये) कर दी गई। रूसी एजेंसियों के मुताबिक, 2024 में अब तक रूस में इसके 40 मॉडल की बिक्री हुई है। साल 2022 में सिर्फ 31 कारों की ही बिक्री हुई थी।



बांग्लादेश में आई बाढ़ के बीच ही पानी में डूबा नजर आ रहा सियालहाट इलाका।

# चीन ने फिलीपीन के साथ दोहराया गलवान... चाकू और कुल्हाड़ी से किया हमला

मनीला। दूसरे देशों की जमीन पर बुरी निगाह रखने वाले चीन ने दक्षिणी चीन सागर में गलवान जैसी घटना फिर की है। चीनी सैनिकों पर अपने पड़ोसी राष्ट्र फिलीपीन की नौसेना पर चाकू और कुल्हाड़ी लेकर हमला करने और जमकर लूटपाट करने का आरोप लगा है। फिलीपीन सेना ने चीनी सैनिकों की करतूत के वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किए हैं। फिलीपीन अधिकारियों ने चीन को लताड़ लगाकर समुद्री लूट करार दिया। वीडियो में चीनी सैनिकों की लूटपाट देखी जा सकती है। वे फिलीपीन सैनिकों पर चाकू और कुल्हाड़ी से हमला कर रहे हैं। फिलीपीन के सैन्य प्रमुख ने मांग की कि चीन विवादित तटवर्ती क्षेत्र में चीनी तटरक्षक द्वारा जब्त किए गए हथियार और उपकरण लौटाए और हमले में हुए नुकसान की भरपाई करे। फिलीपीन के अधिकारियों के अनुसार, आठ से अधिक मोटरबोट पर सवार चीनी तटरक्षक कर्मियों ने फिलीपीन की नौसेना की दो नौकाओं को बार-बार टक्कर मारी और उन पर चढ़ गए। इतना ही नहीं चीनी तटरक्षक कर्मियों ने फिलीपीन नौसेना कर्मियों को दक्षिण चीन सागर में अपनी नावों से रोक दिया। इन क्षेत्रों पर चीन अपना दावा करता आया है। चीनी सैनिकों ने पहले फिलीपीनो सैनिकों की नावों को टक्कर मारी और फिर वे हथियार लहराते हुए उनकी नावों में कूद गए। वीडियो में देखा जा सकता है कि चीनी कर्मियों ने नौकाओं को जब्त कर फिलीपीन सैनिकों पर हमला किया। चीनी सैनिक उनकी सेना के कई उपकरणों, आठ एम4 राइफलें भी अपने साथ लूटकर ले गए। फिलीपीन सशस्त्र बलों के प्रमुख जनरल रोमियो ब्रॉनर जूनियर ने कहा, चीनी सेना ने जो किया जो भुलाया नहीं जा सकता।

# सांसद चंद्रा आर्य ने खालिस्तान समर्थकों को कनाडा की संसद में सुनाई खरी-खरी

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्रा आर्य ने संसद में खड़े होकर खालिस्तान समर्थकों को जमकर कोसा। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि 23 जून को भारतीय विमान को हवा में उड़ा दिया गया था। इसके जिम्मेदार कनाडाई खालिस्तानी आतंकी थे। चंद्रा आर्य ने एक्स पर लोगों से 1985 एयर इंडिया बम विस्फोट के पीड़ितों की याद में एक समारोह में शामिल होने की अपील की। विमान पर हमले की यह 39वीं बरसी है। इसे आतंकवाद के पीड़ितों के लिए राष्ट्रीय स्मरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। चंद्रा आर्य ने कहा कि यह कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ी सामूहिक हत्या है। इसके बाद उन्होंने हाल ही में खालिस्तान समर्थकों की



ओर से भारतीय पीएम इंदिरा गांधी की हत्या का जश्न मनाने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, कनाडा की संसद में हाल ही में खालिस्तान समर्थकों की ओर से हिंदू भारतीय पीएम की हत्या का जश्न मनाया गया, जिसमें हिंसा और नफरत का महिमामंडन किया गया, जो दिखाता है कि अंधेरी ताकतें फिर सक्रिय हो गई हैं। ये दिखाता है कि देश के लिए आने वाला समय भयानक होगा।

23 जून 2024 को इस मेमोरियल सर्विस का आयोजन किया गया है, जिसमें उन्होंने लोगों को आने को कहा। यह आयोजन राजधानी ओटावा में डॉव झील के पास और ओंटारियो में क्वीन्स पार्क साउथ लॉन में स्मारक स्थल पर 12 बजे आयोजित की जाएगी। संसद में उन्होंने खालिस्तान समर्थकों की ओर से हिंसा को बढ़ावा देने का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 23 जून आतंकवाद के पीड़ितों के लिए स्मृति दिवस है। 39 साल पहले इसी दिन एयर इंडिया फ्लाइट 182 कनाडाई खालिस्तानी चरमपंथियों की ओर से लगाए गए बम से हवा में ही उड़ गई थी। उन्होंने आगे याद दिलाते हुए कहा कि विमान में सवार सभी 329 यात्री और चालक दल की मौत हो गई थी। कनाडा के इतिहास में यह सबसे बड़ा हमला माना जाता है। इस हमले में 268 कनाडाई लोगों की मौत हुई थी। मरने वालों में 27 ब्रिटिश और 24 भारतीय नागरिक थे।

# आतंकवाद से निपटने के लिए अभियोजन तंत्र को मजबूत बनाएं : राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने आतंकवाद और उग्रवाद से उत्पन्न खतरे का प्रभावी तरीके से मुकाबला करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने एवं उनके अभियोजन तंत्र में सुधार लाने का आह्वान किया है। समाचार पत्र 'डॉन' की एक खबर के अनुसार, जरदारी ने अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सुरक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

उन्हें कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दिए गए अधिकार में खामियों के बारे में भी बताया गया। ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान में लंबे समय से उग्रवाद है और वहां अक्सर सैन्य काफिलों एवं सुरक्षा कर्मियों पर हमले होते रहते हैं। बंदरगाह शहर ग्वादर में हुई बैठक में जरदारी ने प्रांतीय सरकार के प्रयासों के साथ-साथ आतंकवाद से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बलिदान की सराहना की, लेकिन उन्होंने सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। खबर में उनके हवाले से कहा गया है, अभियोजन तंत्र में सुधार की आवश्यकता है, ताकि आतंकवादी न्याय की जद से नहीं बच सकें।

प्रांत में सक्षम और बहादुर पुलिस अधिकारियों को तैनात करने की आवश्यकता है, क्योंकि इससे प्रांत में कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार होगा। एक्सप्रेस ट्रिब्यून समाचार पत्र की एक अन्य खबर के अनुसार, जरदारी ने राजनीतिक संवाद पर जोर देते हुए कहा कि बलूचिस्तान में समृद्धि, विकास और शांति लाने के लिए यही रास्ता है। राष्ट्रपति को बताया गया कि प्रांतीय सरकार चीनी और विदेशी नागरिकों को पूर्ण सुरक्षा मुहैया कराने के लिए कदम उठा रही है।

# इजराइल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सैकड़ों लोगों ने किया योग




## -भारतीय राजदूत सिंगला बोले-योग केवल शारीरिक मुद्राओं का अभ्यास नहीं

**तेल अवीव (एजेंसी)।** 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इजराइल में तीन सौ से ल्यादा लोगों ने पेरेस सेंटर फॉर पीस एंड इनोवेशन में योग किया और इसे अपने जीवन में हमेशा करने का संकल्प लिया। इस योग कार्यक्रम में प्रथम महिला मिशल हेर्जोग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और उन्होंने भी योग किया।

इस मौके पर इजराइल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इजराइल में भारतीय दूतावास ने तेल अवीव-याफो नगर पालिका और इजराइल के संस्कृति और खेल मंत्रालय के सहयोग से योग दिवस का आयोजन किया था। इस मौके पर हेर्जोग ने भारत और इजराइल के बीच गहरी दोस्ती पर बात की। हेर्जोग ने कहा कि आपने आज स्पष्ट रूप से दिखा दिया कि भारत परवाह करता है। भारत, इजराइल के साथ हमेशा खड़ा है। युद्ध के शुरुआती क्षणों में ही दोस्ती की यह भावना स्पष्ट दिखी।

हेर्जोग ने कहा कि भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी ने आगे आकर नरसंहार की निंदा की थी और हमारे बंधकों की रिहा करने की मांग की थी। इजराइल में भारतीय राजदूत संजीव सिंगला ने कहा कि योग की प्राचीन क्रिया ने सीमाओं और संस्कृतियों को पार किया है। उन्होंने कहा कि हम इस कालातीत परंपरा के सार पर विचार करें। योग की मूल शिक्षा केवल शारीरिक मुद्राओं का अभ्यास नहीं बल्कि इसे करने से एकता, करुणा और मन को शांति भी मिलती है। योग सत्र की शुरुआत दूतावास की योग शिक्षिका दर्शना राजपूत के नेतृत्व में योग मुद्राओं की प्रस्तुति से हुई।

# भारतीय छात्रों को ... अमेरिका में ट्रंप की गारंटी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** आव्रजन के मुद्दे पर अपने सख्त रुख में आश्चर्यजनक बदलाव कर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी कॉलेजों से ग्रेजुएशन करने वाले विदेशी छात्रों को सीधे ग्रीन कार्ड देने की इच्छा जाहिर की है। एक इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प ने कहा कि 'मैं जो करना चाहता हूं और जो करूंगा, वह यह है कि जब आप किसी कॉलेज से ग्रेजुएट होते हैं, तब मुझे लगता है कि आपको अपने डिप्लोमा के हिस्से के रूप में खुद-ब-खुद ग्रीन कार्ड मिलना चाहिए, इस देश में रहने में सक्षम होने के लिए एक ग्रीन कार्ड। उन्होंने प्रस्ताव में दो साल के जूनियर कॉलेजों और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के ग्रेजुएट को भी शामिल करने के लिए कहा।



ट्रम्प का यह बदला हुआ मिजाज अमेरिकी कॉलेजों में पढ़ रहे भारतीय छात्रों का जोश बढ़ाने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक 2022-23 शैक्षणिक वर्ष के दौरान अमेरिका में उच्च शिक्षा का विकल्प चुनने वाले भारतीय छात्रों की संख्या अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई। यह उछाल पिछले साल की तुलना में 35 फीसदी बढ़ोतरी को दिखाता है। आंकड़ों से पता चला है कि 200,000 से अधिक भारतीय छात्रों ने विभिन्न अमेरिकी संस्थानों में दाखिला लिया, जो कि एक नया रिकॉर्ड है।

कैरियर की संभावनाओं को बढ़ाने के मौके ने अमेरिका को भारतीय छात्रों के लिए एक पसंदीदा जगह बना दिया है। ट्रंप की यह ताजा टिप्पणी उनके विशिष्ट आप्रवासी विरोधी बयानबाजी को छोड़ने का संकेत देती है। ट्रम्प अक्सर आप्रवासियों को सार्वजनिक सुरक्षा, नौकरी की सुरक्षा और सरकारी संसाधनों के लिए खतरा बताते रहे हैं। जब दुनिया भर से सबसे अच्छे और प्रतिभाशाली लोगों को अमेरिका में लाने की योजना के बारे में पूछा गया, तब ट्रम्प ने जवाब दिया 'मैं इसका वादा करता हूं।

गौरतलब है कि ग्रीन कार्ड या स्थायी निवासी कार्ड, अमेरिकी नागरिकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ट्रम्प की योजना का उद्देश्य उन प्रतिभाशाली व्यक्तियों को अमेरिका में बनाए रखना है जिन्होंने अमेरिका में अपनी शिक्षा हासिल की है। जो अक्सर इन छात्रों को उनके गृह देशों में वापस लौटते हुए देखते हैं।

# इसरो के अंतरिक्षयात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी, रहने का मिलेगा प्रशिक्षण

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** इसरो के अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी चल रही है। वहां रहने और खुद को सरवाइव करने की ट्रेनिंग देकर उन्हे यात्रा पर भेजा जाएगा। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के भी एक अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय स्पेस सेंटर में रहने की ट्रेनिंग देगी। क्रिटिककल और आधुनिक तकनीक (आईसीईटी) को बढ़ावा देने के लिए भारत और अमेरिका मिलकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, पिछले साल हम भारत गए थे। मानवता की भलाई के लिए भारत और अमेरिका मिलकर काम करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष के क्षेत्र में हम मिलकर काम करेंगे और इसरो के एक अंतरिक्षयात्री को आईएसएस तक जाने, वहां रहने और लौटने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसे भविष्य में अंतरिक्ष विज्ञान को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर ये बातें कही हैं।

बिल नेल्सन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में नासा भारतीय अंतरिक्ष यात्री के साथ संयुक्त अभियान करेगा। बता दों कि दोनों एनएसए ने अंतरिक्ष उड़ान सहयोग और रणणनीतिक ढांचे के विकास के लिए बातचीत की। यह नासा और इसरो अंतरिक्षयात्रियों का पहला संयुक्त प्रयास होगा। संभव है कि इस साल के आखिरी में भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस के लिए उड़ान भरे। संभव है कि इसरो ट्रेनिंग के लिए चार अंतरिक्षयात्रियों का चुनाव करे। नासा और इसरो साथ नासा इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार यानी निसार को लॉन्च करने जा रहे हैं। यह मिशन जलवायु परिवर्तन से निपटने में सहयोगी हो सकता है। यह हर 12 दिन में दो बार पृथ्वी की मैपिंग करेगा। जेक सुलिवन और एनएसएस अजीत डोभाल बीच बातचीत के बाद यह ऐलान किया गया है। इस उपग्रह को नासा और इसरो ने मिलकर तैयार किया है। बता दें कि भारत के सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और उनके समकक्ष जेक सुलीवन के बीच हुई मुलाकात के बाद नेल्सन ने यह बात कही है। सुलिवन ने सोमवार को कहा था कि इसरो के अंतरिक्षयात्रियों को अडवांस ट्रेनिंग दी जाएगी।

# बलूचिस्तान में लगातार हो रहा सरकार के खिला विरोध प्रदर्शन, जबरन गायब किए गए लोगों की सुरक्षित रिहाई की मांग

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।** बलूचिस्तान के तुर्बत में फिदा चौक से सैकड़ों प्रदर्शनकारी जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने एकत्रित हुए और जबरन गायब किए गए लोगों की सुरक्षित रिहाई की मांग की। बलूच यकजहती समिति (BYC) ने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी प्रशासन ने इस मामले पर कोई ध्यान नहीं दिया है। शुक्रवार को यह विरोध प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा।

'तेज गर्मी में चार दिनों तक धरना देने के बाद, परिवार अब ष्ठ.ष्ट. कार्यालय की ओर मार्च कर रहे हैं, जहाँ वे अपने प्रियजनों के वापस आने तक अपना विरोध जारी रखेंगे। इस कठिन समय में, हम अपने देश से D.C. कार्यालय के सामने धरने में भाग लेने और अपने बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को प्रोत्साहित करने का आग्रह करते हैं, क्योंकि उनके दुख और तकलीफें शब्दों से परे हैं,' BYC ने X पर पोस्ट किया।

BYC ने यह भी बताया कि प्रदर्शनकारियों का स्वास्थ्य गंभीर रूप से बिगड़ रहा है क्योंकि पाकिस्तान में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। लेकिन, उन्होंने पुष्टि की कि जबरन गायब किए गए पीड़ितों को वापस लाने के लिए प्रदर्शनकारियों का दृढ़ संकल्प 'दृढ़' बना हुआ है।

बाद की पोस्ट में कहा गया अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी के लिए परिवारों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। इस भीषण गर्मी में वे अपनी जान की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि जिला प्रशासन छुट्टी पर होने का दिखावा कर रहा है। वे धरना प्रदर्शन में शामिल भी नहीं हो पा रहे हैं और इन बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों की बात भी नहीं सुन पा रहे हैं, जो बेहद निराशाजनक है। हम केच के लोगों से इस धरना प्रदर्शन में शामिल होने और अपने बुजुर्गों का समर्थन करने की अपील करते हैं, क्योंकि हम ही उनकी एकमात्र उम्मीद हैं।

इससे पहले, बीवाईसी ने घोषणा की थी कि तुर्बत के शहीद फिदा चौक पर चल रहा धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक जबरन गायब किए गए लोगों को सुरक्षित रिहा नहीं कर दिया जाता। बीवाईसी ने आगे कहा कि गायब हुए लोगों की सुरक्षित वापसी के बारे में स्थानीय प्रशासन के वादों के बावजूद, मौजूदा अधिकारियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

बीवाईसी ने कहा, 'ईद आ गई और चली गई, लेकिन बलूच परिवार ईद के बाद से लापता अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी की मांग करते हुए शहीद फिदा



चौक तुर्बत पर विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं। जिला प्रशासन ने पहले उन्हें उनके प्रियजनों की रिहाई का झूठा आश्वासन दिया था। अब, कोई भी राज्य प्राधिकरण उनकी मांगों को पूरा करने के लिए आगे नहीं आया है।' बलूच यकजहती समिति ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी इस मुद्दे पर एकजुटता दिखाने का आह्वान किया और उन सभी बलूच व्यक्तियों की रिहाई की मांग की जिन्हें जबरन गायब कर दिया गया है।

# टी20 विश्व कपः सुपर आठ में आज बांग्लादेश पर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**नॉर्थ साउंड (एजेंसी)।** भारतीय टीम का मुकाबला शनिवार को आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट के सुपर आठ चरण के दूसरे मैच में बांग्लादेश से होगा। भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में भी जीत के सिलसिले को बनाये रखना रहेगा। भारतीय टीम ने सुपर आठ के पहले मैच में अफगानिस्तान को आसानी से हराया है। टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में है जिसका लाभ उसे मिलेगा। अफगानिस्तान के खिलाफ सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या ने अच्छी बल्लेबाजी की थी जिससे वह यहां भी जारी रखना चाहेंगे। भारतीय टीम हालांकि इसके बाद भी बांग्लादेश को हल्के में नहीं लेगी। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली अब तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाये हैं और ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में अच्छी साझेदारी बनाना रहेगा। वहीं बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे भी अब तक इस सीरीज में रन नहीं बना पाये हैं ऐसे में उनपर भी तेजी से रन बनाने का दबाव रहेगा। आईपीएल वह जिस प्रकार से बड़े शॉट लगा रहे थे वैसे यहां नहीं लगा पाये हैं। उन्होंने केवल एक लीग मैच में अमेरिका के खिलाफ 31 रन बनाए अगर वह इस मैच में विफल रहे तो अगले मैच में उन्हें बाहर बैठना पड़ेगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक का बल्लेबाजी फॉर्म में लौटना भारतीय टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। वहीं गेंदबाजी में भारतीय टीम का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। स्पिनर कुलदीप यादव ने अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की थी। ऐसे में उन्हें इस मैच में भी बनाये रखा जाएगा। मैच के बाद अक्षर पटेल ने कहा था कि बाएं हाथ के तीन स्पिनरों को उतारने से टीम को दबाव बनाने का अवसर है। एक कलाई के स्पिनर और दो ऊंगली के स्पिनर होने से हमे लाभ हुआ है। इन तीनों का संयोजन जबर्दस्त रहा है। हमारे पास अच्छी टीम है और हमारा तालमेल बेहतरीन है।



हम आपस में बात करते हैं कि देखते हैं कि जीत के लिए किस चीज की जरुरत है।

भारतीय टीम इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर सेमीफाइनल के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना चाहेगी।

वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश के बल्लेबाजों का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा है जिससे वह दबाव में रहेगी। सुपर आठ में उसे अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से भी हार का सामना करना पड़ा था। अब वह अपनी उम्मीदें बनाए रखने के लिये हर हालत में जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। उसके पास पावर हिटर्स की कमी है। सलामी बल्लेबाजों लिटन दास और तंजीद खान का प्रदर्शन भी उम्मीद के अनुसार नहीं है। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो भी टीम के शीर्ष क्रम की असफलता से परेशान हैं। ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद उन्होंने कहा था कि शुरुआती बल्लेबाजों को रन बनाने होंगे। इसके अलावा उसके गेंदबाज भी लय में नहीं है जिससे भी टीम की मुश्किलें बढ़ीं हैं। ऐसे में कुल मिलाकर देखें तो इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है।

### टीम

**भारत** = रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश** = नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

# कमिंस टी20 विश्वकप में हैट्रिक लगाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने



**नॉर्थ साउंड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपरआठ मुकाबले में हैट्रिक लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। कमिंस ने इस मैच में लगातार तीन गेंदों पर विकेट लेकर बांग्लादेश की बल्लेबाजी को ढ़हा दिया।

कमिंस ने तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर महमूदुल्लाह को क्लीन बोल्ड कर दिया। इसके बाद अगली गेंद पर मेहदी हसन को एडम जम्पा के हाथों कैच कराया। इसके बाद अगले ही ओवर की पहली ही गेंद पर कमिंस ने तौहीद हृदय को पेवेलियन भेजकर अपनी हैट्रिक पूरी की। यह पारी का 20वां ओवर था। कमिंस ने इस मैच में 4 ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। यह टी20 विश्वकप इतिहास में सातवीं बार है जब किसी गेंदबाज ने इस प्रकार से हैट्रिक लगायी है। विश्वकप में पहली हैट्रिक ऑस्ट्रेलिया के ही ब्रेट ली के नाम है। ब्रेट ली ने भी ये हैट्रिक साल 2007 में बांग्लादेश के खिलाफ लगायी थी। इस प्रकार कमिंस टी20 विश्वकप में हैट्रिक लगाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं।

टी20 विश्व कप इतिहास में केवल पांच टीमों के गेंदबाज के नाम ही हैट्रिक हैं। इनमें से दो-दो गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ब्रेट ली के बाद ये कारनामा कमिंस ने किया है। जबकि आयरलैंड की ओर से कर्टिस कैम्फर और जोशुआ लिटिल ने हैट्रिक लगायी है। इसके अलावा श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा, दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा और यूएई के कार्तिक मयप्पन ने भी हैट्रिक लगायी है।

# सोशल मीडिया से गोपनीयता हुई प्रभावित : ब्रेट ली

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा कि सोशल मीडिया के आने के बाद मोबाइल कैमरा सबसे अच्छी और सबसे खराब चीज बन गयी है। ली ने कहा कि साल 2000 के दशक की शुरुआत में जब फोन आए थे, लोग आपके साथ एक फोटो लेते थे। एक ऑटोग्राफ और एक तस्वीर होती थी। साल 2015 और 2020 के मध्य में अब क्या होता है कि खिलाड़ी हमेशा शो में रहते हैं। कोई भी जो किसी लीग में खेल रहे हैं, वे हमेशा शो में रहते हैं, वे डिनर के लिए बाहर जाते हैं। ली ने कहा कि फोन कैमरा की अच्छी बात यह है कि आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ खूबसूरत यादें कैद कर सकते हैं पर इससे हमारी गोपनीयता प्रभावित हुई है। अगर आप अपने परिवार, अपने प्रियजनों, दोस्तों के साथ डिनर कर रहे हैं अचानक ही कोई एक तस्वीर ले लेता है और यह तुरंत पूरी दुनिया में फैल जाती है। अब, आपको भी इससे निपटने और इसे स्वीकार करने में सक्षम होना होगा।

वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर माइकल बेवन ने कहा कि सोशल मीडिया युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। बेवन ने कहा कि युवा पीढ़ी सोशल मीडिया का अधिक उपयोग करती है इससे उनके करियर पर प्रभाव पड़ेगा। उन्हें यह निर्णय लेना होगा कि वे टिप्पणियां पढ़ना चाहते हैं या कितना पोस्ट करना



चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कल्पना कर सकता हूं कि आधुनिक समय के कुछ खिलाड़ियों के लिए यह आसान नहीं रहेगा। दूसरी ओर न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर रॉस टेलर ने टेलर ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया के कारण सभी की नजरें खिलाड़ियों पर रहती हैं इसलिए सभी बातों का ध्यान रखना जरुरी है। टेलर सोशल मीडिया से हो रही इस निगरानी को गलत भी नहीं मानते।

# उलटफेर में माहिर अमेरिका के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। इस हार के बाद रोवमैन पॉवेल की टीम अंक तालिका में सबसे नीचे खिसक गई है और उसका नेट रनरेट भी माइनस 1.343 है। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाए रखने के लिए बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। दूसरी ओर पहले ही मैच में पाकिस्तान को हराने के बाद अमेरिका ने भले ही कोई मैच नहीं जीता हो लेकिन भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका पर अप्रत्याशित जीत के करीब पहुंचने के बाद 18 रन से हार गई।

सह मेजबान अमेरिका ने अभी तक आक्रामक क्रिकेट खेली है और इस मैच में भी उससे यही उम्मीद होगी। अमेरिकी बल्लेबाज स्टीवन टेलर ने मैच से पूर्व कहा, 'हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं और टीम का आपसी तालमेल कमाल का है। हमें पता है कि सुपर आठ की बाकी टीमों के सामने हमें कमजोर माना जाएगा। हम यहां अच्छा खेलने आए हैं। ऐसा कर सके तो जीतेंगे वरना हारेंगे।'



अमेरिका की कमजोरी उसका अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण है जिसके लिए वेस्टइंडीज के पावर हिटर्स निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल और पॉवेल को गेंदबाजी करना बड़ी चुनौती होगा। उप-कप्तान आरोन जोंस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के बाद कहा था, 'हमारी गेंदबाजी में अनुशासन का अभाव रहा। अच्छा क्रिकेट खेलने पर हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं लेकिन हमें अनुशासित प्रदर्शन करना होगा।'

दूसरी ओर वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि उनकी टीम का मनोबल गिरा नहीं है। उन्होंने कहा, 'किसी टूर्नामेंट में किसी मैच में विरोधी टीम आप पर हावी हो जाती है लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आप बाहर ही हो गए हैं। अब हमें सारे मैच जीतने होंगे और हमारा फोकस उसी पर है।% इंग्लैंड के खिलाफ बाजू में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ने को मजबूर हुए ब्रेंडन किंग का खेलना संदिग्ध है। उनके नहीं खेलने पर शिमरोन हेटमायेर को टीम में जगह मिलेगी। वहीं अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद से बाहर हैं।

### टीमें

**अमेरिका** = मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर।

**वेस्टइंडीज** = रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

# अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को सही नहीं मामते एम्बरोज

ब्रिजटाउन। वेस्टइंडीज के दिग्गज तेज गेंदबाज रहे कर्टली एम्बरोज ने कहा है कि आजकल जिस प्रकार काफी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला जा रहा है वह ठीक नहीं है। एम्बरोज के अनुसार इससे खेल पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'अब खेल का व्यवसायीकरण हो गया है। इतना ज्यादा क्रिकेट इसी कारण खेला जा रहा है। एक श्रृंखला के बाद दूसरी श्रृंखला और इस बीच फेंचाइजी क्रिकेट अलग चलता रहता है। यह रोमांचक है पर इतना ज्यादा क्रिकेट चिंता का विषय है, इससे खिलाड़ियों की फिटनेस प्रभावित हो रही है। एम्बरोज ने सीमित ओवरों की क्रिकेट भी काफी खेली है पर उनका मानना है कि लीजैंड टेस्ट क्रिकेट से ही निकलते हैं। उन्होंने कहा, 'मैने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को वरीयता दी है। मैने वनडे और चार दिवसीय क्रिकेट भी खेला है लेकिन मेरे लिए वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं है। टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। अपने करियर के अंत में आप लीजैंड तभी कहलाएंगे जब आपने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा किया हो। वहीं इस पूव तेज गेंदबाज ने भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि उन्हें अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिये। बुमराह के लिए ये राहत की बात है क्योंकि इससे पहले कई क्रिकेटरों का कहना था कि उन्हें अपने एक्शन को ठीक करना चाहिये क्योंकि इससे चोटिल होने का खतरा है। वहीं एम्बरोज के अनुसार कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे। उनका मानना है कि हर तेज गेंदबाज को चोटिल होने का खतरा उठाना ही पड़ा है। इसमें एक्शन से कुछ फर्क नहीं पड़ता है।

# ऋषभ पंत का बतौर विकेटकीपर कमाल, एक साथ तोड़ा दिग्गजों का कीर्तिमान



मुम्बई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान की टीम को 47 रन से हराया और इस मैच में ऋषभ पंत ने बतौर विकेटकीपर 3 कैच पकड़कर एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। भारत और अफगानिस्तान के इस मैच में अफगानिस्तान के सभी 10 खिलाड़ी कैच आउट हुए जिसमें से 3 कैच पंत ने लपके। पंत के अलावा इस मैच में रविंद्र जडेजा ने 3 कैच लपके। पंत के अलावा इस मैच में रविंद्र जडेजा ने 3, रोहित शर्मा ने 2 जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने एक-एख कैच लिए। पंत ने इस मैच में विकेट के पीछे कमाल का काम किया और एक साथ 5 खिलाड़ियों के रिकॉर्ड तोड़ डाले। पंत ने अफगानिस्तान के 3 खिलाड़ियों का कैच पकड़ा और एक साथ एडम गिलक्रिस्ट, मैथ्यू वेड, जोस बटलर, स्कॉट एडवर्ड्स और दासुन शनाका का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पंत ने टी20 वर्ल्ड कप म2024 के अब तक हुए मैचों में कुल 10 कैच पकड़े हैं और वो अब वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के एक सीजन में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए। पंत से पहले ये कमाल गिलक्रिस्ट ने साल 2007, मैथ्यू वेड ने साल 2021, जोस बटलर ने साल 2022, स्कॉट एडवर्ड्स ने साल 2022 और दासुन शनाका ने साल 2022 में ही बतौर विकेटकीपर 9-9 कैच लिए थे। लेकिन अब पंत ने एख सात इन सभी को पीछे छोड़ दिया।

# टीम में अपनी जगह बनाये रखने प्रदर्शन में निरंतरता का प्रयास कर रही शर्मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड शर्मिला देवी ने कहा है कि अपने को बेहतर बनाने की चाहत के कारण ही वह टीम में वापसी कर पायी हैं। शर्मिला काफी समय तक टीम से बाहर रहने के बाद इसी साल एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच से वापसी करने में सफल रही थीं। इस खिलाड़ी ने कहा है कि वह अब टीम में अपनी जगह बनाये रखने के लिए अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखने का प्रयास कर रही हैं। शर्मिला ने कहा कि टीम से बाहर होने का दौर मुश्किल भर था पर उसे दौरान वह मानसिक रुप से मजबूत बनी रहीं जिसका लाभ उन्हें मिला है। इस खिलाड़ी ने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल मई में टेस्ट श्रृंखला के बाद मुझे इस साल फरवरी 2024 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला। बीच का दौर मुश्किल था पर मैं सकारात्मक रुख के साथ धैर्यपूर्वक अपने अवसर का इंतजार करती रही।'' शर्मिला ने कहा ''मैंने अपने खेल पर काफी काम किया। मैं इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थी कि वापसी का यही एकमात्र रास्ता है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। फारवर्ड के रूप में अपने कौशल पर काम करने के अलावा मैंने रक्षात्मक मामलों पर भी ध्यान दिया।''



# ओडिशा सरकार ने हॉकी इंडिया के साथ प्रायोजन करार 2036 तक बढ़ाया

**भुवनेश्वर। (एजेंसी)।** ओडिशा की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने हॉकी को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए हॉकी इंडिया के साथ अपना प्रायोजन करार 2036 तक बढ़ा दिया है। ओडिशा के लिए वर्ष 2036 विशेष महत्व रखता है, क्योंकि तब उसकी स्थापना के 100 साल पूरे हो जाएंगे। ओडिशा 1936 में स्वतंत्र राज्य बना था।

इस साझेदारी को हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, खेल और युवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज, मुख्य सचिव और मुख्य विकास आयुक्त प्रदीप कुमार जेना और आयुक्त-सह-सचिव आर विनील कृष्णा की उपस्थिति में एक उच्च स्तरीय बैठक में मूर्तरूप दिया गया। टिर्की ने बयान में कहा, ''ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और खेल एवं युवा मंत्री सूर्यवंशी सूरज के साथ हमारी सार्थक



बैठक हुई।

हमने खेलों के विकास और हमारे प्रिय खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की रणनीतियों पर चर्चा की।'' भोलानाथ ने कहा,''भारतीय हॉकी के लिए ओडिशा सरकार का समर्थन अमूल्य रहा है। हॉकी इंडिया के साथ भागीदारी 2036 तक बढ़ाने पर विचार करने का फैसला उनके खेल और युवा विकास को बढ़ावा देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# यूरो 2024 : गत चैम्पियन इटली को हराकर स्पेन नॉकआउट चरण में पहुंचा



गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)। तीन बार की यूरोपीय चैम्पियन स्पेन ने मौजूदा चैम्पियन इटली को 1.0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किये गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने हार के बाद कहा, 'वे जीत के हकदार थे। हम मैच में कभी थे ही नहीं। प्रदर्शन में काफी अंतर था।' स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है। वहीं पिछली यूरो चैम्पियनशिप में उसे इटली ने सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हराया था। ग्रुप सी के मैच में इंग्लैंड ने डेनमार्क से 1.1 से ड्रॉ खेला। वहीं सर्बिया और स्लोवेनिया का मैच भी 1.1 से ड्रॉ रहा।

# कैरन्स कप शतरंज : हरिका तीसरे स्थान पर पहुंची ,तान की बढ़त कायम




सैंट लुईस , यूएसए । भारतीय महिला खिलाड़ियों में हरिका द्रोणावल्ली लंबे समय से प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल है और शतरंज ओलंपियाड में देश के लंबे समय से वह देश के लिए प्रतिनिधित्व करने वाली खिलाड़ी रही है , एक बार फिर जब शतरंज ओलंपियाड नजदीक है हरिका लगातार अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबले खेलकर खुद को लय में वापस लाने की कोशिश कर रही है , हरिका नें कुछ दिन पहले ही शारजाह मास्टर्स से शतरंज में वापसी की थी और वह वह यूएसए के महिलाओं के लिए खास होने वाले कैरन्स कप में प्रतिभागिता कर रही है । सातवें राउंड में हरिका नें उक्रेन की शीर्ष खिलाड़ी एना मुजयचूक से बाजी ड्रॉ खेली । 10 खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में हरिका नें अब तक सात राउंड में छह मुक़ाबले ड्रॉ खेले है जबकि उन्हे एकमात्र जीत स्विट्ज़रलैंड की अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक के खिलाफ मिली है ,अपने इस अपराजेय प्रदर्शन के चलते फिलहाल हरिका 4 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर चल रही है । सातवें राउंड में चीन की तीन ज़्होंगाई 5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रही है , तान नें सातवे राउंड में एलिज़ाबेथ को पराजित करते हुए टूर्नामेंट में तीसरी जीत दर्ज की है । फिलहाल चीन की तान 5 अंक बनाकर पहले स्थान पर चल रही है और अगले राउंड में हरिका का सामना उनसे ही होना है । स्विट्ज़रलैंड की पूर्व विश्व चैम्पियन अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक लगातार जीत के साथ वापसी करते हुए 4.5 अंको के साथ दूसरे स्थान पर पहुँच गयी है ।

# सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी कर रहे शादी? टेनिस आइकन के पिता ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क = सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी देश के दो सबसे सफल खिलाड़ियों में से हैं। सानिया भारत की सबसे महान महिला टेनिस खिलाड़ी हैं जबकि शमी चैंपियन तेज गेंदबाज हैं जिन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में अपने शानदार प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट टीम को फाइनल में पहुंचाया। हाल ही में दोनों की शादी की अफवाहें उड़ रही हैं। इन अफवाहों पर सानिया के पिता ने चुप्पी तोड़ते हुए सच्चाई बताई है।

इस साल की शुरुआत में सानिया और पाकिस्तान के क्रिकेट स्टार शोएब मलिक का तलाक हो गया था, वहीं शमी भी अपनी पत्नी हसीन जहां से अलग हो चुके हैं। हालांकि शादी की अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। सानिया मिर्जा के पिता इमरान ने कहा, 'यह सब बकवास है। वह उनसे मिली भी नहीं है।'

भारतीय टेनिस आइकन सानिया मिर्जा ने हाल ही में हज की पवित्र यात्रा शुरू की, लगभग 5 महीने पहले उन्होंने अपने क्रिकेटर पति शोएब मलिक से अलग होने की घोषणा की थी। सानिया ने पेशेवर टेनिस से भी संन्यास ले लिया है। सोशल मीडिया पर भारतीय खेल आइकन ने खुलासा किया था कि वह अब एक 'परिवर्तनकारी अनुभव' के लिए तैयार हो रही हैं, जिससे उन्हें एक बेहतर इंसान के रूप में लौटने की उम्मीद है।

रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सानिया ने लिखा, 'जैसा कि मैं इस परिवर्तनकारी अनुभव की तैयारी कर रही हूं, मैं विनम्रतापूर्वक किसी भी गलत काम और कमियों के लिए आपसे क्षमा मांगती हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं और बेहद आभारी महसूस करती हूं। कृपया मुझे अपने विचारों और प्रार्थनाओं में याद रखें क्योंकि मैं जीवन भर की इस यात्रा पर निकल रही हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं एक बेहतर इंसान बनकर वापस आऊंगी, जिसका दिल विनम्र और ईमान मजबूत होगा।'



# गंग कैनाल में पंजाब से पूरा पानी लेने में राजस्थान नाकाम

## किसानों ने धरना लगाया, 27 को कलैक्ट्रेट ठप का ऐलान

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



श्रीगंगानगर जिले को सिंचित करने वाली गंग कैनाल में इस महीने के निर्धारित शेयर के मुताबिक पंजाब से पानी लेने में राजस्थान सरकार के तमाम प्रयास नाकाम हो गए हैं। किसानों ने आज इस पर आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पर दिनभर धरना दिया। शाम को हुई वार्ता भी विफल हो गई। किसानों ने अब ऐलान किया है कि 26 जून तक शेयर के मुताबिक राजस्थान पंजाब सीमा पर स्थित गंग कैनाल के खखां हैड पर कम से कम 2000 क्यसेक पानी नहीं पहुंचा तो 27 जून को ट्रैक्टर ट्रॉलियों से कलेक्ट्रेट को चारों तरफ से घर कर प्रशासन का कामकाज ठप कर दिया जाएगा। ग्रामीण मजदूर किसान समिति (जीकेएस) के प्रदेश महासचिव संतवीरसिंह मोहनपुरा ने आज शाम जिला कलेक्टर, जल संसाधन विभाग और पुलिस अधिकारियों से किसान प्रतिनिधिमंडल की वार्ता होने के बाद बताया कि पंजाब से गंग कैनाल में पानी की बढ़ोतरी नहीं हो रही। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) ने जून महीने के लिए गंग कैनाल में 2500 क्यूसेक पानी का हिस्सा निर्धारित किया हुआ है।पिछले एक हफ्ते से इसका आधा पानी भी श्रीगंगानगर जिले के किसानों को नहीं मिल रहा। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल स्तर पर किए गए प्रयास भी नाकाम रहे हैं। प्रदेश सरकार के उच्च अधिकारी भी बार-बार पंजाब के अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। जल संसाधन विभाग के अधिकारी खुद पंजाब जाकर नहरी पानी की स्थिति को देख रहे हैं।इन सब के बावजूद पंजाब गंग कैनाल को पूरा पानी नहीं दे रहा। आज हुई वार्ता में जिला कलेक्टर लोकबंधु तथा अन्य अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से किसान प्रतिनिधियों से कहा कि जब तक मानसून की बारिश पंजाब में नहीं होती, तब तक पंजाब से गंग कैनाल में पूरा पानी मिलाने की संभावना नहीं है।इन दिनों पंजाब के किसानों को धान की रोपाई के लिए अत्यधिक पानी की आवश्यकता है। इसलिए पंजाब का नहरी विभाग पहले अपने क्षेत्र के किसानों को पानी दे रहा है। इसी कारण गंग कैनाल के पानी में भी कटौती की गई है। इस पर किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि पूरा पानी नहीं मिलने के कारण श्रीगंगानगर जिले में गंग कैनाल सिस्टम की एक दर्जन नहरें बंद पड़ी हैं। यहां के किसा आगामी फसलों की बुवाई नहीं कर पा रहे। खेतों में जो फसले खड़ी हैं, उनका उत्पादन प्रभावित हो रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि उनके द्वारा फिर भी प्रयास जारी हैं कि पंजाब से पानी की मात्रा में वृद्धि हो जाए।जीकेएस के प्रदेश महासचिव संतवीरसिंह मोहनपुरा ने बताया कि आज भी खखां हैड पर लगभग 1400 क्यूसेक पानी ही मिल रहा है। पंजाब में आरडी 45 पर स्थित हैड से गंग कैनाल में प्रवाहित किये जा रहे पानी की मात्रा लगभग 2200 क्यूसेक बताई जा रही है। रास्ते में लगभग 800 क्यूसेक पानी गायब हो रहा है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ना तो पंजाब से गंग कैनाल में पानी की मात्रा बढवा पा रही है और ना ही आरडी 45 हैड से छोड़े जा रहे पानी की रास्ते में चोरी रुकवा रही है। पंजाब के किसान इस नहर का पानी धड़ल्ले से चोरी कर रहे हैं। आज की वार्ता में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि 26 जून तक पानी नहीं बढा तो 27 जून को इलाके के किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों से जिला कलेक्टर की चारों तरफ से घेराबंदी कर अनिश्चितकाल के लिए पड़ाव डाल देंगे। उल्लेखनीय की नहरी पानी की किल्लत का यह मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इलाके के अनेक किसान संगठन ही नहीं बल्कि भाजपा और कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक दल पंजाब से पूरा पानी लेने की मांग कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा भी इस मामले को लेकर अलग से आंदोलन कर रहा है।मोर्चा द्वारा 24 जून को श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ जिलों में सभी अनाज मंडियों में बंद का आह्वान तथा 28 जून को दोनों जिलों में किसान कर्फ्यू का ऐलान किया गया है।

# कनिष्ठ सहायक के समर्थन में आई पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन शाखा

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन शाखा ने ममता कनिष्ठ सहायक का कार्यव्यवस्थार्थ के जारी स्थानान्तरण/पदस्थापन आदेश निरस्त करनें की मांग की है।बीडीओ रविंद्र शर्मा को दिए ज्ञापन के अनुसार बीते गुरुवार शाम को ग्राम विकास अधिकारी संघ पीलीबंगा द्वारा धरना लगाकर कार्यालय परिसर में स्थित संपर्क पोर्टल (181) शाखा में कार्यरत कार्मिको को निलम्बन करने की मांग रखी गई थी जिसके उपरान्त पंचायत समिति पीलीबंगा में कार्यरत श्रीमती ममता कनिष्ठ सहायक का स्थानान्तरण / पदस्थान कार्य व्यवस्थार्थ आगामी आदेश तक पंचायत समिति पीलीबंगा कार्यालय से ग्राम पंचायत डींगवाला मे कर दिया गया है। ज्ञापन में बताया कि इस शाखा कार्मिक ममता द्वारा अपने प्रभारी अधिकारी तथा बीडीओ के निर्देशन में पोर्टल तथा जनसुनवाई आदि से प्राप्त होने वाली सभी प्रकार की शिकायतों का त्वरित तथा समयबद्ध निस्तारण कार्मिक द्वारा करवाया जा रहा है तथा कार्य में किसी भी प्रकार की कौताही नहीं बरती गयी है।इस शाखा में प्राप्त होनें वाले प्रकरणों में जांच रिपोर्ट प्राप्त कर प्रभारी अधिकारी तथा बीडीओ से अवलोकन करवानें के पश्चात् ही शिकायतों को ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड किया जाता है ताकि प्रकरण का सही व समयबद्ध निस्तारण हो सके। कार्मिक ममता द्वारा उच्चाधिकारीयों के समस्त आदेशों की हमेशा पालना की गयी है। ज्ञापन में उन्होंने आरोप लगाया की वीडीओ संघ द्वारा कार्मिक पर मिथ्या आरोप लगाकर द्वेषता पूर्वक कार्यवाही करवायी गयी है जो जिससे कार्मिक के सम्मान को ठेस पहुंची है। केवल संघ द्वारा आरोप लगानें से ही बिना किसी जांच अथवा पूछताछ के कार्मिक पर एक तरफा कार्यवाही की गयी है जो कि पूर्णतः अनुचित है।इसलिए कार्मिक श्रीमती ममता का प्रासांगिक पत्र के माध्यम से ग्राम पंचायत डींगवाला में कार्यव्यवस्तार्थ किया गया आदेश सहानूभूति पूर्वक विचार करते हुए निरस्त करनें का आग्रह किया है। इस मौके पर संगठन अध्यक्ष राजेश कुमार, मांगीलाल, ममता, शकुन, मुन्शीराम, जितेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, मनीराम, सुनील कुमार, पवन कुमार, मन्जू बाला, किरण कुमारी,पलक सिद्धु,उर्मिला रानी, मामकोरी, फूली बाई,चरणजीत सिंह, रामचंद्र सहित पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन सदस्य मौजूद रहे।बता दे कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण के लिए नियुक्त कार्मिक के व्यवहार से खफा वीडीओ संघ ने गुरुवार दोपहर बाद पंचायत समिति परिसर में में धरना लगाया था,उनकी मांग पर इस शाखा में कार्य कार्मिकों को दूसरी शाखा एवम अन्य जगह पद स्थापित कर दिया गया, इसके समर्थन में शुक्रवार को संगठन सदस्यों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा है।

# एक जुलाई से देश में लागू होंगे तीन नए कानूनः कानून मंत्री

## नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी से होगा न्याय क्षेत्र में बदलाव

बीकानेर। देश के कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि एक जुलाई से देश में तीन नए कानून लागू होने जा रहे हैं। ये तीनों कानून देश की कानून व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी है। इसके साथ ही लिटिगेशन पॉलिसी भी जल्द ही लागू हो जाएगी। केंद्रीय कानून राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनने के बाद पहली बार बीकानेर आए मेघवाल ने कहा कि आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता लागू होने जा रही है। इसी तरह सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रहे हैं। ये हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को सुधारने के लिए तीन नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे। मेघवाल ने कहा कि कानून और न्याय मंत्रालय का काम संभालने के साथ ही एक डॉक्यूमेंट साइन किया था। जिसका नाम है नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी। ये बहुत महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट है। हमारे हर सेक्टर में कोई न कोई पॉलिसी है लेकिन लिटिगेशन के क्षेत्र में कोई पॉलिसी नहीं है। ये एडवोकेट और क्लाइंट दोनों से जुड़ा मामला है। कोई भी न्यायाधीश है, फिर वो पीठासीन अधिकारी हो या फिर हाईकोर्ट अथवा सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश है। उसे इसका लाभ मिलेगा। इस पॉलिसी में तकनीकी सपोर्ट होगा। कई मामलों का सरलीकरण किया जा रहा है। नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी में टाइम लाइन बड़ा फेक्टर होगा।

**वन नेशन, वन इलेक्शन की रिपोर्ट आ गई**

मेघवाल ने बताया कि देश में वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। ऐसे में इस पर विचार मंथन का काम अभी चल रहा है। जल्द ही इस दिशा में भी सरकार निर्णय करेगी।

# सीएचओ भर्ती में 767 पद और बढ़ाए अब 5261 पदों पर होगी भर्ती

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा आधारित की जा रही भर्ती में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पदों में 767 पद बढ़ाकर अब कुल 5261 पदों पर भर्ती की जाएगी। इससे अधिक संख्या में युवाओं को चिकित्सा सेवा में आने का अवसर प्राप्त होगा एवं यह राज्य सरकार की अधिकाधिक रोजगार प्रदान करने की नीति में एक बड़ा कदम होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि आयुष्यान आरोग्य मंदिर पर पदस्थापित करने के लिए चिकित्सा विभाग द्वारा पूर्व में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के 3531 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी। इसके बाद 963 पद और बढ़ाए गए थे। अब इन पदों में 767 पद और बढ़ाकर 5261 कर दिया गया है। इस संबंध में संशोधित विज्ञप्ति जारी किए जाने हेतु प्रस्ताव राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को प्रेषित कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के वर्तमान कुल भर्ती किए जाने वाले पदों में 770 पद अनुसूचित क्षेत्र के तथा 4491 पद गैर-अनुसूचित क्षेत्र के शामिल हैं। इस प्रकार वर्तमान सरकार ने विज्ञापित पदों में कुल 1730 पदों की वृद्धि कर अतिरिक्त रोजगार सृजन की ओर कार्य किया है।

# विधायक गोठवाल ने राज्य ऊर्जा मंत्री की संभाग स्तरीय बैठक में लिया भाग

पीलीबंगा। विधायक गोठवाल ने राज्य ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के साथ संभाग स्तरीय बैठक में भाग लिया।विधायक ने विधानसभा क्षेत्र की विद्युत संबंधी समस्याओं व सुझावों को उनके समक्ष रखते हुए कहा कि पीलीबंगा में नया 132 केवी जीएसएस बनाने का भी आग्रह किया।वही जिले में कुल 3,220 केवी जीएसएस है जिनमे एक हनुमानगढ़ 220 केवी जीएसएस, एक 220 केवी जीएसएस रावतसर और एक भादरा 220 केवी जीएसएस है। ये सारे जीएसएस विद्युत प्रसारण विभाग के अंतर्गत आते है जिनमे से पीलीबंगा विधानसभा एरिया के लिए 220 केवी हनुमानगढ़ से पीलीबंगा और गोलुवाला एरिया में सप्लाई दी जाती है और 220 केवी जीएसएस रावतसर से रावतसर एरिया में विधुत सप्लाई दी जा रही है । मौके पर 220 केवी रावतसर पर लगा ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड है और इसके लिए एक अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर (160 मेघा वॉट) जो की लगभग 1 साल से स्वीकृत भी है परंतु अभी तक इस और कोई सफलता नहीं मिली है। एक नया ट्रांसफॉर्मर लगाने में कम से कम 8-9 महीने लगते है।परंतु उस इंतजार तक विद्युत कटौती को टालना असंभव है क्योंकि ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड हे। तात्कालिक एक ही उपाय है की रावतसर 220 केवी से निकलने वाले 132 केवी नोहर को रावतसर से हटाकर भादरा 220 केवी जीएसएस से जोड़ा जाए। वर्तमान में ओवरलोड के कारण ग्रामीण एरिया में 3-4 घंटो की कटौती हो रही है। पीलीबंगा, रावतसर, सूरतगढ़ और पल्लू के बारानी एरिया जो की सब से ज्यादा कृषि लोड से जुड़ा है इनके मध्य हरदासवाली- एसपीडी एरिया के आसपास 132 केवी जीएसएस का नया प्रपोजल तैयार किया जाए । ग्रामीण एरिया में सिस्टम इंप्रूवमेंट बिलकुल बंद है पुरानी लाइन की दूरी ज्यादा होने के कारण सप्लाई वोल्टेज की सब से बड़ी समस्या है इसको प्रावधान में लाकर शुरू किया जाय।खेदसारी जीएसएस जो अतिआवश्यक है उसको 2 साल से स्वीकृत होने के बाद भी लाइन कार्य में कोई प्रगति नहीं।ढाणियों के कनेक्शन पर लगी 50 मीटर की पाबंदी हटा कर नए कनेक्शन जारी करवाए जाए,नियमानुसार एलटी लाइन का पैसा उपभोक्ता दे दे परंतु बेवजह ट्रांसफॉर्मर की कीमत भरवाने का प्रावधान पूर्णतय खत्म करे।एक ढाणी के ट्रांसफॉर्मर की कीमत 80 हजार के आस पास है।आरआरडीएस योजना का इंप्लीमेंशन की गति को बढ़ाया जाए और नए पुराने तारों को आज की मांग और क्षमता के अनुरूप बदलने,हरदासवाली में वर्तमान में सभी लाइन कार्य पूर्ण योजना में ट्रांसफार्मर आने बकाया है।

# उपचार के लिए की गई कटौतियों के आदेश का शिक्षक संघ ने किया विरोध

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने आरजीएचएस योजना के अन्तर्गत इलाज के लिए जारी आदेश को वापिस लेने की मांग राज्य सरकार से की है।जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल व जिला मंत्री राम निवास ने कहा कि एक ओर राज्य के कर्मचारी आरजीएचएस योजना में अपने वेतन से प्रति माह मोटी राशि कटवा कर राजकोष में करोड़ों रुपये जमा कर रहे हैं तो दूसरी ओर सरकार ने इस आदेश में निजी अस्पतालों में इलाज के लिए माह में अधिकतम 6 बार डाक्टरों से परामर्श लेने,15 दिन के अन्दर दोबारा जांच लिखने पर भुगतान नही करने, वेंटिलेटर या आईसीयू में मरीज के भर्ती होने पर इलाज के लिए दिनों और राशि की सीमा बढाने के लिए पीएमओ/मैडीकल कालेज, मैडीकल कालेज के मैडीकल बोर्ड तथा डिवीजनल मैडीकल कालेज की सिफारिश कराने जैसी शर्ते लगा कर कर्मचारियों के निजी अस्पतालों में इलाज कराने में अडचनें पैदा कर रही है।बंसल ने बताया किनिजी अस्पतालों और मैडीकल स्टोर वालों को सरकार द्वारा समय पर भुगतान नही करने से वे पहले ही इलाज करने व दवाईयां देने में आनाकानी कर रहे थे। अब इस आदेश के तहत निजी अस्पतालों में उपचार कराने तथा क्लेम प्रस्तुत करने के लिए तमाम शर्ते लगाने से कर्मचारियों को निजी अस्पतालों में इलाज कराना बहुत मुश्किल हो जाएगा।। इसलिए राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) इस आदेश का विरोध कर सरकार से मांग करता है कि सरकार शीघ्र ही इस आदेश को वापस ले। यदि सरकार ने उक्त आदेश वापस नहीं लिया तो संगठन को मजबूर होकर आन्दोलन के लिए बाध्य होना पडेगा।

## प्रथम पेज का शेष...

### राजस्थान में कर्मचारी...

राजस्थान की जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम किया।

**पूर्व सरकार ने सिर्फकागजों में काम किया, धरातल पर नहीं**

सीएम ने कहा-कांग्रेस सरकार ने बिना तैयारी के प्रदेश में कॉलेज खोलने का काम किया। जिसका नुकसान राजस्थान के स्टूडेंट्स को उठाना पड़ रहा है। कॉलेज खोलने में कोई बुराई नहीं थी, लेकिन उसकी तैयारी करनी चाहिए थी। इसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर शिक्षकों की भर्ती तक सभी काम प्लानिंग से होने चाहिए थे। लेकिन, पूर्व सरकार ने ऐसा कुछ नहीं किया। इसकी वजह से आज प्रदेश के काफी कॉलेजों की दुर्दशा हो रही है। भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछली सरकार ने सिर्फशिक्षा के क्षेत्र में ही इस तरह का कृत्य नहीं किया। बल्कि, हर क्षेत्र में, हर विभाग में इस तरह बिना तैयारी के ही योजनाओं को लागू किया गया था। इसका नुकसान आज प्रदेश की जनता को उठाना पड़ रहा है। हमारी सरकार ने पिछले 6 महीने में काफी योजनाओं को लागू किया है। उन्हें लागू करने से पहले हमने धरातल पर काम किया। उन योजनाओं को कैसे शुरू किया जाएगा, उन योजनाओं को लागू करने के लिए क्या जरूरी होगा। इन सब पहलुओं का अध्ययन किया और उसके बाद उन योजनाओं को धरातल पर लाया गया। पूर्व सरकार ने धरातल पर काम नहीं किया, सिर्फकागजों में ही योजनाओं को बना दिया। इसका नुकसान प्रदेश की जनता को उठाना पड़ा। ऐसे में अब हमारी सरकार पूर्व सरकार की सभी योजनाओं का रिव्यू कर रही है ताकि आम जनता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

**कांग्रेस सरकार की वजह से बिजली की परेशानी बढ़ी**

मुख्यमंत्री ने कहा-आज आम जनता बिजली की समस्या से परेशान हो रही है। इस समस्या की वजह पिछली कांग्रेस सरकार है। उन्होंने राजस्थान को 90 हजार करोड़ से ज्यादा का घाटा दिया है। पिछली सरकार के वक्त जब अगस्त और सितंबर के महीने में चार रुपए प्रति यूनिट की बिजली थी। तब पूर्व सरकार ने उधारी की बिजली ली। तब की उधारी अब हमें मई, जून और जुलाई में चुकानी पड़ रही है। आज हमें 1.67 लाख यूनिट बिजली हर दिन दूसरे राज्यों को देनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने न सिर्फगलत समझौते किए, बल्कि बिजली की आपूर्ति किस तरह हो सके। इसको लेकर भी कोई नया प्लांट नहीं लगाया। हमारी सरकार के गठन के साथ ही हमने प्रदेश में 1 लाख 65 हजार करोड़ से बिजली आपूर्ति को लेकर फैसला किया है। इसकी वजह से अगले 1 से 2 साल में प्रदेश में बिजली की किल्लत नहीं होगी।

### जहरीली शराब से...

लेकर पहुंचे तो शुरुआत में उसे भर्ती भी नहीं किया गया था। कहा गया था कि बेटा नशे में है। बाद में बेटे की जान चली गई। महिला ने आगे कहा कि सरकार को शराब की दुकानें बंद कर देनी चाहिए। 100 से ज्यादा पीड़ितों का कल्लाकुरिची सरकारी मेडिकल कॉलेज के अलावा दूसरे अस्पतालों में इलाज जारी है। सभी को सांस लेने में दिक्कत, कम दिखाई देने और शरीर में तेज दर्द की शिकायत है।

### राजस्थान में 25 लाख...

वरिष्ठ अधिकारीगण स्वंयसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी एवम योग में रूचि रखने वाले अनेक संस्था के सदस्यों ने शामिल होकर योग की दैनिक जीवन में उपयोगिता एवम प्रासंगिकता के संबंध में एक सकारात्मक संदेश प्रसारित किया।

जिला स्तर पर योग दिवस का आयोजन सभी जिला मुख्यालयों पर जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया। जिसमें प्रत्येक जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्रीगण, सासंद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा राजकीय/निजी संस्थाओ एवं आमजन ने शामिल होकर सामूहिक योगाभ्यास किया। जिला मुख्यालयों पर आयोजित कार्यक्रमों में 1 लाख 69 हजार 768 प्रतिभागियों ने शामिल होकर योगाभ्यास किया गया। ब्लॉक स्तर पर आयोजित योग दिवस के कार्यक्रम में 3,02,346 प्रतिभागियों ने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में 10,40,265 प्रतिभागियों ने शामिल होकर योगाभ्यास किया। इसके अतिरिक्त स्थानीय प्रशासन, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, अराजकीय, निजी संस्थाओं/एनजीओ/संगठनों द्वारा अपने अपने स्तर पर आयोजित किये। योग दिवस कार्यक्रम में लगभग 9,64,389 प्रतिभागीयों ने योगाभ्यास किया। इस प्रकार दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह राज्य में कुल 47,733 स्थानों पर आयोजित हुआ जिसमें कुल 24,85,988 (चौबीस लाख पिचासी हजार नौ सौ अठासी) प्रतिभागियों ने योग प्रोटोकॉल के अनुसारर सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

### परेशानीः गलत राशि...

अनुसार सम्मान निधि के लिए बार-बार आधार और लैंड सीडिंग करवाने के निर्देशों के बावजूद वेरीफिकेशन के दौरान ऐसे अपात्र लोग जिन्होंने सम्मान निधि की राशि ले ली है उन किसानों से रिकवरी की जाएगी।

पिछले दिनों जारी हुई किश्त, चुनावों में गूंजा था मामला

लोकसभा चुनावों में देशभर में किसानों के मुद्दों को लेकर जमकर सियासत हुई थी। तीन दिन पहले पीएम मोदी ने किसानों के खाते में पीएम सम्मान निधि की 17 वीं किश्त जारी की थी। वहीं किसान संगठनों की ओर से इस निधि का दायरा और राशि बढ़ाने की मांग भी गूंज रही है।

### बरसे बदरा...

हो गया। शहरी क्षेत्र में जगह-जगह सड़कों के किनारे पानी जमा हो गया। इस दौरान चली ठंडी हवाओं से भीषण गर्मी व हीटवेव से राहत मिली। बारिश व ठंडी हवाओं से अधिकतम तापमान में भी काफी गिरावट दर्ज की गई है। दो दिन पहले तक भीषण गर्मी से आमजन परेशान था। लेकिन अब तापमान 40 डिग्री के करीब आ गया है। प्री-मानसून की बारिश में बच्चे ने घरों की छतों पर नहाने का लुफ्त उठाया। गुरुवार रात्रि को चली आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सड़क किनारे खड़े अनेकों पेड़ टूट गए। पशुओं के छप्पर व दुकानों के आगे लगे टीन शेड उड़ गए। अनेक जगहों पर विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर गिरने से पूरी रात विद्युत आपूर्ति ठप रही जो शुक्रवार दोपहर तक बहाल नहीं हो पाई थी। मानसून से पूर्व प्री-मानसून की बारिश के होने से किसान भी खेतों में सावणी की बिजाई की तैयारियों में जुट गए हैं। वर्तमान में नाली बेड में धान की रोपाई का कार्य जारी है। यह बारिश धान की फसल में पानी की कमी पूरी करेगी। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर भारत में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी भारत से आ रही नमी वाली हवाओं से मानसून पूर्व की बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले 3 दिन यानी 24 जून तक इसी तरह का मौसम रहने और आंधी-बारिश चलने की संभावना जताई है।

### वार्डवासी बोले...

वार्ड 56 में लगभग सभी गलियां कच्ची थी। आज वार्ड की लगभग सभी सड़कें पक्की बने चुकी हैं। प्रत्येक गली को लाइटों से जगमग किया गया है। निरीक्षण के दौरान पार्षद राजेन्द्र चौधरी, विकास शर्मा, रमजान खान, सिंगाराम, एक्सईएन कर्मचन्द अरोड़ा, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रमनदीप कौर, प्रेमलता पुरी, स्वच्छता निरीक्षक जगदीश सिराव, जेईएन प्रेमदास, आनंद, कमल सहित पूरा नगर परिषद अमला साथ रहा।

### भाजपा को पटखनी...

लाल मीणा अपने समाज के वोटर्स को खींचने का काम करेंगे, तो सचिन पायलट गुर्जर मतदाताओं को भी कांग्रेस की तरफ मोड़ने का प्रयास करेंगे। नागौर की खींवसर सीट खाली हो चुकी है। इस पर आरएलपी का होल्ड रहा है। लेकिन हनुमान बेनीवाल के नागौर से सांसद चुने जाने के कारण इस पर अब बीजेपी से ज्योति मिर्धा उतारी जा सकती है। लेकिन आरएलपी अपनी सीट छोड़ना नहीं चाहेगी। इस कारण इस सीट पर टक्कर देखने को मिलेगी। बांसवाड़ा की चौरासी विधानसभा सीट पर राजकुमार रोत विधायक थे। बीएपी रोत के बाद भी इस सीट को अपने पास रखना चाहेगी। लेकिन इस सीट पर यदि पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया दुबारा चुनाव लड़ते हैं तो टक्कर कांटे की होगी, लेकिन एक साल से बीएपी का होल्ड उस इलाके में बढ़ता जा रहा है।

# सीएचसी में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी

पीलीबंगा।सीएचसी में जनसेवा हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर रीको द्वारा शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर बैठक आयोजित की।मीटिंग में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मौके पर मौजूद मरीजों को जननी सुरक्षा योजना,मातृत्व सुरक्षा योजना सहित गर्भवती एवं छोटे बच्चों को राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही स्वास्थ्यवर्धक फैसिलिटी योजना के बारे में बताया। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डा.सुनील अग्रवाल, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.सरिता अरोड़ा,मार्केटिंग हैड भारत चौधरी, मार्केटिंग डिपार्मेंट सुभाष चंद्र, जिला प्रभारी नर्सिंग यूनियन निशा शर्मा, एएनएम जसवीर कौर, सुमन रानी व आशा सहयोगिनी गायत्री शर्मा आदि मौजूद थे।

# राजकीय उप ज़िला चिकित्सालय, नोहर में 30 बेडशीट भेंट

नोहर। राजकीय उप ज़िला चिकित्सालय में स्थानीय व्यापारी कमल कुमार खदरिया ने पोती के जन्म पर तीस बेडशीट भेंट कर पोती जन्म की ख़ुशी पर सराहनीय पहल की है। उन्होंने बुधवार को चिकित्सालय प्रभारी डॉ. जसवंत मीणा को उक्त तीस बेडशीट भेंट की। व्यापारी कमल कुमार खदरिया ने डॉ. हंसराज शर्मा और स्टाफ़ की सराहना करते हुए समस्त चिकित्सालय स्टाफ़ का आभार जताया। इस अवसर पर मिशन स्वास्थ्य सेवा समिति के सरंक्षक हनुमान प्रसाद व्यास, अनुज खदारिया, नर्सिंग स्टाफ़ विजय कुमार, शर्मिला देवी, सुमन भादु, देशराज समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगरपालिका पीलीबंगा जिला-हनुमानगढ़**

क्रमांकः865 दिनांकः 21.06.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एंव प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता हैं कि करूण कुमार पुत्र जयभगवान जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 16 मंडी पीलीबंगा ने पालिका में ऑनलाईन आवेदन 89372/18-06-2024 को प्रस्तुत कर सैक्टर नम्बर- पूर्वी तहबाजारी में स्थित वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या-33 साईज 40 वर्गगज (12×30=360 वर्गफुट ) नामान्तरण अपने नाम से नामान्तरित करवाना चाहते हैं बतौर सबूत बैयनामा, शरायतनामा, हल्फनामा, लीजडीड, पूर्व मे जारी नामान्तरण की प्रति इत्यादि की प्रमाणित प्रति दस्तावेज पेश किये हैं वर्तमान में उक्त भूखण्ड मुताबिक मूल पत्रावली/प्रस्तुत दस्तावेज़ के अनुसार रामरूप पुत्र अयोध्या प्रसाद, जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 16 पीलीबंगा के नाम सैक्टर नम्बर- पूर्वीतहबाजारी वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 33, साईज 12×30=360 वर्गफुट का पट्टा जारीशुदा है। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार नगरपालिका पीलीबंगा द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 21.12.2023 के अनुसार रामरूप पुत्र अयोध्या प्रसाद की मृत्यु दिनांक 16.12.2023 को हो चुकी है रामरूप ने अपने जीवनकाल मे ही उक्त भूखण्ड सैक्टर नम्बर- पूर्वी तहबाजारी वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 33, साईज 12×30=360 वर्गफुट की वसियत अपने पौत्र करूण कुमार पुत्र जयभगवान अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 16 मंडी पीलीबंगा के पक्ष में की। जो उपपंजीयक पीलीबंगा से दिनांक 21.02.2024 को पंजीकृत है। उक्त नामान्तरण के संदर्भ में किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 (सात) दिवस में सूचित करें बाद गुजरने मियाद प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर नियमानुसार ऑनलाईन नामान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जायेंगी ।

अधिशाषी अधिकारी



**कार्यालय नगरपालिका पीलीबंगा जिला-हनुमानगढ़**

क्रमांकः 869 दिनांकः 21.06.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एंव प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि जयभगवान पुत्र रामरूप, जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 16 मंडी पीलीबंगा, ने पालिका में ऑनलाईन आवेदन 89374/18-06-2024 को प्रस्तुत कर सैक्टर नम्बर-पुरानी धानमंडी, वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 33, साईज 10'9''×50'=545 वर्गफुट नामान्तरण अपने नाम से नामान्तरित करवाना चाहते हैं बतौर सबूत बैयनामा, शरायतनामा, हल्फनामा, लीजडीड, पूर्व मे जारी नामान्तरण की प्रति इत्यादि की प्रमाणित प्रति दस्तावेज पेश किये हैं वर्तमान में उक्त भूखण्ड मुताबिक मूल पत्रावली / प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार रामरूप पुत्र अयोध्या प्रसाद, जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 16 पीलीबंगा के नाम सैक्टर नम्बर-पुरानी धानमंडी, वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 33, साईज 10'9''×50'=545 वर्गफुट का नामान्तरण 90 / 04.02.2013 का दर्जशुदा है। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार नगरपालिका पीलीबंगा द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 21.12.2023 के अनुसार रामरूप पुत्र अयोध्या प्रसाद की मृत्यु दिनांक 16.12.2023 को हो चुकी है रामरूप ने अपने जीवनकाल मे ही उक्त भूखण्ड सैक्टर नम्बर-पुरानी धानमंडी, वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 33, साईज 10'9''×50'=545 वर्गफुट की वसियत आवेदक जयभगवान पुत्र रामरूप, जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 16 मंडी पीलीबंगा के पक्ष में की। जो उपपंजीयक पीलीबंगा से दिनांक 21.02.2024 को पंजीकृत है। उक्त नामान्तरण के संदर्भ में किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 (सात) दिवस में सूचित करें बाद गुजरने मियाद प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर नियमानुसार ऑनलाईन नामान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जावेंगी।

अधिशाषी अधिकारी



**कार्यालय नगरपालिका पीलीबंगा, जिला-हनुमानगढ़**

क्रमांकः873 दिनांकः 21.06.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एंव प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता हैं कि करूण कुमार पुत्र जयभगवान जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 16 मंडी पीलीबंगा ने पालिका में ऑनलाईन आवेदन 89370/18-06-2024 को प्रस्तुत कर सैक्टर नम्बर- पूर्वी तहबाजारी में स्थित वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या-47 साईज 40 वर्गगज (12×30=360 वर्गफुट) नामान्तरण अपने नाम से नामान्तरित करवाना चाहते हैं बतौर सबूत बैयनामा, शरायतनामा, हल्फनामा, लीजडीड, पूर्व मे जारी नामान्तरण की प्रति इत्यादि की प्रमाणित प्रति दस्तावेज पेश किये हैं वर्तमान में उक्त भूखण्ड मुताबिक मूल पत्रावली/प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार रामरूप पुत्र अयोध्या प्रसाद, जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 16 पीलीबंगा के नाम सैक्टर नम्बर- पूर्वीतहबाजारी वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 47, साईज 12×30 = 360 वर्गफुट का पट्टा जारीशुदा है। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार नगरपालिका पीलीबंगा द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 21.12.2023 के अनुसार रामरूप पुत्र अयोध्या प्रसाद की मृत्यु दिनांक 16.12.2023 को हो चुकी है रामरूप ने अपने जीवनकाल मे ही उक्त भूखण्ड सैक्टर नम्बर- पूर्वी तहबाजारी वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 47, साईज 12×30=360 वर्गफुट की वसियत अपने पौत्र करूण कुमार पुत्र जयभगवान जा अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 16 मंडी पीलीबंगा के पक्ष में की। जो उपपंजीयक पीलीबंगा से दिनांक 21.02.2024 को पंजीकृत है। उक्त नामान्तरण के संदर्भ में किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 (सात) दिवस में सूचित करें बाद गुजरने मियाद प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर नियमानुसार ऑनलाईन नामान्तरण की कार्यवाही अमल में लाई जायेंगी ।

अधिशाषी अधिकारी



**कार्यालय कानाराम वर्मा, एडवोकेट**

चैम्बर नं. 52, जिला न्यायालय परिसर हनुमानगढ़ जं.

**बेदखली आम सूचना**

सर्वसाधारण हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्रीराम पुत्र नत्थूराम उम 80 वर्ष व भगवती पत्नी श्रीराम उम्र 80 वर्ष जाति कुम्हार निवासी रामपुरा उर्फ रामसरा तहसील टिब्बी, जिला हनुमानगढ़ राजस्थान ने मुझे अपना अधिवक्ता नियुक्त कर व समस्त तथ्यों से अवगत करवाकर सर्व साधारण आम व खास को निम्न सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित करने हेतु हिदायत की है :-

1- यह कि मेरे अभिभाष्यगण के स्वयं के कोई संतान नहीं थी, इस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपने हकीकी भाई साहबराम के पुत्र विनोद कुमार को गोद लिया हुआ है जिसका गोदनामा भी मिकर श्रीराम ने निष्पादित किया था तथा मेरे अभिभाष्यगण ने विनोद कुमार का विवाह पुष्पादेवी के साथ सम्पन्न किया । विनोद कुमार व पुष्पादेवी के तीन संतान अनुसूईया उम्र 17 वर्ष, योगिता उम्र 14 वर्ष, डोली उम्र 9 वर्ष व रीया उम्र 8 वर्ष है व पुष्पादेवी मेरे अभिभाष्यगण के साथ रह रही है लेकिन विनोद कुमार मेरे अभिभाष्यगण के कहने सुनने में नहीं है तथा विनोद कुमार शराब पीने का आदि है तथा शराब पीकर मेरे अभिभाष्यगण व मेरे अभिभाष्यगण की पुत्रवधू पुष्पादेवी व मेरे अभिभाष्यगण की पौत्रियों के साथ लड़ाई झगड़ा करता रहता है व मारपीट करता रहता है। विनोद कुमार मेरे अभिभाष्यगण की वृद्धावस्था में कोई सार सभाल, सेवा सुश्रुषा नहीं करता है व भरण पोषण नहीं कर रहा है इस कारण मेरे अभिभाष्यगण अपने दत्तक पुत्र विनोद कुमार को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल करते हैं तथा आज के बाद मेरे अभिभाष्यगण की चल व अचल सम्पति में मेरे अभिभाष्यगण के दत्तक पुत्र विनोद कुमार का कोई हक वा हिस्सा नहीं होगा तथा आज के बाद विनोद कुमार के साथ जो कोई किसी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार करेगा उसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे, मेरे अभिभाष्यगण उसके लिए जिम्मेवार व उत्तरदायी नहीं होंगे। मेरे अभिभाष्यगण का आज के बाद अपने दत्तक पुत्र विनोद कुमार के साथ कोई वास्ता नहीं है। यह सूचना सर्व साधारण को प्रकाशित हो। दिनांकः 21.06.2024

प्रेषक
कानाराम वर्मा, एडवोकेट



**कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति संगरिया**

क्रमांकः लेखा/ 2024 दिनांकः 21.06.2024

**ई-निविदा सूचना 2024-25**

इस कार्यालय द्वारा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज की योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में मृत पशु हड्डी ठेका नीलामी पुनः दिनांक 28.06.2024 को दोपहर 11.00 बजे आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित अन्य शर्ते एवं दस्तावेज इस कार्यालय अथवा वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखें जा सकते है। NIB code ZHG2425A0006 and UBN is : ZHG2425SSRC00006

विकास अधिकारी
पंचायत समिति संगरिया

# दुनिया को भारत की महान और महत्त्वपूर्ण देन है योगः राठौड़

» पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में पुलिस लाइन में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



भारत सरकार के आयुष मंत्रालय तथा राजस्थान सरकार के आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग की ओर से दशम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को जिलेभर में योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स एवं आमजन ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान की महान भारतीय परम्परा में महर्षि पतंजलि ने योग का प्रवर्तन किया तो महर्षि अरविंद ने दुनिया को योग से परिचित करवाया। योग इस दुनिया को भारत की महान एवं महत्त्वपूर्ण देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभाव से आज दुनिया के 182 देश योग दिवस मना रहे हैं, यह बड़ी महत्त्वपूर्ण बात है। योग व्यक्ति के तन-मन को स्वस्थ बनाए रखता है और एक सकारात्मक व रचनात्मक व्यक्तित्व का निर्माण करता है। हम सभी को अपने जीवन में योग का स्थान देना चाहिए। दुनियाभर में दक्ष योग प्रशिक्षकों की मांग विशिष्ट अतिथि पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि उन्होंने दुनिया के अनेक देशों में अपनी ट्रेनिंग की है, वहां योग को बहुत महत्तव मिल रहा है। दुनियाभर में दक्ष योग शिक्षकों की बड़ी डिमांड है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को पूरी दुनिया में बढ़ावा देने में बड़ी अहम भूमिका निभाई है। योग से व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनता है तथा एकाग्रता आती है। युवा योग के क्षेत्रा में अपना कैरियर भी बना सकते हैं। वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति कहीं न कहीं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में योग लोगों के लिए बहुत महत्तवपूर्ण है। हमें योग को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही शामिल करना चाहिए।

### योग की स्वास्थ्य में अहम भूमिका

विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आज की भागमभाग की जिंदगी और मिलावटी खानपान से हर व्यक्ति के सामने बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में हम अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाकर इस चुनौती से निपट सकते हैं। योग इसमें बहुत ही अहम भूमिका निभा सकता है। हम सभी को यह कोशिश करनी चाहिए कि योग के लिए समय निकालें ताकि हमारा तन-मन स्वस्थ रहे।

### तंबाकू नहीं खाने की दिलाई शपथ

योगाभ्यास से पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, एसपी जय यादव, पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, विधायक हरलाल सहारण, वासुदेव चावला आदि ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ऋषिकुल विद्यालय के विद्यार्थियों ने योगाभ्यास की प्रभावी प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि राठौड़ ने तंबाकू नहीं खाने संबंधी शपथ दिलाई। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक रामकृष्ण शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। प्रदर्शनी प्रभारी डॉ संजय तंवर के निर्देशन में आयुर्वेद एवं योग पर केंद्रित प्रदर्शनी भी समारोह स्थल पर आकर्षण का केंद्र रही।

### बड़ी संख्या में रही मौजूदगी

इस दौरान जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, एसपी जय यादव, एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, सीईओ मोहन लाल खटनावलिया, प्रधान दीपचंद राहड़, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, ओम सारस्वत, कमिश्नर अभिलाषा सिंह, चंद्राराम गुरी, एसीईओ दुर्गा ढाका, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, योग प्रशिक्षक भावना सांकरोत, योग प्रशिक्षक पुष्पा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अरविंद ओला, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा समन्वयक डॉ एमआर महला, डीबी जनरल अस्पताल के अधीक्षक डॉ हनुमान जयपाल, डॉ कमल वशिष्ठ, डॉ कपिल वर्मा, सीडीईओ जगबीर यादव, विक्रम गुर्जर, जब्बार खान, डॉ. महेश शर्मा, श्रीराम शर्मा, विक्रम कोटवाद, अरविंद झाझड़िया, राजेश माटोलिया, रवि दाधीच, हेमंत मंगल, नानुराम गहनोलिया, चंद्रप्रकाश शर्मा, भास्कर शर्मा, लीलाधर चंदेल, नारायण बेनीवाल, एम गोपाल बालान, बाबूलाल दर्जी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, पुलिसकर्मी, विद्यार्थी, पत्रकार एवं आमजन मौजूद रहे।

# योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर हुआ मुख्य समारोह

» अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लिया स्वस्थ रहने का संकल्प



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

भारत सरकार व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रातः एसडी बिहाणी संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें आयुर्वेद विभाग के प्रशिक्षकों ने उपस्थिजनों को योग के विभिन्न आसनों की जानकारी और उनसे होने वाले फायदों की जानकारी देते हुए योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी व जिला कलक्टर लोकबंधु ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरूआत की। इसके पश्चात भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार प्रार्थना के साथ चालन क्रियाएं ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन क्रियाएं की गई। इसके पश्चात योग प्रशिक्षक द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, पदहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन की योग क्रियाएं करवाई गई। इसके पश्चात कपाल भाती, प्राणायाम में नाड़ी शोधन, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी क्रियाएं की गई। इसके पश्चात ध्यान तथा संकल्प की योग क्रियाएं की गई। योग कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन वीरेन्द्र सिंह चौधरी, न्याय सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, आयुक्त नगरपरिषद यशपाल आहूजा, पूर्व जिला प्रमुख सीताराम मोर्य, प्रियंका बेलान, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. नरेश गुप्ता, अधिशाषी अभियंता नगर विकास न्यास मंगत सेतिया, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार पारीक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गंगानगर जिले के विभिन्न उपखण्ड स्तर, ग्राम स्तर तथा विभिन्न संस्थानों में योग को लेकर कार्यक्रम हुए।

## स्यागांवाली में सतही जल स्त्रोत से जलापूर्ति

**श्रीगंगानगर।** गांव स्यागावाली जल घर योजना में आउटलेट के रिमॉडलिंग रॉ वाटर कन्वेंस सिस्टम, रॉ वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण, पम्पिंग मशीनरी मय क्यूनिकल पैनल बोर्ड आपूर्ति, फिल्टर निर्माण, कर संचालन व संधारण का कार्य तीन वर्ष तक का प्रावधान लिया गया था, जो वर्तमान में पूर्ण हो चुका है। संवेदक को आज दिनांक तक राशि रूपये 502.30 लाख का भुगतान किया जा चुका है व कार्य विभागीय मापदण्डों के अनुसार ही करवाया गया है। वर्तमान में इस जल योजना से लाभान्वित गांवों में सतही जल स्त्रोत से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्राम 12 एचएच जो कि जल योजना 9 एचएच से लाभान्वित है। गांव 12 एचएच के लिये 110 एमएम व्यास की 950 मीटर एचडीपीई राईजिंग मैन पाईपलाईन बिछाई गई है एवं वितरण प्रणाली पूर्व में ही डली हुई थी, जिससे पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से हो रही है। गांव 25 एमएल में 90 एमएम व्यास की 740 मीटर एवं 110 एमएम व्यास की 200 मीटर पाईपलाईन बिछाकर 105 नये जल संबंध जारी किये गये हैं, जिनमें पेयजल विभागीय मापदण्डों के अनुसार दिया जा रहा है। गांव 23 एमएल में पूर्व में डाली गई विभागीय पाईपलाईन से ही पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इसी प्रकार गांव 6 वाई की जल योजना से 5 वाई व 6 वाई लाभान्वित है। योजना में जल जीवन मिशन के तहत स्टोरेज टैंक, पम्प हाउस, चारदीवारी के जीर्णोद्धार का कार्य, 25 केएलएच क्षमता का पीटीयू एवं 10 मीटर डाया का सलोसैण्ड फिल्टर का निर्माण करवाया गया है। इसके अतिरिक्त रावाटर कन्वेंस सिस्टम हेतु एसी प्रेशर पाईप एवं वितरण प्रणाली हेतु गांव 5 व 6 वाई में 90 एमएम व्यास की 750 मीटर व 110 एमएम व्यास की 3300 मीटर पाईपलाईन लगभग 190 जल संबंध जारी किये गये हैं।

## शहरी जल योजना गंगानगर के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति सामान्य

**श्रीगंगानगर।** शहरी जल योजना श्रीगंगानगर के अंतर्गत शहर श्रीगंगानगर में आरयूआईडीपी फेज तृतीय के अंतर्गत वृहद परियोजना के तहत कार्य प्रगति पर है। अधीक्षण अभियंता पेयजल ने बताया कि पेयजल की आपूर्ति एवं लिकेज का कार्य एलएण्डटी कम्पनी द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। गुरूनानक बस्ती एवं इसके आसपास के क्षेत्र में आरयूआईडीपी एवं एलएण्डटी द्वारा पेयजल की पाईपलाईन डालने का कार्य किया जा रहा है। पाईपलाईन डालने के पश्चात टेस्टिंग हेतु पानी छोड़ा जाता है। ग्रीष्म ऋतु में विभाग द्वारा एलएण्डटी को टेस्टिंग नहीं करने के लिये कई बार लिखा गया है। बिजली ट्रिपिंग के कारण सेतिया कॉलोनी, प्रेम नगर इत्यादि क्षेत्रों में जलापूर्ति में देरी हुई। वर्तमान में शहरी जल योजना गंगानगर के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति सामान्य चल रही है।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**श्रीगंगानगर।** गृह रक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन कार्यालय प्रांगण मे योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे होमगार्ड कमाण्डेट राजेश यादव एंव कम्पनी कमाण्डर नत्था सिंह ने होमगार्ड स्वयं सेवकों को योग के महत्व के बारे मे बताया। प्लाटुन कमाण्डर रवि प्रकाश, पीसी रघुवीर शमा, पीसी पूर्णराम के द्वारा स्वयं सेवकों को विभिन्न प्रकार के योग, आसन्न, ध्यान, प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया गया एंव स्वयं सेवकों को प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलाया गया। समारोह में होमगार्ड कमाण्डेट राजेश यादव ने कहा कि ''योग'' का अर्थ होता है, जोड़ना। वस्तुतः ''योग'' मन, मस्तिष्क, शरीर एवं आत्मा इन सबको एक दूसरे से जोड़ते हुए मनुष्य को स्वयं खुशहाल रखने एवं एक स्वस्थ और सम्पन्न समाज विकसित करने का सुअवसर प्रदान करने वाला यह एक अत्यन्त सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम मे आरक्षी रामचंद्र, राजकुमार, अमृतपाल सिंह एंव राजकुमार, सुशील घोड़ेला, अमित ऋषि, निर्मल, गोविन्द, रवि इत्यादि स्वयं सेवकों ने योग का अभ्यास किया।

# औचक निरीक्षण कर बाल श्रम पर करें प्रभावी कार्वाईः सत्यानी

» कलक्टर पुष्पा सत्यानी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक



तेज | जगदीश सोनी. चूरू

जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फोर्स, जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति, बीओसीडब्ल्यू टास्क फोर्स, ई श्रम, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना समिति की बैठक का आयोजन डीओआईटी वीसी कक्ष में किया गया। इस मौके पर जिला कलक्टर ने कहा कि बाल श्रम न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि एक सभ्य समाज के माथे पर दाग है। नैतिक और मानवीय मूल्य भी हमें इसकी इजाजत नहीं देते हैं। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि कोई भी बालक बालश्रम का शिकार नहीं हो, हर बच्चे को पढाई-लिखाई और विकास के समुचित अवसर मुहैया हों। इसके लिए जरूरी है कि बाल श्रम के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो और सभी संबंधित विभाग इसके लिए आपसी समन्वय के साथ एक्शन प्लान बनाकर काम करें। उन्होंने कहा कि जिले में बाल श्रम नियोजन के संभावित क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर बाल श्रमिक पाए जाने पर विधिक कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि जिले में उपखंड स्तर पर गठित उपखंड सतर्कता समितियों की प्रत्येक दो माह में बैठक आयोजन करें तथा ईंट भट्टों, कारखानों, औद्योगिक क्षेत्र आदि में बाल श्रम की संभावना के मध्येनजर सर्वे करवाया जाए। जिला कलक्टर सत्यानी ने नगर परिषद चूरू में कटौती किए गए उपकर को निर्धारित समयावधि में जमा करवाने, पूर्व में कटौती की गई राशि अविलंब मद में जमा करवाने के निर्देश प्रदान किए तथा नवीन निर्माण क्षेत्रों से नियमानुसार उपकर की वसूली की कार्यवाही के लिए कहा। साथ ही प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना व ई श्रम पंजीयन से अधिकाधिक असंगठित श्रमिकों को जोड़ने व शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश प्रदान किए गए। संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त प्रदीप कुमार ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में एडीएम उत्तम सिंह शेखावत, पुलिस उपाधीक्षक सुनील झाझड़िया, सीडीईओ जगबीर यादव, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, पीएचईडी एसई रमेश राठी सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

# स्वच्छ भारत अभियान की तर्ज पर बिजली-पानी बचत अभियान चले

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट लेखाअनुदान घोषणा एवं सौ दिवसीय कार्य योजना के कुछ कामों में देरी पर नाराजगी जताई। सीएमओ में बिजली की समीक्षा, बजट लेखा अनुदान घोषणा एवं सौ दिवसीय कार्य योजना को लेकर हुई मीटिंग में मुख्यमंत्री ने सख्त आदेश दिया कि घोषणाओं से संबंधित कार्य में किसी भी स्तर पर देरी नहीं हो। देरी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाये। बकाया कामों की डेडलाईन तय कर जल्दी पूरा किया जाये। सीएम ने अधिकारियों को कहा कि प्रदेश में गुड गवर्नेंस का मॉडल स्थापित करके आमजन की सेवा करना राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय है। हमारी सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के बारे में सबसे पहले सोच कर नीति-कार्यक्रमों का निर्धारण कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि स्वच्छ भारत अभियान की तर्ज पर बिजली-पानी बचत अभियान चलाया जाये।

### बिजली को लेकर अगले 10 वर्ष की प्लानिंग

ऊर्जा विभाग की मीटिंग में सामने आया कि प्रदेश में अगले 10 साल तक की बिजली डिमांड को पूरा करने की प्लानिंग की जा रही है। इसके लिये राजस्थान में 1.60 लाख करोड़ के निवेश से करीब 31 हजार 82.5 मेगावाट के पावर प्रोजेक्ट लगेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आगामी रबी फसल के सीजन के मद्देनजर अधिकारियों को तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये है ताकि किसानों को सिंचाई के लिये पर्याप्त बिजली मिल सके। उल्लेखनीय है कि पीएम कुसुम कम्पोनेंट बी के तहत 70 हजार से अधिक किसानों को योजना का लाभ मिल चुका है। इस योजना के तहत किसानों को सोलर पम्प लगाने में वित्तीय सहयोग के लिये भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## विधायक ने शुगर टेस्ट शिविर का किया अवलोकन



**श्रीगंगानगर।** गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने शुक्रवार को एसडी बिहाणी संस्थान के परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम के अवसर पर आयुर्वेद विभाग द्वारा शुगर टेस्ट के लिये शिविर लगाया गया, का अवलोकन किया। बिहाणी ने कहा कि आयुर्वेद पद्धति के अनुसार अपनी दिनचर्या व खानपान पर ध्यान रखकर शुगर को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से स्वास्थ्य बेहतर होने के साथ-साथ मानसिक शान्ति भी मिलती है। योग नियमित रूप से किया जाये तो निश्चित रूप से व्यक्ति स्वस्थ रहता है। योग शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है। योग हमारे जीवन का एक अंग है।

# अपनी रेल यात्रा के अनुभव साझा कीजिए और पुरस्कार प्राप्त कीजिए



**जयपुर/श्रीगंगानगर।** रेलवे द्वारा रेलकर्मियों सहित आमजन के रेल यात्रा संबंधी अनुभव प्राप्त करने और उन अनुभवों के आधार पर रेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना अखिल भारतीय स्तर पर प्रचलित है। इस योजना का उद्देश्य हिंदी के प्रयोग को बढाना देना भी है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा सभी भारतीय नागरिकों के लिए हिंदी भाषा में रेल यात्रा वृत्तांत योजना-2024 के तहत रेल यात्रा के सम्बंधी अनुभव आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिसमें हिंदी में लिखित सर्वोत्तम रेल यात्रा वृत्तांतों के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम पुरस्कार (एक) 10,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार (एक) 8,000 रूपये, तृतीय पुरस्कार (एक) 6,000 रूपये तथा प्रेरणा पुरस्कार (पांच) 4,000 रूपये (प्रत्येक) को दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा वृत्तांत हिंदी भाषा और मौलिक होना चाहिए तथा न्यूनतम 3000 शब्दों एवं अधिकतम 3500 शब्दों तक होना चाहिए। वृत्तांत के प्रारंभ में एक कागज में बड़े अक्षरों में नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय/निवास का पता, मातृभाषा तथा संपर्क के लिए मोबाइल नम्बर ई-मेल आदि का उल्लेख किया जाना चाहिए। इस योजना में भाग लेने वाले इच्छुक केन्द्र व राज्य सरकार के कार्यरत कर्मियों को इस आषय का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनके विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला लम्बित नहीं है। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को घोषणा पत्र में यह भी उल्लेख करना होगा कि संबंधित रेल यात्रा वृत्तांत मेरी मौलिक रचना है, इसे किसी अन्य पुरस्कार योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31 जुलाई तक सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नं. 316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली-110002 भिजवा सकते है।

## जागरुक होकर योजना का लाभ उठाएं युवा

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की ओर से शुक्रवार को जिले के तारानगर पंचायत समिति परिसर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि शिविर में उपस्थित व्यक्तियों को योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई और बताया गया कि दलित-आदिवासी युवा जागरुक होकर विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना, आर्टिजन पहचान पत्र आदि के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले असंगठित श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना की जानकारी दी गयी। शिविर में पंचायत समिति सदस्य मोहर सिंह, सात्यूं सरपंच सुरेन्द्र मेघवाल, राकेश सिंहाग, विकास कुमार व्यास, भंवरलाल बुचावास, मगलचंद बरोड, महेन्द्र कुमार, भतेरी देवी, सीताराम, रचना, राम सिंह देवगढ़ सहित अनेक उद्यमी एवं युवा उपस्थित रहे।

## समारोहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



तेज | सुखप्रीत सिंह. अनूपगढ़

जिला स्तर पर 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन पब्लिक पार्क में करवाया जाना था मगर आज सुबह तेज बरसात आने के कारण कार्यक्रम का आयोजन नागपाल धर्मशाला में करवाया गया। आयुर्वेद विभाग ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्टर, एसपी,पूर्व विधायक और अन्य अधिकारियों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर करवाई गई। तेज बरसात होने के बावजूद भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर योग के विभिन्न आसन्नो का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर अवधेश मीणा ने योग करने की भी अपील की।

कार्यक्रम के अंत में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को बड़ी एलइडी पर दिखाया गया।



# जानकीदासवाला सहकारी समिति में एक करोड़ 34 लाख का गबन, अध्यक्ष और व्यवस्थापक समेत चार पर मुकदमा दर्ज




श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर जिले की एक और ग्राम सेवा सहकारी समिति में लाखों रुपये के गबन का मामला प्रकाश में आया है।सहकारी अधिनियम अंतर्गत जांच एवं जांच परिणाम जारी किये जाने के पश्चात बैंक प्रबंधन की ओर से सूरतगढ़ क्षेत्र की जानकीदासवाला ग्राम सेवा सहकारी समिति में लगभग 1 करोड़ 34 लाख रुपये के गबन, वित्तीय अनियमितता और अमातन में खयानत का मुकदमा दर्ज कराया गया है। दी गंगानगर केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक द्वारा अधिकृत किये जाने के उपरांत बैंक की सूरतगढ़ शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक कुंदन लाल स्वामी की ओर से प्रस्तुत लिखित सूचना के आधार पर सूरतगढ़ सदर थाना में जानकीदासवाला ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यवाहक व्यवस्थापक महावीर प्रसाद, पूर्व व्यवस्थापक भंवरलाल स्वामी, भंवरलाल के पुत्र एवं सहायक व्यवस्थापक पवन कुमार स्वामी तथा सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष हिम्मताराम पर षडयन्त्र रचकर रिकार्ड में हेराफेरी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, कूटरचित दस्तावेजों का असल के रूप में दुरूपयोग करने, नियम विरूद्ध नियुक्ति करने एवं वेतनमान स्वीकृत करने, वेतन प्राप्त करने, स्टॉक रजिस्टर व स्टॉक में गड़बड़ी करने, समिति सदस्यों प्राप्त अमानतों व ऋण राशि का गबन करने, मिथ्या एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सोसाइटी को हानि पहुंचाने, सोसाइटी एवं ग्राहकों की अमानतों के रूप में जमा राशि में से लगभग एक करोड़ 34 लाख रुपये की धनराशि हड़पने के आरोप में धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120बी आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सोसाइटी में गड़बड़ी, वित्तीय अनियमितता एवं पद के दुरूपयोग की सूचना के पश्चात बैंक द्वारा राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम की धारा 55 के तहत करवायी गयी। जांच एवं प्रबंध निदेशक द्वारा धारा 57 के तहत जारी जांच परिणाम में सहायक व्यवस्थापक पवन स्वामी की नियुक्ति, उसके नियमितिकरण व उसे दिये गये वेतन की वसूली के लिए अध्यक्ष हिम्मताराम और व्यवस्थापक भंवरलाल को दोषी मानते हुए वसूली करने, स्टॉक के गबन के लिए कार्यवाहक व्यवस्थापक महावीर प्रसाद से 28 लाख 30 हजार रुपये की वसूली करने, मिनी बैंक में अमानतों व बहीखातों में फर्जी प्रविष्ठियां दर्ज कर 40 लाख 46 हजार रुपये का गबन करने के लिए महावीर प्रसाद को दोषी मानते हुए राशि वसूल करने, ऋण वितरण एवं वसूली में अनियमितता के लिए 10 लाख 19 हजार रुपये व्यवस्थापक भंवरलाल स्वामी, कार्यवाहक व्यवस्थापक हिम्मताराम एवं सहायक व्यवस्थापक पवन स्वामी को दोषी मानते हुए बकाया ऋत्र्ण की राशि वसूल करने, रोकड़ पोते एवं ऋण राशि में हेरफेर कर 16 लाख 50 हजार रुपये का गबन करने, बीज बिक्री के 5 लाख 18 हजार रुपये हड़पने और रोकड़ पोते बाकी 32 लाख 71 हजार रुपये हड़प लेने के आरोप प्रमाणित मानते हुए सम्बंधित से कुल लगभग 1 करोड़ 34 लाख रुपये की वसूली करने और इन सबके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की अनुशंसा की गयी। सोसाइटी के गबन-घोटालों की अधिनियम अंतर्गत जांच बैंक के अधिशासी अधिकारी भैंरूसिंह पालावत द्वारा की गयी।

## नियुक्ति और स्क्रीनिंग पर उठे सवाल

पवन कुमार स्वामी पुत्र भंवरलाल स्वामी को 14.10.2013 को आमसभा की बैठक में तीन हजार रुपये मासिक पर सहायक व्यवस्थापक के पद पर नियुक्ति दी गयी, जबकि व्यवस्थापकीय सेवानियम अथवा संस्था के उपनियमों में आमसभा को किसी कार्मिक की नियुक्ति का अधिकार ही नहीं है, क्योंकि इस प्रकार की नियुक्ति के लिए किसी पारदर्शी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। फिर, संचालक मंडल की अनुशंसा पर जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा 10 अगस्त 2016 को पवन कुमार की सहायक व्यवस्थापक के पद पर स्क्रीनिंग की अनुशंसा की गयी। स्क्रीनिंग कमेटी की अनुशंसा को स्वीकार करते हुए 17 अगस्त 2016 को संचालक मंडल द्वारा पवन कुमार का सहायक व्यवस्थापक के पद पर स्थिरिकरण किया गया, जबकि स्क्रीनिंग कमेटी को सहायक व्यवस्थापक के पद पर नियमितिकरण की अनुशंसा किये जाने का अधिकार नहीं था। हैरानी है कि जिस समय पवन कुमार स्वामी को सहायक व्यवस्थापक के पद पर नियुक्ति दी गयी और जब जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा पवन स्वामी के नियमितिकरण की अनुशंसा की गयी तब पवन के पिता भंवरलाल स्वामी, जानकीदासवाला ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड में मुख्य कार्यकारी थे।इसलिए पवन स्वामी की नियुक्ति और नियमितिकरण की अनुशंसा, दोनों ही नियम विरुद्ध थे। पवन ने 26 फरवरी 2023 तक सोसाइटी में सहायक व्यवस्थापक के पद पर कार्य किया और 27 फरवरी 2023 से बिना सूचना दिये अनुपस्थित रहने के कारण सोसाइटी के संचालक मंडल द्वारा 28 अगस्त 2023 को पवन स्वामी की सेवाएं समाप्त कर दी गयी।

# भाजपा सरकार बने छः माह बीते, आमजन के हित में एक भी निर्णय नहीं: चाचाण



तेज. रिपोर्टर | नोहर

राज्य की भाजपा सरकार को आमजन की समस्याओं से कोई सरोकार नही है। राज्य में भाजपा की सरकार बने हुये 6 माह होने को है। मगर आज तक भाजपा सरकार ने आमजन के हित में एक भी निर्णय नही लिया है। अन्य कार्य होना तो दूर की बात आमजन को बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाए भी नही मिल रही है। भाजपा सरकार केवल और केवल गहलोत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समीक्षा के नाम पर बंद करने में लगी हुई है। यह बात नोहर विधायक अमित चाचाण ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कही। उन्होंने कहा कि नोहर विधानसभा क्षेत्र में पिछलें लम्बे समय से बिजली, पानी का संकट बना हुआ है। प्रत्येक गांव व ढ़ाणी में बिजली संकट बना हुआ है। बिजली संकट के कारण पानी की समस्या भी बनी हुई है। पिछलें दिनों आये तेज अंधड़ के बाद करीब 15 दिनों तक ग्रामीण क्षेत्रों में विधुत आपूर्ति बहाल नही हो पाई। विधायक ने बताया कि अनेक गांवों के कृषि कनेक्शनों के ट्रासफॉर्मरों को जले हुये दो-दो सप्ताह हो चुके है। मगर आज तक किसानों को नये ट्रासफॉर्मर नही दिये जा रहे। जिस कारण उनकी फसलें भी प्रभावित हो रही है। विधायक ने बताया कि गत सरकार में जिन गांवों में पीने के पानी की समस्या अधिक थी। उन गांवों में ट्यूबवैलों का निर्माण करवाया गया था। उन्हें आज तक शुरू नही किया गया है। विधायक ने बताया कि आमजन की इन समस्याओं को आगामी विधानसभा सत्र में उठाया जाएगा। विधायक ने बताया कि बिजली, पानी की समस्या के समाधान को लेकर सांसद राहुल कस्वां के नेतृत्व में नोहर के एडीएम व एसडीएम को ज्ञापन भी दिया गया है। ज्ञापन में अधिकारियों से विधुत व जलदाय विभाग के अधिकारियों की शीघ्र बैठक लेकर समस्या का समाधान करने की बात कही गई है। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी, पंचायत समिति प्रधान सोहन ढ़िल, पीसीसी सदस्य देवकीनंदन जोशी, कांग्रेसी नेता कबीर ज्याणी, अनुज खदरिया, रामकुमार स्वामी, पूर्व पार्षद शरीफ मोहम्मद, राधेश्याम जोइया आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ई ग्राम परियोजना से ग्राम प्रभारियो को दिया प्रशिक्षण

पीलीबंगा।मुख्यमंत्री ई ग्राम परियोजना के तहत शुक्रवार को ई ग्राम प्रभारियो का प्रशिक्षण शिविर हुआ।पंचायत समिति सभागार में आयोजित इस ट्रेनिंग कैंप में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी जितेंद्र सिंह ने ई ग्राम परियोजना के तहत ग्राम ग्राम तक राजकीय सुविधाओं की स्थिति,जनता के द्वारा उनके उपयोग की मॉनिटरिंग की प्रणाली एवं विकसित माध्यम से करने की कार्य योजना के बारे में बताते हुए इसके उद्देश्य एवं ई ग्राम प्रभारी की योजना में भूमिका के बारे में प्रशिक्षित किया। इस मौके पर सभी ई ग्राम प्रभारी को निर्धारित प्रपत्र में सूचना भरकर कार्यालय में जमा करवाने के लिए विभागीय आदेशों की जानकारी से निर्देशित भी किया गया। क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत के ई ग्राम प्रभारी मौजूद रहे।

## वन विभाग की सख्त कार्रवाई, 390 क्विंटल हरी लकड़ियों से भरे 11 वाहन सीज



**हनुमानगढ़।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वन विभाग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्यरत है। पौधारोपण के साथ हरे पेड़ों की कटाई और लकड़ियों के अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला हनुमानगढ़ में वन विभाग की टीम ने उप वन संरक्षक श्री सुरेश कुमार आबुसरिया के निर्देशन में 390 क्विंटल लकड़ियों से भरे 11 वाहनों को सीज किया है। श्री आबुसरिया ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन गश्त की जा रही है। नोहर क्षेत्र में 1 ट्रक एवं 2 पिकअप कुल तीन वाहनों में 140 क्विंटल लकड़ी एवं रावतसर में 7 पिकअप एवं 1 ट्रेक्टर रेहड़ा वाहनों में 250 क्विंटल लकडियां सहित वाहन सीज किए है। यह कार्रवाई रावतसर के क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री अनूप कुमार शर्मा, नोहर के क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री पवन कुमार शर्मा एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री सर्वजीव सिंह ने की। इन्होंने वन अधिनियम 1953 की धारा 41 व 42 के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किए हैं।

## ग्राम पंचायत देईदास में ओपन टैलेंट सर्च प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित



थालड़का। ग्राम पंचायत देईदास में शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देईदास में ओपन टैलेंट सर्च प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण एऊ सम्मान समारोह आयोजित किया। ओपन टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मोनिका आर्य को 31 सौ नगदी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । द्वितीय स्थान पर सरिता शर्मा को 21 सौ तथा तृतीय स्थान पर सुमन गोदारा व आरती को 11 सौ नकदी पुरस्कार भामाशाह समाजसेवी लक्ष्मी नारायण गोदारा द्वारा दिया गया । इसके अलावा प्रतियोगिता का पुरस्कार भी भामाशाह समाजसेवी लक्ष्मी नारायण गोदारा के द्वारा दिया गया। इसी दौरान ग्राम पंचायत देईदास में इस वर्ष कक्षा 10 व 12 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 24 विद्यार्थियों को व्याख्याता अमर सिंह चौहान ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महंत सुमेर गिरी महाराज, लक्ष्मी नारायण गोदारा सरपंच (चैयरमैन) राजेंद्र न्यौल, प्रधानाचार्य नथूराम गोदारा, ओम प्रकाश लाखलाण एवं ग्राम के गन्य मान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस प्रकार के उत्साह पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया तथा ग्राम वासियों ने इस प्रकार की प्रतियोगिता करवाने वालों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर महेंद्र सुमेर गिरी जी महाराज ने कहा कि अगर अच्छी पढ़ाई करनी है तो मोबाइल का उपयोग कम से कम करें। इस मौके पर भामाशाह समाजसेवी जलक्ष्मी नारायण गोदारा ने कहा कि ग्राम पंचायत में सरकारी एवं निजी स्कूलों में कोई भी विद्यार्थी का बोर्ड कक्षा कक्षा 8, कक्षा 10 वी और 12वीं85 प्रतिशत से अंक ऊपर आए हैं। उनको 15 अगस्त पर मेरे द्वारा 1100 नगद राशि देकर के सम्मानित किया जाएगा।

## किसानों को दी उन्नत बीज किस्म एवं उपचार की जानकारी

पीलीबंगा। ग्वार का उन्नत बीज उपचार - बीज की मात्रा कम और पैदावार ज्यादा ÷विषय पर किसानों को जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञ आर.के.रंगा ने बताया कि ग्वार एक छोटी हाइट की फसल हैं,जिसकी पैदावार इस बात पर निर्भर करती हैं कि ये फुटाव कितना लेगा,जितना फुटाव ज्यादा होगा,उतनी पैदावार ज्यादा भी होगी।इसके अलावा बीज उपचार में फोस्पोकोप (32 त्न फोस्फोरस और 8 त्न कापर ) 5 एमएल प्रति किलो बीज का बिजाई से 30 से 45 मिनट पहले बीज उपचार करने का तरीका बताया।रंगा ने कहा कि हल्की मिट्टी वाले कृषि क्षेत्र में जो किसान ज्यादा बीज डालते हैं वो इस के बीज उपचार से 25 प्रतिशत कम बीज डाले,इसके बीज उपचार से जड़ो का क्षेत्रफल बढ़ेगा और कापर जड़ो की सुरक्षा करेगा।इस मौके पर अजीत सिंह,रामकुमार,श्याम सिंह, रंजीत सिंह,हरबंश कौर,प्यारा सिंह, राजेंद्र कुमार सहित कृषक मौजूद थे।

# राजयोग द्वारा स्वस्थ एवं सुखी समाज कार्यक्रम का आयोजन



तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय केंद्र द्वारा 'योग परिवार' संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विनोबा बस्ती पार्क में आज 'राजयोग द्वारा स्वस्थ एवं सुख समाज' कार्यक्रम उमंग उल्लास से आयोजित किया गया। प्रात: 6 बजे कार्यक्रम का आरंभ राजयोगिनी विजय दीदी, उषा दीदी, योग शिक्षक हनुमानदास सिंगल एवं योगगुरु राजेंद्र नागपाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, योगासन तथा व्यायाम किया गया। अलग-अलग योग साधकों ने उपस्थित लोगों को योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। योगाचार्य राजेंद्र नागपाल ने योग क्रियाओं के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने योग क्रियाओं का निर्देशन और समस्त कार्यक्रम सफल संचालन किया गया।ब्रह्माकुमारी विजय दीदी ने राजयोग के बारे में विस्तृत जानकारी थी। सभी साधकों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करवाया। कार्यक्रम में विनोबा बस्ती पार्क विकास समिति, ओपन माइक म्यूजिक क्लब ,डायमंड म्यूजिक क्लब, एरोबिक क्लब और बैडमिंटन क्लब के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजन महेंद्र कुक्कड़ किया। कार्यक्रम के अंत में उन योग साधकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जो नियमित रूप से योग करते हैं।

## केवीके नोहर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया




**चारणवासी।** चक 27 एनटीआर में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में अंतर्राष्टीय योग दिवस मनाया गया। केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद कांटवा ने बताया कि लोगों को योग के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूक करने और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में घोषित किया है, जिसे हर साल दुनिया भर में मनाया जाता है। शांति बनाए रखने,तनाव कम करने और कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास करने की आवश्यकता पर बल दिया। केन्द्र के डॉ. अशोक चौधरी ने प्रतिभागियों को विभिन्न योग आसनों के अभ्यास से होने वाले लाभों से भी अवगत कराया तथा स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योगाभ्यास करने का भी आग्रह किया। इस कार्यक्रम में डॉ. विक्रमजीत सिंह, डॉ. गुलाब चौधरी, अक्षय घिंटाला, सहायक कर्मचारियों और कृषको ने भाग लिया।

## लोकसभा चुनाव अभ्यर्थियों की लेखा समाधान बैठक 28 व 30 जून को

हनुमानगढ़। लोकसभा आम चुनाव-2024 में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखों के प्रस्तुतीकरण एवं मिलान के संबंध में लेखा समाधान बैठक 28 व 30 जून को श्रीगंगानगर के जिला परिषद सभागार में होगी। निर्वाचन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीगंगानगर की अध्यक्षता में की जाएगी। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ की अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी नीतू अरोड़ा ने बताया कि 28 जून को सुबह 11 बजे बैठक होगी। इसमें अभ्यर्थी, अभ्यर्थी अभिकर्ता, सहायक व्यय पर्यवेक्षक (मुख्यालय गंगानगर) एवं लेखा दल के सदस्य (गंगानगर) शामिल होंगे। इसमें निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुतीकरण के संबंध में फैसिलिटेशन प्रशिक्षण होगा। अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी ने बताया कि 30 जून को को व्यय पर्यवेक्षक, अभ्यर्थी, अभ्यर्थी अभिकर्ता, सहायक व्यय पर्यवेक्षक (मुख्यालय गंगानगर) एवं लेखा दल के सदस्य (गंगानगर) शामिल होंगे। इसमें निर्वाचन व्यय लेखों का मिलान किया जाएगा।

## लॉयन्स क्लब सैंटर ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



लायंस क्लब सेंटर द्वारा अध्यक्ष दीपक वाट्स के नेतृत्व में आज आदर्श नगर पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। क्लब सचिव मनोज मिड्ढा के अनुसार शिविर में योगाचार्य साक्षी नागरू ने प्रशिक्षण देते हुए योग से निरोग रहने के उपाएं बताए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व निरोग रहना है तो नियमित योग व्याम बहुत जरूरी है। इस अवसर पर पूर्व जोन चेयरमैन आशीष अरोड़ा व केवल सचदेवा, प्रोजेक्ट चेयरमैन कमल चराया पार्षद, पार्क समिति के अध्यक्ष केएल खुराना, वरिष्ठ लॉयन श्याम गौस्वामी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दीपक वाट्स ने योग को उत्तम स्वास्थ्य की कुंजी बताया। केवल सचदेवा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर वरिष्ट योगाचार्य साक्षी नागरू को स्वास्थ्य के क्षेत्र में निश्शुल्क योग प्रशिक्षण से लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए व आदर्श नगर पार्क समिति के अध्यक्ष के एल खुराना को पार्क की सार संभाल के लिए लायंस क्लब सैंटर द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। योग शिविर में ओपी जुनेजा, राजेश भाटिया, मुकेश गावड़ी, सतपाल कुक्कड़, जगदीश खुराना, घनश्याम खत्री, रमेश नागरू, राजकुमार नागरू सहित पार्क समिति के सदस्यों ने योग कर स्वास्थ्य लाभ लिया।

# नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के जोनल अध्यक्ष बनने पर भव्य स्वागत

तेज. रिपोर्टर | बीकानेर



नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के जोनल अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार जोधपुर से बीकानेर आगमन पर कॉम मनोज पड़िहार का एव जोनल महामंत्री कॉम मुकेश माथुर, कॉम अरुण गुप्ता का अलख सागर यूनियन कार्यालय मे कॉम प्रमोद यादव के नेतृत्व में यूनियन पदाधिकारी द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया कॉम मुकेश माथुर महामंत्री ने मंडल रेल प्रबंधक की समस्त विभागों मे जाकर व्यक्तिगत रूप से सभी कर्मचारियों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को जाना एवं यूनियन पदाधिकारी की मीटिंग ली। कॉम मुकेश माथुर ने मीटिंग में बताए कि ऑल इंडिया रेलवे मैन्स फेडरेशन एव नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन ने हमेशा कर्मचारियों की हर समस्याओं को उठा कर उनका हल करवाया है । पूरे देश के सभी जोन में एक हमारा ही जोन है जहाँ हमने सबसे ज्यादा जीडीसी करवाई है । रेल सेफ्टी के हर पद पर रिक्तियों को भरने के लिए रेल प्रशासन पर समय समय पर मांग उठा कर उसे पूरा करवाएं है कर्मचारियों की ओल्ड पैंशन बहाली के लिए यूनियन द्वारा समय समय पर प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कर रही है पिछले वर्ष तो प्रत्येक माह की 21 तारीख को सभी मंडलों ,जोन, कार्यशाला मे इनका विरोध हुआ है। देश में पुनः केंद्र सरकार का गठन हुआ है हम सरकार से फिर वो ही मांग रहते है सरकार रेल कर्मचारियों की इस जवालशील मांग को पूरा कर कर्मचारियों को ओल्ड पैंशन की सौगात दे। कॉम मनोज पड़िहार जोनल अध्यक्ष ने अपने उद्धबोधन मे कहाँ कि आप सभी के सहयोग से मुझे ये पद मिला है कर्मचारियों की हर मांगो को लेकर हम सभी संगठित होकर लड़ाई लड़ेंगे। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के जयपुर ,अजमेर, जोधपुर ,ओर बीकानेर मंडल सभी कर्मचारियों के सहयोग से देश का सर्वश्रेष्ठ जोन बनेगा। एन पी एस के खिलाफ हम पहले भी निरंतर लड़ाई लड़ रहे है और अगर भी ये चालू रहेगी समय रहते नव निर्मित केंद्र सरकार ने ओल्ड पैंशन लागू पर विचार नही किया तो ये लड़ाई आगे भी पूरे देश मे एक नई ऊर्जा से चालू रहेगी। मंच का संचालन गणेश वासिष्ठ ने किया। इस मीटिंग मे कॉम ब्रजेश ओझा, कॉम विजय श्रीमाली, नरेंद्र भारद्वाज, गणेश वसिष्ठ, दिनेश सिंह मुस्ताक अली, जितेंद्र चौधरी, मोहम्मद सलीम कुरैशी, राजेन्द्र खत्री,शत्रुघन पारीक, सोनू कुमार, संजय कुमार,अमित पंवार, विजय कुमार मीणा, संजीव मलिक, शिवानंद,आशु सोलंकी, मनोज रावत दीनदयाल, पवन, जितेंद्र विश्वकर्मा राजकुमार, फारूक, गुलाम हुसैन, प्रदीप, राजेश, रामेश्वरलाल,लक्ष्मण, भगीरथ मूड, मोहम्मद अल्ताफ, अब्दुल सत्तार, आदि साथ मौजूद रहे।

# सम्मान समारोह का आयोजनः प्रयास समिति द्वारा नगरपालिका सभागार में

तेज. रिपोर्टर | संगरिया



स्थानीय प्रयास समिति वार्ड 18 द्वारा गुरुवार रात्रि को नगरपालिका सभागार में डॉ.चांद सिडाना के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वयोवृद्ध केसरी सिंह वर्मा, नेमीचंद गोयल, पूनम चंद मुंडावाले, मोतीलाल कंदोई, डॉ.रमेश जैन, डॉ.ओम प्रकाश अग्रवाल, महावीर प्रसाद वर्मा द्वारा साफा पहनाकर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडवोकेट नवीन सेठी, सुभाष चौरडिया, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पूर्व पार्षद रेनू जैन, डॉ.कांता हिसारिया, विजय खदरिया व कपिल करवा ने सिडाना परिवार द्वारा पिछले सात दशक से दी जारी चिकित्सा सेवा, श्रीराम शरणम परिवार के माध्यम से धार्मिक सेवा, प्रयास समिति के माध्यम से 1999 से शुरू हुई घर घर कचरा संग्रहण व्यवस्था, रोटरी क्लब व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के माध्यम से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि इस आयु में निरंतर कुछ नया करने व समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका रखने वाले सिडाना पूरे शहर के लिए आदर्श है। कार्यक्रम में नीलम सिडाना द्वारा इनर व्हील क्लब के माध्यम से दी जारी सेवाओं पर विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन डॉ.संजय जिंदल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ.चांद सिडाना व नीलम सिडाना द्वारा क्षेत्र का आभार जताया। इस अवसर पर पार्षद सूर्यप्रकाश वर्मा, सुमन कंदोई व नत्थू सिंह गहलोत, मनोज गर्ग, आनंद गोयल, पुरुषोत्तम गोयल, चिरंजी लाल सिंगला, महावीर प्रसाद करवा, आनंद गोस्वामी, त्रिलोकचंद गेरा, नरेश गोयल, नवनीत अग्रवाल, संतराम सिंगला, पूर्व पार्षद दुर्गादत्त गोयल, प्रकाश गोयल, कृष्ण भगवान गोयल, डॉ.गौरव जैन, पंकज जिंदल, बालकिशन मित्तल, विजय गर्ग, सुभाष जिंदल, टेकचंद जैन, बाबू लाल जिंदल, शिव गोयल, पवन रिणवां, पवन सेन, राज किंगरा, निखिल जिंदल, जगदीश वर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# सुसाइड नोट लिखकर महिला ने की आत्महत्या

» तथाकथित प्रेमी पर मरने के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज

» मकान बिक जाए लेकिन उसे छोड़ना नहीं

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले के गोगामेडी थाना क्षेत्र में एक महिला ने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। उसने घर के एक कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। उसके सुसाइड नोट के आधार पर एक युवक पर उसे करने के लिए मजबूर कर देने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार आरोपी युवक मृतक महिला का तथाकथित प्रेमी है। महिला शादीशुदा है जबकि यह युवक अविवाहित है। गोगामेडी थाना में रिपोर्ट देते विनोद नायक (40) निवासी मुंसरी ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी सुमन (38) ने रवि शर्मा (पुत्र गंगाधर शर्मा)निवासी मुंसरी से परेशान होकर खुदकुशी की है।पुलिस ने सुमन की लाश का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया। समूचे घटनाक्रम की जांच भादरा के डीएसपी सुभाष गोदारा द्वारा की जा रही है। पुलिस के मुताबिक सुमन ने परसों बुधवार दोपहर बाद घर के एक कमरे में फांसी लगा ली। तब घर में उसके दोनों बेटे थे। दिहाड़ी मजदूरी करने वाला विनोद तब किसी काम से हरियाणा के समीपवर्ती भारती सिरसा शहर गया हुआ था। उसे बेटे मुकेश ने फोन करके बताया कि मां ने घर के कमरे में गार्डर से रस्सी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। विनोद ने पुलिस को बताया कि वह जब शाम करीब 5.30 बजे घर पहुंचा तो काफी भीड़ लगी हुई थी। सुमन की लाश को चारपाई पर लिटा रखा था। बेटे मुकेश ने बताया कि सुमन के अधोवस्त्र में उसके द्वारा लिखी हुई एक पर्ची मिली है। विनोद के मुताबिक वह अनपढ़ है। उसने अपने बेटे को पर्ची पर लिखा हुआ पढ़कर बताने के लिए कहा। पुलिस के मुताबिक पर्ची पर लिखा हुआ था-मेरे प्यारे पति विनोद! मैं आपके दुख से नहीं जान नहीं दी है। ना ही मेरे बेटों के दुख से। ना ही मेरे परिवार के दुख से। मेरी मौत का कारण है रवि शर्मा। आप तीनों बाप बेटे हो, इनको छोड़ना नहीं। चाहे घर बिक जाए। पर्ची पर सुमन के मोबाइल फोन नंबर भी लिखे हुए हैं। पुलिस को विनोद ने बताया कि पर्ची पर जिस रवि शर्मा का नाम लिखा है, वह उसकी जानकार है। रवि हमेशा ही उनके घर आता जाता रहता था। उसके द्वारा परेशान करने पर उसकी पत्नी ने खुदकुशी की है। पुलिस के मुताबिक सुमन ने बुधवार दोपहर बाद खुदकुशी की थी, लेकिन परिवार वालों ने तत्काल इसकी सूचना थाने में नहीं दी। अगले दिन कल गुरुवार लगभग दोपहर को इस घटना के बारे में पुलिस को बताया गया। तब पुलिस ने मौके पर जाकर कार्यवाही की और लाश को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भिजवाया। तीन डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। बाद में लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी।पुलिस के अनुसार सुमन की शादी लगभग 20 वर्ष पहले हुई थी। उसके दो बेटे हैं। प्रारंभिक जांच पड़ताल के आधार पर पुलिस ने बताया कि विनोद नायक गांव मुंसरी में ही रवि शर्मा के खेत में मजदूरी करता है। करीब 35 वर्षीय रवि शर्मा अविवाहित है। रवि शर्मा और मृतका सुमन में प्रेम संबंध होने की बात भी सामने आई है।कुछ दिन पहले विनोद को इन संबंधों का पता चल गया और उसने रवि को अपने घर आने जाने से रोक दिया था। पुलिस ने बताया कि सारे घटनाक्रम की गहनता से जांच की जा रही है।

# पौधारोपण अभियान को लेकर पंचायत समिति में बैठक आयोजित

तेज | रिपोर्टर. नोहर



पंचायत समिति नोहर द्वारा मनरेगा के तहत आगामी दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तृत स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। उक्त अभियान को लेकर शुक्रवार को पंचायत समिति प्रधान सोहन ढ़िल ने यहां पंचायत समिति परिसर में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य उपस्थित थे। पंचायत समिति प्रधान सोहन ढ़िल ने बताया कि नोहर क्षेत्र की सभी 47 ग्राम पंचायतों में पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। प्रधान सोहन ढ़िल ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रजातियों के करीब 80 हजार पौधे लगाये जायेगें। बैठक में पौधारोपण अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा कर रणनीति तय कि गई। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव लिये गये। प्रधान सोहन ढ़िल ने बताया कि पौधारोपण अभियान धरातल पर होना चाहिये। उन्होंने कहा कि इस अभियान में केवल कागजी कार्यवाही सहन नही होगी। पौधारोपण के बाद पौधो की सार-संभाल अपने बच्चों की तरह करे। धरातल पर पौधारोपण अभियान नजर आना चाहिये। प्रधान सोहन ढ़िल ने वृक्षो के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण को संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये पेड़ लगाना जरूरी है। उन्होंने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से भी इस अभियान में बढ़चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील करते हुये युवाओं से भी पौधारोपण के लिये आगे आने की बात कही। विदित्त रहे कि पंचायत समिति प्रधान सोहन ढ़िल द्वारा समय-समय पर पंचायत समिति परिसर के अलावा अनेक जगहों पर पौधारोपण किया जाता रहा है।

# जन सेवा हॉस्पिटल में स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट की सेवाओं में विस्तार

तेज | रिपोर्टर. श्रीगंगानगर



हनुमानगढ़ रोड पर टांटिया यूनिवर्सिटी कैम्पस में स्थित डॉ. एस.एस. टांटिया मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (जन सेवा हॉस्पिटल) के कान, नाक एवं गला विभाग में स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट डॉ. कुमारी निशु ने कार्यभार संभाल लिया है। इसी के साथ इस विभाग की सेवाओं में विस्तार हो गया है।

हॉस्पिटल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रो. बलजीत सिंह कुलड़िया के अनुसार डॉ. निशु के आने से उन लोगों को उपचार की सुविधा मिल सकेगी, जिन्हें बोलने में परेशानी है, हकलाते हैं अथवा वे बच्चे जो स्पष्ट नहीं बोल पाते हैं। कान, नाक व गला विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेश के. मोहता ने बताया कि जिन बच्चों या बड़ों को खाने अथवा निगलने (डिसफेजिया) में परेशानी होती है, उसका भी उपचार नवीन तकनीक से हो सकता है। विशेष रूप से लकवा रोगियों को खाना खाते समय सांस के रास्ते भोजन चला जाता है, उनका उपचार व्यायाम से करवाया जाता है। जो बच्चे सुन नहीं पाते और वे कोक्लीयर इम्पलांट करवाते हैं तो उसके बाद बोलने के लिए एवीटी थैरेपी यहीं दी जाती है। डॉ. निशु ने भारत सरकार की ओर से संचालित गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज असम एवं फिर हरियाणा की अमेटी यूनिवर्सिटी से शिक्षा प्राप्त की है। इन्होंने कुछ समय हरियाणा के एक मेडिकल कॉलेज में सेवाएं भी दी हैं। अब इस क्षेत्र में आपकी सेवाओं का लाभ आमजन को मिल सकेगा।

# बैंक में धमाके के साथ फटा एसी का कंप्रेशर

### मैकेनिक हुआ गंभीर घायल, गैस भरने के दौरान हुआ हादसा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ के टाऊन में धान मंडी स्थित एक बैंक के बाहर लगा एसी का कंप्रेशर धमाके के साथ फट गया। कंप्रेशर फटने से कार्य कर रहा मैकेनिक गंभीर घायल हो गया। घायल मैकेनिक को पहले जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। टाऊन धान मंडी स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में एसी की सर्विस के लिए मैकेनिक गुरजंट सिंह को बुलाया गया था। दोपहर को गुरजंट सिंह (28) पुत्र बूटा सिंह निवासी मक्कासर ने एसी की सफाई कर बैंक की दीवार लगे कंप्रेशर को साफ किया और गैस कम होने पर गैस भरने लगा। इस दौरान अचानक एक धमाके के साथ कंप्रेशर फट गया। जिससे गुरजंट सिंह के आंखों और मुंह पर लगी और गुरजंट सिंह सीधे नीचे आ गिरा। धमाके की आवाज पर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और बैंक के कर्मचारी भी बाहर आए और तुरंत गुरजंट सिंह को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# एकता मंच ने किया आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

स्वयंसेवी संस्था एकता मंच की ओर से जंक्शन स्थित श्री कल्याण भूमि और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में शुक्रवार को आर्थिक एवं सामग्री का सहयोग किया गया। एकता मंच सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पहुंचा और वहां श्री कल्याण भूमि और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को संचालित करने वाली संस्था श्री नीलकंठ महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष अश्वनी नारंग एवं सदस्यों को सहयोग सामग्री भेंट की। सहयोग सामग्री के तहत अंतिम संस्कार और अंतिम क्रियाओं में उपयोग होने वाले बर्तन आदि भेंट किए गए। इस अलावा श्री कल्याण भूमि और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों में सहयोग के लिए नकद राशि का सहयोग दिया गया। अंतिम संस्कार और अंतिम क्रियाओं में उपयोग होने बर्तन आदि में एकता मंच के वरिष्ठ सदस्य अरुण खुराना एवं एकता मंच ने सहयोग दिया। नकद राशि में एकता मंच के वरिष्ठ सदस्य मनीष सिंगला और एकता मंच सदस्यों का सहयोग रहा। मनीष सिंगला ने यह राशि अपने पिता चेतराम सिंगला की स्मृति में भेंट की। सहयोग सामग्री प्रदान करने के मौके पर एकता मंच अध्यक्ष विनोद दुग्गड़, उपाध्यक्ष राजेश मिड्ढा, हेमन्त गोयल, कोषाध्यक्ष आशीष गोयल, सदस्य गुरदीप सिंह, भरत सिंह, पारस गर्ग, मनोज प्रजापत, संजीव गोयल, मनीष अरोड़ा, चिमन लाल ठठई, राजेन्द्र ग्रोवर, गुरु गोबिंद सिंह चैरीटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा, श्री नीलकंठ महादेव सेवा समिति सचिव महावीर शर्मा, सुरेन्द्र गाडी, राजकुमार नागपाल, दीपक नारंग, चिमनलाल गर्ग, सुरेश गर्ग, रतीराम शाक्य आदि मौजूद रहे।

# खालसा महाविद्यालय की छात्रा ने प्राप्त किया गोल्ड मेडल



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जक्शन स्थित एसजीएन खालसा पीजी महाविद्यालय में विश्वविद्यालय की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्रा विपुल अग्रवाल ने एम.एससी. गणित में विश्वविद्यालय की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में माननीय राज्यपाल कलराज जी मिश्र से गोल्ड मेडल प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इसके साथ महाविद्यालय के बी.ए. द्वितीय वर्ष एंव तृतीय वर्ष के टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानीत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपप्राचार्य डॉ बलदेव कुमार ने बताया की यह अव्वल परीक्षा परिणाम महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। महाविद्यालय प्रबंध समिति मलकीत सिंह मान व अंग्रेज सिंह भुल्लर द्वारा सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ठ परिणाम के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महाविद्यालय के व्याख्याता नवाब अली, सुखराज सिंह, अनील, कुलवन्त कौर, गुरप्रीत सिंह, सोनीका, डिम्पल, कन्हैया यादव, रविन्द्र कुमार, प्रिया भाटी आदि के द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# किरोड़ीलाल नहीं देंगे मंत्री पद से इस्तीफा!

### संशय खत्म: सीएम की मीटिंग में मंत्री ने की शिरकत

**जयपुर.** सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से प्री-बजट मीटिंग में शुक्रवार को किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो रही है। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा भी जुड़े हैं। ऐसे में मंत्री मीणा के इस्तीफे को लेकर चल रहा संशय आज खत्म हो गया। किरोड़ीलाल मीणा लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद पहली बार किसी सरकारी बैठक में मंत्री के तौर पर आधिकारिक रूप से शामिल हुए हैं। दरअसल, शुक्रवार को सीएम की अध्यक्षता में प्री-बजट बैठक हो रही है। इस बैठक में सीएम किसान, पशुपालक और डेयरी प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे हैं। बैठक में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, जलसंसाधन मंत्री सुरेश रावत, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक मौजूद हैं, कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा सवाईमाधोपुर से वीसी से जुड़े हैं। चार दिन पहले एक बयान में मंत्री किरोड़ी ने साफ कर दिया था कि वे अपना काम करते रहेंगे। इसके बाद से उनके इस्तीफे को लेकर चल रहे संशय पर विराम लग गया था। गौरतलब है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में मंत्री किरोड़ी को पीएम नरेंद्र मोदी ने 7 लोकसभा सीटों की जिम्मेदारी सौंपी थी। मंत्री ने कहा था इन सात में से एक भी सीट हारे तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। दौसा, करौली-धौलपुर, टोंक-सवाई माधोपुर और भरतपुर सीट पर पार्टी को हार मिली। इसके बाद से किरोड़ीलाल मीणा ने अपने कामकाज से दूरी बना ली थी।

# लिव इन में रहती मिली ससुराल से लापता नवविवाहिता

» पुलिस के खिलाफ हिन्दू संगठनों ने किया था प्रदर्शन

तेज | रिपोर्टर. गोलूवाला

गोलूवाला पुलिस थाना क्षेत्र की कैंचिया पुलिस चौकी के अधीन एक गांव से दस दिन पूर्व लापता नवविवाहिता को पुलिस ने बरामद कर लिया। हिन्दू संगठनों ने इस मामले को लव जिहाद बताते हुए कैंचिया पुलिस चौकी के समक्ष प्रदर्शन किया था और शुक्रवार को चक्काजाम का ऐलान किया था, लेकिन विवाहिता के बरामद होने पर चक्काजाम का ऐलान वापिस ले लिया गया। कैंचिया पुलिस चौकी प्रभारी सतीश चौहान ने बताया कि गांव खोथांवाली निवासी राकेश नाथ की पत्नी 19 वर्षीय मोनिका विगत दस जून को लापता हो गई थी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। इसकी जांच उन्हें सौंपी गई। इसी बीच गत दिवस बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद ने कैंचिया पुलिस चौकी पर प्रदर्शन करके इस प्रकरण को लव जिहाद बताते हुए विवाहिता को बरामद करने की मांग की। शुक्रवार को चक्काजाम का भी ऐलान किया गया था। जानकारी के अनुसार इस मामले में पुलिस कप्तान विकास सांगवान ने सीओ राहुल यादव के निर्देशन में विवाहिता को बरामद करने के लिए एएसआई सतीश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया।

इस टीम में सिपाही सीताराम, विक्रमजीत सिंह, साइबर सैल के कर्मजीत सिंह को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने पंजाब के मानसा जिले सरदूलगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र से विवाहिता मोनिका व सहदेव मरासी निवासी करंडी पंजाब को बरामद कर लिया। पूछताछ में मोनिका ने बताया कि परिजनों ने उसकी शादी मेरी मर्जी के खिलाफ कर दी थी। वह पिछले दो वर्ष से सहदेव के सपर्क में थी। ससुराल से निकलने के बाद वह सहदेव के साथ लिव एंड रिलेशनशिप में रहने लगी। वह सहदेव के साथ ही जाना चाहती है। एएसआई सतीश चौहान ने बताया कि मोनिका व सहदेव ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दोनों ने हाइकोर्ट में याचिका दायर करके बताया कि वह दोनों लिव एंड रिलेशनशिप में रहते हैं। दोनों को परिजनों से खतरा है। इस पर हाइकोर्ट ने दोनों की सुरक्षा के निर्देश दिए थे। एएसआई ने बताया कि मोनिका के बयान दर्ज करने के बाद उसे स्वतंत्र छोड़ दिया गया। मोनिका की शादी करीब एक वर्ष दो माह पूर्व हुई थी।

# ननद और सास के गहने-रुपए लेकर विवाहिता गैर मर्द संग गायब, चोरी का मामला दर्ज

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में गोलूवाला थाना क्षेत्र के गांव खोथांवाली में एक युवती अपनी ननद और सास के सोने- चांदी के गहने तथा नगद रुपए लेकर एक युवक के साथ गायब हो गई।ससुर द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पुत्रवधू और एक युवक के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार खोथांवाली के वार्ड नंबर 5 के निवासी राजेंद्रनाथ (45) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर उसकी पुत्रवधू मोनिका (पत्नी राकेश)तथा सहदेव खान निवासी करंडी मानसा (पंजाब)के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। राजेंद्र नाथ ने बताया कि उसकी पुत्री कविता प्रसव के लिए कुछ दिन पहले पीहर आई थी। कविता को उन्होंने तथा ससुराल वालों ने उपहार दिए थे, जिसमें गहन भी थे। विगत 10 जून सुबह लगभग 9 बजे पुत्रवधू मोनिका श्रीगंगानगर में गोदारा गर्ल्स कॉलेज में जाने का का कर घर से गई थी जो शाम 4 बजे तक वापस नहीं आई। उसके बेटे राकेश ने अपनी पत्नी मोनिका के मोबाइल नंबर पर कॉल की तो वह स्विच ऑफ था। उन्होंने मोनिका की काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस संबंध में उन्होंने पहले कैंचियां पुलिस चौकी में सूचना दी और फिर गोलूवाला थाना में मोनिका की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई। राजेंद्रनाथ के मुताबिक उन्हें बाद में जानकारी हुई कि मोनिका को सहदेव खान (पुत्र पप्पू राम) निवासी करंडी मानसा अपने साथ ले गया है। उन्होंने जब अपने घर में गहने संभाले तो नहीं मिले। उसके घर से सोने के टॉप्स,चांदी की पाजेब, सोने की अंगूठी, सोने का मंगलसूत्र, चांदी का कड़ा, चांदी के सिक्के और अलमारी में रखें 15 हजार रुपए चोरी हुए हैं। राजेंद्र नाथ के मुताबिक इन गहनों में उसकी पत्नी शारदा के भी गहन भी हैं। उसने आरोप लगाया है कि यह चोरी करने में सहदेव खान ने मोनिका का सहयोग किया है।पुलिस ने बताया की धारा 380 में मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई सतीश कुमार के सुपुर्द की गई है।

# रेलवे पुल के नीचे बेहोश मिले अज्ञात व्यक्ति की मौत

**संगरिया।** शहर में उधमसिंह चौक के समय पर रेलवे पुल के नीचे चार रोज पूर्व बेहोशी की हालत में मिले एक अज्ञात व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि 17 जून की रात लगभग 9 बजे यह व्यक्ति रेलवे पुल के नीचे बेहोश पड़े मिला था। लोगों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जिसकी कुछ देर बाद ही मृत्यु हो गई। इस संबंध में वार्ड नंबर 24 निवासी राजेंद्र प्रसाद जाट द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई। पुलिस तीन दिन तक मृतक की पहचान का प्रयास करती रही,लेकिन सफलता नहीं मिली। कल गुरुवार को लाश का पोस्टमार्टम करवाने के बाद लावारिस के रूप में नगर पालिका के सहयोग से अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# सहारणों की ढाणी में तालाब की खुदाई शुरू



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** नोहर क्षेत्र में सहारणों की ढाणी में ग्रामीणों ने प्राचीन जोहड़ की खुदाई का कार्य शुरू किया है। खुदाई पूर्ण होने के बाद तालाब की जल भराव क्षमता बढ़ जाएगी और इसमें वर्षा जल संचित कर उपयोग किया जा सकेगा। गांव के किसान कृष्ण कुमार सहारण ने बताया कि आज से लगभग 30-35 साल पहले अकाल राहत कार्य के तहत तालाब की खुदाई की गई थी। उसके बाद तालाब की खुदाई न होने से इसकी जल भराव क्षमता घट गई। परेशान ग्रामीणों ने खुदाई का निर्णय किया, जिसके तहत लोग सामूहिक रूप से तालाब की खुदाई करने में जुट गए हैं। इस काम पर खर्च होने वाली धन राशि भी ग्रामीण ही वहन कर रहे हैं। सहारण ने बताया कि खुदाई के कार्य में बड़ी तादाद में ग्रामीण श्रमदान कर रहे हैं। अनेक ट्रैक्टर व जेसीबी इस काम में लगाए गए हैं।

# कार और मोटरसाइकिल पर सवार तीन तस्करों से 73 किलो डोडा पोस्त मिला, बड़े तस्कर का हुआ खुलासा

तेज | रिपोर्टर. हनुमानगढ़

जिले में रावतसर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल और कार में सवार तीन तस्करों को हिरासत में लेते हुए कुल 73 किलो डोडा पोस्त इनके कब्जे से बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक कल देर शाम को रावतसर-नोहर मार्ग पर डेरा सतकरतार के पास कार और मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध व्यक्ति नजर आए। मोटरसाइकिल पर सवार युवक आर्यन थौरी (21) निवासी वार्ड नंबर 12 न्यौलखी ने एक थैला पीछे सीट पर रखा हुआ था। कार में सवार सुरेश बिश्नोई (24) निवासी सरनाऊ और धौलाराम देवासी (23) निवासी अरणाय जिला सांचौर के पास पांच थैलों में 55 किलो पोस्त मिला। आर्यन के पास मिले थैले में 18 किलो पोस्त बरामद हुआ। पूछताछ करने पर एक बड़े तस्कर योगेश खैरवा के बारे में खुलासा हुआ जो रावतसर का ही निवासी है। वह लगभग 2 वर्षो से जयपुर में रह रहा है। पूछताछ करने पर पता चला कि पकड़े गए यह तीनों व्यक्ति योगेश खैरवा के लिए ही पोस्त तस्करी का काम करते हैं। सुरेश व धौलाराम ने पुलिस को बताया कि वह योगेश खैरवा को लगभग 1 वर्ष से जानते हैं। वह उनको पोस्त ठिकाने पर पहुंचने के एक चक्कर के लिए 15 हजार रुपए देता है। वे दोनों 18 जून को जयपुर गए थे। जहां मानसरोवर में एक कार बाजार से यह कार 3500 रुपए प्रतिदिन किराए पर योगेश खैरवा को उन्होंने लेकर दी थी। इसके अगले दिन 19 जून की शाम योगेश खैरवा ने व्हाट्सएप कॉल कर उन दोनों को सुबह 3-4 बजे किशनगढ़ टोल नाका पर मिलने के लिए कहा। वे जयपुर से बस द्वारा किशनगढ़ गए,जहां पर योगेश खैरवा मिला। उन्हें बताया कि कार में 73 किलो डोडा पोस्त है, जिसे लेकर रावतसर जाना है। उनको आर्यन के नंबर देते हुए कहा कि वह उनको रावतसर में एस्कॉर्ट कर बताया कि माल कहां पहुंचना है। आर्यन खुद भी डोडा पोस्त बिकवा देगा। उनको वापस आने पर 15 हजार रूपए योगेश खैरवा ने देने की बात कही। सुरेश और धोलाराम के मुताबिक जब वे कल गुरुवार सुबह 7 बजे भानीपुरा पहुंचे तो आर्यन से संपर्क हुआ। वे लगभग 1 घंटे बाद न्यौलखी में आर्यन के पास पहुंच गए। दोपहर को आर्यन अपना मोटरसाइकिल लेकर उनकी कार को एस्कॉर्ट करने लगा। पुलिस से बचने के लिए आर्यन और वे लगातार इस दौरान मोबाइल फोन पर कनेक्ट रहे। आर्यन आगे चलते हुए रास्ता साफ बता रहा था। जब वह रावतसर के निकट पहुंचे तब वे कार से एक थैला उतार कर और आर्यन को दे रहे थे, तभी पुलिस ने उनको पकड़ लिया। तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।अब पुलिस योगेश खैरवा की तलाश में जुट गई है।

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442